स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
23 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 65 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं साने ताकाइची (पेज 12)








## मेहुल चोकसी को भारत लाने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के अपराध भारतीय और बेल्जियम दोनों कानूनों के तहत उसे भारत प्रत्यर्पित करने के योग्य हैं।

- बेल्जियम के कोर्ट ने कहा उसके अपराध प्रत्यर्पित करने योग्य हैं
- प्रत्यर्पण प्रक्रिया में कोई कानूनी बाधा नहीं

बेल्जियम की एक अदालत ने अपने एक विस्तृत फैसले में यह बात कही है। इसके साथ ही पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए चोकसी के भारत लौटने का रास्ता साफ हो गया है।



बेल्जियम स्थित एंटवर्प के एक कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि चोकसी के अपराध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी के साथ धारा 201, 409, 420 और 477-ए के तहत भारतीय कानून के तहत दंडनीय हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 13(2) के साथ धारा 13(1)(सी) और (डी) के तहत भी एक वर्ष से अधिक की सजा का प्रावधान है। अदालत ने आगे कहा कि चोकसी के खिलाफ आपराधिक संगठन, ठगी, गबन और जालसाजी के आरोप बेल्जियम कानून के तहत भी दंडनीय हैं। इस तरह उसके अपराध बेल्जियम आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 66, 196, 197, 213, 240, 241, 245, 246, 247 एसएसएसएस2-4, 324 ए-बी और 496 के तहत, प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक दोहरी आपराधिकता के सिद्धांत को संतुष्ट करते हैं।

## लापरवाही : राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा



**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में लापरवाही का मामला सामने आया है। दरअसल राष्ट्रपति को सबरीमाला यात्रा पर ले जा रहा वायु सेना का हेलीकॉप्टर बुधवार सुबह प्रमदम स्थित राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में नए कंक्रीट वाले हेलीपैड पर उतरते समय एक गड्ढे में फंस गया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक की यह घटना तब हुई, जब राष्ट्रपति मुर्मू के हेलीकॉप्टर की केरल के प्रमदम में लैंडिंग हुई। हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद राष्ट्रपति का काफिला सड़क मार्ग से पंबा के लिए रवाना हो गया। राष्ट्रपति के रवाना होने के बाद कई पुलिसकर्मी और अग्निशमन बल के जवान राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर के पहियों को हैलीपैड पर बने गड्ढों से निकालते दिखाई दिए।

### मुख्यमंत्री ने की गोवर्धन पूजा, दीं शुभकामनाएं, गोशाला में गायों को खिलाया गुड़ चना

## भारत की समृद्धि का आधार है गोवंश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** दीपावली के पंच दिवसीय महापर्व की श्रृंखला के महत्वपूर्ण पर्व गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर

- देश की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था का प्रतीक है गोवर्धन पूजा

एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। गोपूजन के बाद मुख्यमंत्री ने गोसेवा की और प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोवंश भारत की समृद्धि का आधार रहा है। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन की प्रक्रिया पूर्ण की।



### गोवंश के लिए प्रदेश में चल रहीं तीन विशेष योजनाएं

सीएम ने कहा कि गोवंश के लिए प्रदेश में तीन प्रकार की विशेष योजनाएं हैं। एक योजना निराश्रित गोवंश स्थल की है जिसमें हर गोवंश के लिए सरकार के स्तर पर प्रतिमाह 1500 रुपये उपलब्ध कराए जाते हैं। ऐसे ही सहभागिता योजना है। इसमें कोई भी अन्नदाता किसान गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के साथ जुड़ता है तो उसे चार निराश्रित गोवंश की देखभाल के लिए प्रति गोवंश 1500 रुपये की दर से 6000 रुपये तक।दिए जाते हैं। तीसरी योजना कुपोषित परिवारों के लिए है। जो कुपोषित माताएं हैं, बच्चे हैं, उन परिवारों में उन्हें निराश्रित गो आश्रय स्थल से ब्याई हुई गाय दी जाती है। वह सेवा करें और गाय का दूध भी लें। साथ ही उन्हें 1500 रुपये प्रति महीना गाय की देखभाल के लिए दिया जाता है।

## देशव्यापी एसआईआर पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली।** देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है। इस बैठक में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने और देशव्यापी एसआईआर पर योजना को अंतिम रूप देने पर मंथन हुआ है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य पुराने और गलत रिकॉर्ड हटाकर

- राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मिला चुनाव आयोग

मतदाता सूची को अद्यतन करना है। इसमें खासतौर पर अवैध विदेशी प्रवासियों के नामों की पहचान और उन्हें सूची से हटाने पर जोर दिया जाएगा। आयोग इस बार यह अभियान चरणबद्ध तरीके से शुरू करने पर विचार कर रहा है। चुनाव आयोग की योजना है कि एसआईआर की शुरुआत उन राज्यों से की जाए जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में असम, केरल, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल शामिल है। इनके अलावा कुछ और राज्यों को भी पहले चरण में शामिल किया जा सकता है। वहीं जिन राज्यों में फिलहाल स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं या होने वाले हैं, वहां यह अभियान बाद में शुरू होगा ताकि स्थानीय चुनावी मशीनरी पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। हर राज्य में पिछली बार हुए एससआई के रिकॉर्ड को इस बार के अभियान का आधार बनाया जाएगा।

## एयर इंडिया का विमान रास्ते से लौटा

**मुंबई।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया। इस कारण मुंबई और नेवार्क के बीच चलने वाली एआई-191 और एआई-144 (नेवार्क-मुंबई) दोनों फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं।

## भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बने नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बन गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने नीरज को यह उपाधि दी। रक्षा मंत्री और थल सेना अध्यक्ष की मौजूदगी में नीरज को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी गई। नीरज इस दौरान सेना की वर्दी में नजर आए। हरियाणा के पानीपत के पास खंडरा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय भाला फेंक एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक 2024 में उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। इस साल नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई थी, लेकिन बुधवार को समारोह के दौरान उन्हें उपाधि दी गई। नीरज इससे पहले भारतीय सेना में सूबेदार मेजर थे। नीरज से पहले भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को भी 2011 में प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद पद दिया गया था। इस साल मई में रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए नीरज के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने की जानकारी दी गई थी।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी उपाधि



## लखीमपुर : स्लीपर बस में लगी भीषण आग, 20 झुलसे

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के मैगलगंज कस्बे में मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब डग्गामार स्लीपर बस में आग लग गई। देखते

- यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान

ही देखते पूरी बस आग का गोला बन गई। बस में करीब 100 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों की तत्परता से यात्रियों की जान बचाई जा सकी।

कई यात्री खिड़कियों से कूद गए। स्लीपर बस दिल्ली से सीतापुर जा रही थी। बस मैगलगंज चौराहे पर यात्रियों को उतारने और जलपान के लिए रुकी थी। इसी दौरान बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखा। कुछ ही पलों में लपटों ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों से बाहर निकलकर जान बचाई, जबकि उनका सारा सामान जलकर राख हो गया।

घटना में करीब 20 यात्री मामूली झुलस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। बस में आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

## युगांडा में सड़क हादसा, 63 की मौत

**कंपाला।** युगांडा में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां पर गुलू शहर जाने वाले हाईवे पर दो बसें और दो दूसरी गाड़ियां टकरा गईं। इस हादसे में कम से कम 63 लोगों की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, ये हादसा तड़के हुआ। यह पूर्वी



- हाईवे पर टकराईं दो बसें और दो दूसरी गाड़ियां

अफ्रीकी देश में हाल के सालों में हुए सबसे बुरे सड़क हादसे में से एक है। इस भीषण सड़क हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है, जिनको अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि विपरीत दिशा में जा रहे दो बस चालकों ने दूसरी गाड़ियों को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान सभी आपस में किरयांडोंगो शहर के पास टकरा गए। चूंकि यगांडा और पूर्वी अफ्रीका में दूसरी जगहों पर सड़क हादसे आम माने जाते हैं।

## भारत एस-400 के लिए रु. 10 हजार करोड़ की डील करेगा

**नई दिल्ली।** भारत अपने मौजूदा एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस से 10,000 करोड़ की मिसाइलें खरीदने वाला है। इसके

- रूस से खरीदेगा और मिसाइलें
- ऑपरेशन सिंदूर में पाक के लड़ाकू विमानों को गिराया था

लिए रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना के एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया गया कि इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया। वायु सेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया है। भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम्स की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। चौथे स्क्वाड्रन की डिलीवरी रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण रुकी हुई है। नई डील इनके अलावा होगी। एजेंसी के मुताबिक, दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। भारत ने अक्टूबर 2018 में रूस के साथ 5 अरब डॉलर का समझौता किया था। उस समय अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि इस सौदे को आगे बढ़ाने पर वह काटसा कानून के तहत भारत पर पाबंदी लगा सकता है। भारत एस-500 मिसाइल सिस्टम खरीदने पर भी विचार कर रहा है। एस-400 और एस-500 दोनों ही मॉडर्न मिसाइल सिस्टम हैं। इनका इस्तेमाल एयर डिफेंस और दुश्मन के हवाई हमलों से बचने के लिए किया जाता है।



## तैयारी : छठ पूजा पर चलेंगी 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** छठ पूजा के चलते इन दिनों ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। साल भर के इस

- 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा पर भी जोर

त्योहार के चलते अपने घर से दूर रहने वाले लोग देश के कोने-कोने से अपने घर आते है, जिसके चलते रेलवे स्टेशनों पर भारी संख्या में भीड़ भी देखने को मिलता है। ऐसे में अब रेलवे बोर्ड ने छठ पूजा और त्योहारों के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बड़ी तैयारी की है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने बताया कि रेल मंत्री के निर्देश पर देशभर में 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसमें ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से 367 स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं, जिनमें से अब तक 76 ट्रेनें शुरू हो चुकी हैं और 78,000 से ज्यादा यात्री इसका लाभ उठा चुके हैं। फुंकवाल ने आगे बताया कि बताया कि सभी स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं ताकि भीड़ की वजह से कोई अनहोनी न हो। साथ ही 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के जरिए स्टेशनों की निगरानी की जा रही है।

## भारत दुनिया का नौवां सबसे बड़ा वन क्षेत्र वाला देश बना


**नई दिल्ली।** भारत ने वन क्षेत्र के मामले में वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर 9वां स्थान हासिल कर लिया है और वार्षिक वन वृद्धि में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति बरकरार रखी है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा बाली में जारी ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्स असेसमेंट

- वार्षिक वृद्धि में तीसरे स्थान पर बरकरार

2025 रिपोर्ट में दी गई है। पर्यावरण मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किए गए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और सामुदायिक वन सुरक्षा प्रयासों की सफलता बताया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे सतत वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में भारत की एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियानों और राज्यों द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है।

**दुनिया में कुल वन क्षेत्र 4.14 अरब हेक्टेयर**

बता दें कि विश्व के कुल वन क्षेत्र का आकार 4.14 अरब हेक्टेयर है, जो पृथ्वी की 32 प्रतिशत जमीन को घेरता है। इनमें से 54 प्रतिशत हिस्सा केवल पांच देशों रूस, ब्राजील, कनाडा, अमेरिका और चीन के पास है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया, कांगो और इंडोनेशिया के बाद नौवें नंबर पर है। वहीं वन क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि की बात करें तो 2015 से 2025 के बीच चीन ने प्रति वर्ष 16.9 लाख हेक्टेयर, रूस ने 9.42 लाख हेक्टेयर और भारत ने 1.91 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ाया है। इसके साथ ही अन्य देशों में तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और वियतनाम भी शामिल हैं, जिनमें उल्लेखनीय वृक्ष वृद्धि दर्ज हुई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 1990 से 2025 के बीच एशिया ही एकमात्र क्षेत्र है जहां वन क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हुई है, जिसका नेतृत्व चीन और भारत कर रहे हैं। गौरतलब है कि दुनिया में वार्षिक वन क्षय दर भी कम होकर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990) से घटकर अब 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015-2025) रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अब दुनिया के 20प्रतिशत वन क्षेत्र कानूनी रूप से संरक्षित हैं, जबकि 55त्न वन क्षेत्र लंबी अवधि की योजनाओं के तहत प्रबंधित किए जा रहे हैं।



## भारत ने नेपाल को दीं 81 स्कूल बसें

**काठमांडू।** भारत सरकार ने नेपाल के 48 जिलों में अलग-अलग स्कूलों को 81 स्कूल बसें भेंट की हैं। भारतीय दूतावास ने काठमांडू में बताया कि यह एक पहल है जो भारत और नेपाल के बीच चल रहे विकास सहयोग का हिस्सा है। दूतावास ने यह भी बताया कि पिछले तीन दशकों में, भारत नेपाल के संस्थानों को 381 स्कूल बसें दे चुका है, जो देश भर में छात्रों की आवाजाही और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन बसों को कोशी प्रांत के बाढ़ प्रभावित इलाकों जैसे इलाम, झापा और उदयपुर के अलावा हुमला, मुस्तांग, संखुवासभा, दार्चुला, बैतड़ी और अछाम जैसे दूर-दराज के जिलों को भी दिया गया है। इसका मकसद नेपाल के सातों प्रांतों में शिक्षा पहुंच को बेहतर बनाना है।

## लोकपाल के बीएमडब्ल्यू कार खरीदने पर सियासत तेज

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था लोकपाल इन दिनों विवादों में चल रहे है। कारण है कि सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद का टेंडर। इसकी कुल कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा

- विपक्ष बोला- ईमानदारी के रखवाले अब बन गए 'शौकपाल'

रही है। ऐसे में अब इस मामले में सियासत तेज हो गई है। विपक्षी दलों के नेताओं ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब लोकपाल नहीं, शौकपाल हो गया है। यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब लोकपाल ने 16 अक्तूबर को एक टेंडर जारी किया, जिसमें कहा गया कि उसे बीएमडब्ल्यू तीन सीरीज 330एलआई एम स्पोर्ट (लांग व्हीलबेस, सफेद रंग) की 7 गाड़ियां चाहिए। हर गाड़ी की कीमत लगभग 69.5 लाख रुपये बताई गई है। ये गाड़ियां लोकपाल के चेयरमैन जस्टिस ए ए म खानविलकर (सेवानिवृत्त) और छह अन्य सदस्यों के लिए खरीदी जा रही हैं। लोकपाल के इस टेंडर के बाद विपक्षी दल ने लोकपाल पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि जिन लोगों ने मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार किया, अब वही लोकपाल की असलियत देख लें। पी चिदंबरम ने सवाल किया कि जब सुप्रीम कोर्ट के जजों को मामूली कारें मिलती हैं, तो लोकपाल को बीएमडब्ल्यू क्यों चाहिए? अभिषेक मनु सिंघवी ने तंज कसते हुए कहा कि 8703 शिकायतें, सिर्फ 24 जांचें, 6 अभियोजन स्वीकृति और अब बीएमडब्ल्यू... ये संस्था पैंथर नहीं, पूडल बन गई है। वहीं टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कहा कि लोकपाल का सालाना बजट 44.32 करोड़ रुपये है और ये गाड़ियां उसी का 10 प्रतिशत हैं। इसके साथ ही शिवसेना (यूबीची) की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी सवाल उठाया कि देशी की बात करने वाली सरकार अब विदेशी कारें खरीद रही है?







# दीपावली : रोशनी और आतिशबाजी से जगमगाया शहर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सुख, समृद्धि और दीपों का पर्व दीपावली सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। धन की देवी मा लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए घरों, प्रतिष्ठानों में उनका विधिवत पूजन हुआ। सूरज ढलते ही चारों ओर आकर्षक झालर टिमटिमाने लगीं। सड़क और घरों के ऊपर जल रहे दीपक और मोमबत्ती की आकर्षक छटा देखकर धरती पर स्वर्ग की अनुभूति हो रही थी। बच्चे और युवाओं ने दीपावली पर जमकर आतिशबाजी चलाई। इस बार दीपोत्सव की खुशियों का अतिरेक लोगों के चेहरे पर देखते ही बन रहा था। दिन भर वे उत्साह से पर्व मनाने के लिए आतिशबाजी, खील, खिलौने, मिष्ठान, पूजा के कलेंडर आदि सामान की बाजारों से खरीददारी करते नजर आये। जिससे बाजारों में गहमा-गहमी बनी रही। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह के अतिरेक की कोई सीमा नहीं थी। राजधानी के गली मुहल्लों में दिनभर आतिशबाजी के धूम धड़ाके करते नजर आये। शाम होते ही बच्चे, बूढ़े और जवान ही नहीं महिलाएं भी





सजधज कर आकर्षक परिधानों में तैयार हुई और विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश और धन सम्पदा की देवी माता लक्ष्मी को मनाने में जुट गये। घरों एवं प्रतिष्ठानों से आरती उतारने की स्वर लहरियां सुनाई देने लगीं। सभी माता लक्ष्मी को अपने घर, प्रतिष्ठानों में बुलाने को आतुर दिखायी दिये। उनके द्वारा मिष्ठान का भोग लगाकर माता लक्ष्मी को मनाया गया। उसके बाद आतिशबाजी चलाकर खुशियां मनाने का दौर शुरू हो गया। लोगों ने देर रात तक जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। युवाओं की पसंद तेज आवाज वाले धमाके रहे। महिलाएं और युवतियां रोशनी अनार चलाकर खुशी मनाते नजर आये। बच्चों ने फुलझड़ी चलाकर दीपावली के उत्साह का आनन्द लिया। देर रात तक धूम-धड़ाके की आवाज वातावरण को गुंजायमान करती रही। आधुनिक आतिशबाजी से सतरंगी नजारे दीपावली की खुशियों में चार चांद लगा रहे थे। पर्व मनाने के लिए लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को भी आकर्षक ढंग से सजा रखा था। तरह तरह की रोशनियों से जगमगाते भवनों की भव्यता देखते ही बन रही थी। राह निकलते लोगों की नजर बरबस ही उनकी ओर उठ जाती और वे सजावट की तारीफ किये बिना न रह पाते। दीपावली पर्व पर राजधानी में करोड़ों की धनराशि आतिशबाजी पर उड़ गई। यूं तो आतिशबाजी इस बार गत वर्ष की अपेक्षा काफी महंगी थी लेकिन पर्व मनाने के लिए आतिशबाजी के शौकीनों ने जेब की कोई परवाह नहीं की। आकाश में तेज आवाज के साथ आतिशबाजी के रंगीन नजारे बिखेरने वाले चाइनीज पटाखों के अलावा अन्य रोशनी बिखेरने वाले पटाखे भी खूब चले। राजधानी में दीपावली पर्व पर करोड़ों रुपये आतिशबाजी पर स्वाह कर दिये। इस बार दीपावली में पारंपरिक दीयों के साथ ही डिजाइनर दीयों की बाजार में काफी धूम रही। सामान्य मोमबत्तियों की जगह सुगंधित मोमबत्तियों को लोगों ने चाव से खरीदा। इसके अलावा चीन निर्मित दीये, लैम्प, लाइट और रेडीमेड रंगोलिया भी बाजार में छाई रहीं। वैसे तो मिट्टी के दिए भी इतने महंगे कि लोगों को संख्या में कटौती करनी पड़ी लेकिन सक्षम लोगों ने नए डिजाइन के खूब दिए खरीदे। दीपावली के पर्व पर इंटरनेट की सुविधा उठाते हुए लोगों ने अपने मित्रों को दीपावली की बधाई देने के लिए तमाम सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों का सहारा लिया और उन्हें पटाखे जलाते समय सुरक्षा मानकों के पालन की सलाह भी दी। वहीं मोबाइल से भी बधाइंया देने का दौर सुबह से ही शुरू हो गया। लोगों के मोबाइल पर दिनभर बधाई संदेश आते रहे। यह सिलसिला रातभर चलता रहा।

# चौक में जमघट में दिखी नेताओं की पतंगबाजी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** चौक इलाके के जेबीपी लॉन में बुधवार को आयोजित जमघट कार्यक्रम में राजनीतिक रंग तब चढ़ गया, जब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा पतंगबाजी के मैदान में उतरे। दोनों नेताओं ने जमकर पतंग उड़ाई और पेंच लड़ाने का आनंद लिया।

**दिनेश शर्मा और ब्रजेश पाठक ने दिखाया हुनर**

कार्यक्रम में दिनेश शर्मा ने कुल आठ पेंच काटे, जबकि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांच पेंच काटे। उपस्थित लोगों ने नेताओं की जोड़ी को खूब सराहा। डिप्टी सीएम की पत्नी नम्रता पाठक भी पूरे समय उनके साथ मौजूद रहीं।

**राजनीति की पतंग भी ऊंची**

पतंगबाजी के बीच पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मुस्कुराते हुए कहा, बिहार में अब राजद की पेंच कटने वाली है। वहां एनडीए का ही बोलबाला होगा।उन्होंने आगे कहा कि जनता का रुख साफ है और बिहार में एकतरफा मुकाबला एनडीए के पक्ष में दिख रहा है।

राज्यसभा सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने भी तंज भरे अंदाज में कहा, मैंने यहां आठ पेंच काटे हैं, अब नौवां पेंच प्रधानमंत्री मोदी बिहार चुनाव में काटेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करती है और इस बार विपक्ष की पतंग ऊंची नहीं उड़ पाएगी।

**त्योहार और राजनीति का संगम**

जमघट कार्यक्रम में जहां लोग पतंगबाजी का आनंद ले रहे थे, वहीं नेताओं ने भी त्योहारी माहौल में राजनीति की बातें चुटकी लेते हुए जोड़ दीं। लखनऊ के इस पारंपरिक कार्यक्रम में त्योहार, मनोरंजन और राजनीति तीनों का रंग एक साथ देखने को मिला।

## खबर एक नज़र

### जनकल्याणकारी कार्यों पर चर्चा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की दीपावली अवसर पर बैठक महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला के आवास पर हुई। बैठक में महासमिति की पत्रिका, मूर्ति विसर्जन अभियान, डे-केयर सेंटर की प्रगति और महिला प्रभारियों द्वारा संचालित कपड़ा, दवा व बर्तन बैंक जैसे जनकल्याणकारी कार्यों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष प्रो. डॉ. बीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कर्नल एएन पांडे, संजय निगम, नीलम सिंह, अजय तिवारी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएमएस छात्रों को स्कॉलरशिप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के दो छात्रों अलीषा फातिमा एवं मोहम्मद लारिब को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000/- अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।

### शिक्षकों को बोनस न मिलने से नाराजगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दीपावली के मौके पर इस वर्ष भी शिक्षकों को बोनस न मिलने से नाराजगी और निराशा बढ़ गई है। प्रदेश भर के शिक्षकों को 6908 रुपये बोनस के रूप में दिए जाने थे, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधिकांश जिलों में यह राशि अब तक शिक्षकों के खातों में नहीं पहुंची। कुछ जिलों में बोनस का भुगतान कर दिया गया है, जबकि राजधानी लखनऊ समेत कई स्थानों पर अधिकारी अभी भी प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं, जिससे शिक्षकों की दीपावली फीकी पड़ गई।

### छवि धूमिल करने पर दिया जवाब

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** एसडब्ल्यूएफ संस्था के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई और इलाज की जिम्मेदारी निभाने वाले वेल्सन मेडिसिटी हॉस्पिटल के मार्केटिंग एंड वीवीआईपी सेल के डायरेक्टर व समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने अपनी छवि धूमिल करने की कोशिशों पर कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने वेल्सन मेडिसिटी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमाणों के साथ स्पष्ट किया कि वे अस्पताल से जुड़े हैं और पत्रकारिता व समाजसेवा दोनों क्षेत्रों में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से हुई मुलाकात की खबर प्रतिष्ठित अखबार में प्रकाशित हो चुकी है। अजय त्रिपाठी ने कहा सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उन्होंने गलत और भ्रामक खबरें फैलाने वाले पत्रकार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

# वर्टिकल व्यवस्था के विरोध में आयी भाजपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों की वर्टिकल व्यवस्था में किए जा रहे बदलाव तथा स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अनिवार्य रूप से थोपने को लेकर प्रदेश की जनता, उपभोक्ता व

**जनप्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी**

जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इन दोनों मुद्दों पर जनप्रतिनिधि उपभोक्ता सभी आंदोलित हैं। जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है। अब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत वाजपेई भी वर्टिकल व्यवस्था के खिलाफ पूरी तरह मैदान में कूद पड़े हैं। उनका मानना है कि यह व्यवस्था बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर देगी। वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ता परिषद की तरफ से मंगलवार को विद्युत नियामक आयोग में इसके खिलाफ लोकमत प्रस्ताव दाखिल किया जा चुका है। नियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में पहले ही पावर कारपोरेशन को कटघरे में खड़ा किया है और कहा है जो दरें आयोग ने जारी नहीं कीं उसे पावर कॉरपोरेशन कैसे लागू करने की बात कर सकता है। बिना जन-सहमति और नियम कानून की प्रक्रिया का पालन किए पावर कार्पोरेशन द्वारा कानपुर, अलीगढ़, बनारस, मेरठ जैसे जनपदों में वर्टिकल व्यवस्था लागू कर दी गई है। इस व्यवस्था ने न केवल उपभोक्ताओं को भ्रमित किया है, बल्कि सेवा की गुणवत्ता को भी प्रभावित किया है। अब लखनऊ, लेसा और नोएडा सहित अन्य क्षेत्र में भी इसी व्यवस्था को जबरन लागू करने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों सहित विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने भी इस मनमानी के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस पर गहरी आपत्ति जताते हुए विद्युत नियामक आयोग में एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल किया है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि यह वर्टिकल व्यवस्था विद्युत वितरण संहिता 2005 का उल्लंघन है। वहीं दूसरी ओर, स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अनिवार्य रूप से लागू करके 6 गुना तक कनेक्शन दरों में वृद्धि कर दी गई है, जिससे आम उपभोक्ता को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इसको लेकर भी पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है और कभी भी यह आक्रोश व्यापक रूप ले सकता है।मेरठ में मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद व मुख्य सचेतक राज्य सभा डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई ने स्वयं मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंप कर मेरठ में वर्टिकल व्यवस्था के कारण उत्पन्न जन असंतोष से अवगत कराया। बुधवार को परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वाजपेई से विस्तृत चर्चा की, जिसमें सहमति जताई कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसे विद्युत नियामक आयोग में भी उठाया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन कैसे मनमानी तरीके से उपभोक्ता और जनप्रतिनिधियों के विरोध के बावजूद भी इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में लागू कर रहा है।

### अफवाह फैला रहे हैं कुछ लोग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत 1 नवंबर 2025 से लखनऊ में लागू होने वाली वर्टिकल व्यवस्था को कुछ व्यक्ति विशेष द्वारा निजी स्वार्थ वश निजीकरण से जोड़कर प्रदर्शित किया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि वर्टिकल व्यवस्था लखनऊ जनपद में लागू होने के उपरांत विद्युत उपभोक्ताओं को गुणात्मक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी,जिससे उनकी सभी प्रकार की शिकायतों यथा विद्युत आपूर्ति विद्युत बिल संशोधन आदि का समाधान त्वरित गति से होगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करना है।

# अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दीपावली के बाद लखनऊ में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर के प्रमुख मंदिरों श्री खाटू श्याम, श्री माधव, भुइयन देवी और काली बाड़ी में भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भजन-संकीर्तन और आरती में भाग लेकर भक्ति का अनुभव किया। वरिष्ठ महामंत्री गोविंद साहू ने बताया कि इस वर्ष भी परंपरानुसार 56 प्रकार की मौसमी सब्जियों, पूड़ी, कढ़ी-चावल, हलुआ और खीर का महाभोग अर्पित किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर में सुबह 11 बजे से महोत्सव शुरू हुआ। पांच ब्लॉकों में बैठकर और खड़े होकर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रसाद वितरण में सेवा की। इस मंदिर में 28,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भोग ग्रहण किया। श्री माधव मंदिर, डालीगंज में भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। पुजारी ललता प्रसाद ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती कराई, जबकि भजन प्रस्तुत करने में माया आनंद, कंचन साहू, अनिता साहू, अनुपमा और कविता साहू ने योगदान दिया। भुइयन देवी मंदिर और काली बाड़ी मंदिर में भी अन्नकूट पूजा का आयोजन हुआ। काली बाड़ी मंदिर में मां काली को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें रसगुल्ला, लड्डू, खीर, मालपुआ, दाल-बाफला, कटहल की सब्जी और बंगाली व्यंजन शामिल थे। समारोह में शहर के प्रमुख श्रद्धालु महेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राधे मोहन अग्रवाल, राजन गर्ग सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने सभी प्रमुख मंदिरों में प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं के साथ उत्सव में भाग लिया।

# भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव मना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** गोमती नगर जैन मंदिर में जैन धर्म के 24 वें व अंतिम तीर्थकर 1008 भगवान महावीर का 2552 वा मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज ही के दिन अमावस्या की पूर्व बेला में भगवान महावीर को निर्वाण प्राप्त हुआ था। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि कुमारी वैभवी ने बहुत ही भक्ति भाव से पूजन कराया। महिलाओं द्वारा सुंदर सुंदर निर्वाण लाडू बनाकर भगवान को अर्पित किये।गोमतीनगर महिला मंडल की सदस्य अनीता जैन, दीपाली, दीपिका, अर्चना, संगीता, जूली, सपना, मोना, वैशाली, पिंकी आदि ने भाग लिया। मुख्य शांति धारा प्रकाश चंद्र एवं लोकेश राजेश जैन परिवार द्वारा की गई और मुख्य लाडू संगीता अविनाश परिवार द्वारा चढ़ाया गया। मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक जैन, संदीप, डॉ विजय, महावीर गंगवाल,विनय कपूर, जय कुमार, विशाल, निकान्त,अमित, राकेश, रचित, दीपक, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे।

**नई जाना में नया संगम**-अभिजीत श्रीवास्तव, सिमरन चौधरी और जय धीर का नया गीत नई जाना रिलीज़ हुआ, जिसमें दर्द और मोहब्बत का संगम है। आशीष भाटिया मिशिका की केमिस्ट्री और यश कदम की कोरियोग्राफी ने इस गीत को भावनाओं से भर दिया।

# 29 और 30 को लगेगी विज्ञान प्रदर्शनी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 29 और 30 अक्टूबर को जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत करेंगे, जबकि शिक्षक अपने टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) मॉडल प्रदर्शित करेंगे। राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज ने 53वीं जिला, मंडल और राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शेड्यूल जारी कर दिया है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष की बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का मुख्य विषय ÷विकसित और आत्मनिर्भर भारत के स्टेम÷ पर केंद्रित है। प्रदर्शनी में सात उप-विषय निर्धारित किए गए हैं जिनमें चिरस्थाई कृषि, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, तथा जल संरक्षण और प्रबंधन शामिल हैं। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में प्रत्येक उप-विषय से दो उत्कृष्ट मॉडलों का चयन किया जाएगा।

# प्रमोशन से पहले बीईओ के खिलाफ चल रही जांचों का ब्यौरा तलब

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) के खिलाफ चल रही जांचों का ब्योरा तलब किया है। विभाग ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों, सहायक शिक्षा निदेशकों (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों में तैनात सभी बीईओ के खिलाफ चल रही जांचों, पारित दंडादेशों, अभियोजन स्वीकृति और सतर्कता जांचों की विस्तृत जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए। यह कार्रवाई बीईओ के प्रमोशन से पहले की जा रही है, ताकि दागदार रिकॉर्ड वाले अधिकारियों को पदोन्नति की सूची से बाहर रखा जा सके। शिक्षा निदेशालय प्रयागराज से जारी पत्र में कहा गया है कि 286 खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) द्वारा भेजी गई है।

# नये साल पर रालोद पूर्वांचल में दो बड़े सम्मेलन कराएगी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश पूर्वी और मध्य क्षेत्र में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए नए वर्ष के आरंभ में ही दो बड़े सम्मलेन कराने की तैयारी में जुटी हुई है। इसके चलते रालोद का सदस्यता अभियान बड़ी जोर शोर के साथ चलाया जा रहा है। यह अभियान 31 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। इससे पहले पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश के मध्य क्षेत्र में अधिक से अधिक स्थानीय नागरिकों को पार्टी से जोड़ा जा सके, जिससे पार्टी से लोग चौधरी चरण सिंह के समय वाला दबदबा फिर से क्षेत्र में कायम हो सके।

दरअसल रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की यह मंशा है कि उनके बाबा यानी चौधरी चरण सिंह के समय वाला दबदबा रालोद का पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ -साथ पूर्वांचल और मध्य क्षेत्र में भी पार्टी का पुराना दबदबा फिर से कायम हो सके। इसकी एक वजह यह भी है कि चौधरी चरण सिंह के साथ पूर्वांचल की जनता उनके कार्यकाल में पूरी ईमानदारी के साथ जुडी रही और आज भी पूर्वांचल क्षेत्र के लोग रालोद को पसंद करते हैं। पिछ्ले कुछ महीनों पहले यहां जयंत चौधरी की हुई सभा में उनको सुनने के लिए जिस तरह से क्षेत्र का जनसैलाब उमड़ा, उसको देखकर जयंत चौधरी ने यह मन बनाया कि उनका इस क्षेत्र में फिर से दबदबा बन सकता है। इसीलिए उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को यूपी के पूर्वांचल और मध्य जोन के लोगों को पार्टी से जोड़ने का मन बनाया। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि इसीलिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी ने राज्य में सदस्यता अभियान शुरू किया, जो इसी महीने की 31 तारीख को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि जयंत चौधरी की सभा में उमड़े जनसैलाब को देखकर ही उन्होंने सदस्यता अभियान चलाकर नए साल की शुरुआत में ही यहां की जनता को रालोद से जोड़ने के लिए दो बड़े सम्मलेन कराने का फैसला किया है। इसके चलते रालोद नए वर्ष के प्रारंभ में देवरिया में गोरखपुर और बस्ती मंडल की एक बड़ी जनसभा करेगा।

# राजनीतिक इस्लाम ने सनातन आस्था पर किया कुठाराघात : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनीति में एक नई बहस छेड़ दिया। कहा कि देश में

**आरएसएस के 'दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव' कार्यक्रम में सीएम हुए शामिल**

ब्रिटिश उपनिवेश की चर्चा होती है लेकिन राजनीतिक इस्लाम की चर्चा नहीं होती है। इसने सनातन आस्था पर सबसे ज्यादा कुठाराघात किया। छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और महाराणा सांगा एवं हमारे पूर्वजों ने राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ ही लड़ाई लड़ी , जिसकी चर्चा नहीं होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संघ की सौ वर्ष की यात्रा में असंभव को भी संभव होते देखा गया है। संघ ने बंदिशें झेलीं, स्वयंसेवकों ने लाठी गोली खाई।

परिणाम भव्य श्रीराम मंदिर के रूप में सबके सामने है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर दीये जलाने के विरुद्ध बयान देकर अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर, देवी देवताओं, सनातन धर्म और दीपावली जैसे त्योहारों से भी नफरत है। उनका



बयान प्रजापति समाज का अपमान करने वाला है। उन्होंने अखिलेश पर यह भी तंज कसा कि गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। सीएम ने कहा कि जो अयोध्या आठ वर्ष पूर्व वीरान थी, अब वहां इस बार 26 लाख 17 हजार दीये जलाने का नया विश्व रिकार्ड बना है। अखिलेश, दुर्योधन की मूर्ति लगाने की बात करते हैं, हमनें कहा कि कंस की भी मूर्ति लगवा लो। लेकिन प्रदेश सरकार अयोध्या, मथुरा, वृंदावन की आभा चमकाती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं। सपा ने निर्ममता के साथ राम भक्तों पर गोलियां चलाई थीं। प्रयागराज में महाकुंभ के 66 करोड़ से अधिक लोग साक्षी बने। उन्होंने कहा कि आज भी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के रूप में राजनीतिक इस्लाम को बढ़ाने का काम हो रहा है। हलाल सर्टिफिकेशन उत्पाद के प्रदेश में बिक्री पर रोक लगाई गई है। मुख्यमंत्री ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तय किए गए पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी से आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन विकसित भारत की आधारशिला हैं। संघ के गोरक्ष प्रांत के प्रचारक रमेश ने कहा कि सनातन, भारत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कोई फर्क नहीं है, तीनों एक ही हैं। यह दुनिया का पहला संगठन है जो स्वावलंबी है। सौ वर्ष में संघ ने अनेक चुनौतियों का सामना किया लेकिन विरोधों के सागर में चट्टान की भांति खड़ा रहा।

**पंजाब के किसानों के लिए भेजा 1000 कुंतल बीज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों एक हजार कुंतल गेहूं के बीज वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और शांतिपूर्वक वातावरण में मनाया जा रहा है। इस उत्सव का वास्तविक आनंद तभी है, जब हम किसी पीड़ित को जोड़कर उसकी सहायता के लिए खड़े हों। आपदा का सामना पंजाब के किसान अकेले नहीं करेंगे। डबल इंजन की सरकार हर आपदा-पीड़ित के साथ खड़ी हैं। हम सब मिलकर किसानों को सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में इस वर्ष वहां हुई अतिवृष्टि से किसानों द्वारा सुरक्षित रखे गए बीज भंडार भी बाढ़ की चपेट में आने से नष्ट हो गए, जिससे आगामी फसलों पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसी भावना के साथ ढाई हजार बोरे यानी 1000 क्विंटल गेहूं का बीज पंजाब भेजा जा रहा है। जब पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड में बाढ़ आई थी, तब उत्तर प्रदेश सरकार ने इन राज्यों के लिए राहत सामग्री एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से धनराशि भी उपलब्ध कराई थी। ये गेहूं बीज बीबी-327 प्रजाति का है, जो रोग-प्रतिरोधी, बायो-फोर्टीफाइड और पोषणयुक्त है, ये केवल 155 दिनों में तैयार होती है और लगभग 80 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक की उपज देने में सक्षम है। बीज विकास निगम लगभग 148 करोड़ रुपये के लाभांश पर संचालित हो रहा है और केवल एक वर्ष में 37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर चुका है।

**पांच सीड पार्क जल्द**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की स्मृति में सीड पार्क की स्थापना की जाएगी। साथ ही प्रदेश में पांच अन्य सीड पार्क स्थापित करने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को समय पर उन्नत और गुणवत्तापूर्ण बीज मिले तो उनकी लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। सरकार की प्राथमिकता यह है कि किसानों को समय पर श्रेष्ठ बीज उपलब्ध हों। देश की कुल कृषि योग्य भूमि में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी केवल 11 प्रतिशत है, लेकिन राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21 प्रतिशत है।

### चिंता मत करिए, होगी कार्रवाई



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए। हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर उन्होंने अधिकारियों को भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले न बख्शे जाएं। जहां पैमाइश की जरूरत हो, वहां पैमाइश कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाए। इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए आये लोगों को भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जरूरतमंद हैं, प्रशासन इलाज का इस्टीमेट उपलब्ध कराए तो सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।





VIJAY LAXMI JEWELLERS
KURSI ROAD ALIGANJ LUCKNOW
BIS Hallmark Certified DIAMOND Jewellery



Vijay Laxmi Jewellers
पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिज़ाइनों तक – हर अवसर के लिए कुछ खास। गुणवत्ता, भरोसा और सेवा हमारी पहचान।
New Collection Of Diamond Rings, Earrings, Mangalsutra, Necklace, Lightweight, Gold Jewellery & Exclusive New Range Of Jewellery Are Available.
25% तक की छूट गोल्ड ज्वैलरी की बनवाई पर
25% तक की छूट डायमंड ज्वैलरी की MRP पर



आप सभी को भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
Kursi Road, Aliganj Bazaar, Near Dandaiya Market, Lucknow Contact:9919008000, 9415561312

# पहले से और बेहतर हुई यूपी की कानून-व्यवस्था : योगी

## मुख्यमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस पर लखनऊ पुलिस लाइन में शोक परेड की ली सलामी, कहा- शहीदों के परिवारीजनों और पुलिस के कल्याण के लिए सरकार कर रही काम

- पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री ने दी सौगात, 20 प्रतिशत महंगाई भत्ता में की बढ़ोतरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले और बेहतर हुई है।अपराधियों में कानून का भय कायम हुआ है। वे अपनी जमानत तुड़वाकर कर जेल जा रहें हैं या फिर कारोबार करने में जुट गए हैं।अब तक मुठभेड़ में 257 कुख्यात अपराधी मारे गए, 15 हजार से अधिक घायल हुए और दस हजार के करीब अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया।सरकार पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। योगी मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर लखनऊ पुलिस लाइन में शोक परेड की सलामी लेने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि जबसे उनकी सरकार आई है कानून-व्यवस्था को सुधारने के साथ-साथ पुलिस बल को मजबूत करने के लिए अनेक काम किए गए हैं।यह दिन उन बहादुर जवानों की आत्माओं को याद करने के लिए समर्पित है। जिन्होंने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जान गंवाई। 1959 में चीन के साथ सीमा पर हुए एक हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की याद में इसकी शुरुआत हुई, इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिनमें श्रद्धांजलि समारोह और शोक सभाएं शामिल होती हैं। यह दिन समाज में पुलिस बल के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने का माध्यम भी बनता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। सीएम योगी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में इस वर्ष शहीद हुए पुलिस के तीन जवानों यूपी एसटीएफ में तैनात निरीक्षक सुनील कुमार को बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से मौत हो गई थी।यह घटना 20 जनवरी 2025 को हुई थी तब निरीक्षक सुनील कुमार टीम के साथ जनपद शामली के बिडौली चैसाना चौराहे पर बदमाशों को दबोचने के लिए घेरेबंदी की थी।वहीं मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह को जौनपुर जिले के चंदवक थाना क्षेत्र में बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर वाहन चढ़ा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई थी। जबकि गाजियाबाद जिले के नहाल मसूरी थाना क्षेत्र में बेख़ौफ़ बदमाशों ने पुलिस के जवान सौरभ कुमार के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शहीद हुए तीनों पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर तीनों परिवार को सम्मानित भी किया।अपनों को खोने का दर्द कोई बांट नहीं सकता। वक्त भी शायद ही उनके जख्मों को भर सके, लेकिन मंगलवार को शहीदों के सम्मान में जब सैकड़ों शीश झुके तो इंस्पेक्टर सुनील कुमार, आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह व आरक्षी सौरभ कुमार के घरवालों का सिर फक्र से ऊंचा हो गया। आंखों से झरझर आंसू बह रहे थे पर उनकी नमी में गर्व भी था, जिसे वह जिंदगी भर सीने में समेट कर रखेंगे।

शहीद हुए सुनील कुमार की पत्नी मुनीद देवी, दुर्गेश कुमार सिंह की पत्नी अपने ढाई वर्षीय मासूम बच्चे अपूर्णा के साथ प्रियंका सिंह व सौरभ कुमार की पत्नी आयुशी परिजनों के साथ पुलिस लाइन पहुंची। शोक परेड के बाद इन सभी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात कर हर संभव सुविधा दिलाए जाने का भरोसा दिलाया। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारवालों को कड़े सुरक्षा के घेरे में ले रखा था। ताकि मीडिया कर्मी उनसे अधिक बातचीत न कर सकें।नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि कुछ साल पहले शहीद स्मृति दिवस के मौके पर पत्रकारों ने जब शहीदों के घरवालों से बातचीत की थी तो उन्होंने महकमे से होने वाली दिक्कतों को भी खुलकर बताया था। इस पर पुलिस के आलाधिकारियों ने उन्हें अपने कार्यालय बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना था। इसी कारण हर साल घरवालों के साथ पहले से महिला पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया था। जिन्होंने समारोह खत्म होते ही घरवालों को कारों बैठाकर पुलिस लाइंस से रवाना कर दिया।पुलिस लाइन में मंगलवार की सुबह अलग थी। शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में शस्त्र और शीश दोनों झुके थे। शोक धुन बजते ही शहीदों की याद में कई आंखें नम हो गईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीजीपी राजीव कृष्ण, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर स्थापित की गई शोक पुस्तिका पर पुष्पचक्र चढ़ाकर अमर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## छठ पर बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए : ऊर्जा मंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर अपने कैंप कार्यालय पर नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था एवं जनभावना से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने विशेष रूप से यह निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, कीटाणुनाशक दवा के छिड़काव, घाटों का समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख मार्गों एवं घाटों तक जाने वाले रास्तों की मरम्मत एवं गड्ढामुक्ति तत्काल पूरी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पर्व के अवसर पर स्वच्छता एवं व्यवस्था ही सबसे बड़ा सेवा कार्य है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतरें।

## शिक्षा विभाग में 'पसंद के स्थान पर संबद्धता' की प्रथा पर अब रोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी संबद्धता पर अब सख्ती शुरू हो गई है। अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी करते हुए सभी ऐसे शिक्षकों और कर्मचारियों की संबद्धता तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें शासन की अनुमति के बिना उनके मूल तैनाती स्थल से हटाकर अन्य स्थानों पर कार्यरत किया गया है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा बिना अनुमति के अनेक शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को ऐसे कार्यालयों या विद्यालयों में संबद्ध किया गया है, जहां उनकी मूल तैनाती नहीं है। इसे अनुचित बताते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से सभी संबद्धता आदेशों को रद्द करने और संबंधित सभी कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापन स्थल पर वापस भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में शासन की अनुमति के बिना किसी भी शिक्षक, अधिकारी या कर्मचारी को उनके मूल तैनाती स्थल से हटाकर किसी अन्य स्थान पर संबद्ध नहीं किया जाएगा। इसके उल्लंघन पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## दिवाली के बाद शहर की हवा हुई खराब



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दिवाली के बाद लखनऊ की हवा एक बार फिर प्रदूषण की चपेट में आ गई है। आतिशबाजी के धुएं और धीमी हवाओं के कारण बुधवार को शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 250 दर्ज किया गया, जो ऑरेंज जोन में आता है और इसे ÷खराब श्रेणी÷ में रखा जाता है। ऐसी हवा बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों के लिए खतरनाक मानी जाती है। दिवाली से ठीक पहले सोमवार को लखनऊ का एक्यूआई 144 था, यानी दो दिन में हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बाद में कुछ सुधार के साथ एक्यूआई 183 दर्ज किया गया। पिछले साल की तुलना में इस बार लखनऊ की हवा थोड़ी बेहतर रही, लेकिन फिर भी शहर पूरी तरह सुरक्षित श्रेणी में नहीं पहुंच पाया। 2024 में दिवाली के अगले दिन एक्यूआई 306 तक पहुंच गया था, जबकि 2023 में यह 219 दर्ज हुआ था। यानी इस वर्ष का स्तर दोनों के बीच रहा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, बीते पांच वर्षों में दिवाली के अगले दिन लखनऊ का एक्यूआई लगातार 'खराब' या 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज होता रहा है। वर्ष 2021 में 278, 2022 में 246, 2023 में 219, 2024 में 306 और इस वर्ष 2025 में 250 दर्ज किया गया। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी जेपी मौर्या ने बताया कि राजधानी के एक्यूआई में सिर्फ आतिशबाजी की वजह से नहीं, बल्कि वाहनों के उत्सर्जन और धीमी, स्थिर हवाओं की भूमिका भी रही। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए बुधवार को लालबाग, गोमतीनगर और अन्य क्षेत्रों में पानी का छिड़काव कराया गया है। कुल मिलाकर, दिवाली के बाद लखनऊ की हवा में प्रदूषण का स्तर भले पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा कम रहा हो, लेकिन अब भी यह सेहत के लिए खतरे की सीमा में है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में हवा की गति नहीं बढ़ी तो स्मॉग की स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में आए शिक्षकों का समायोजन जल्द

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने अब उन शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है जो पहले ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में कार्यरत थे, लेकिन अब उनके विद्यालय नगर विकास विभाग की अधिसूचना के तहत विस्तारित नगरीय सीमा में आ गए हैं। शासन ने इन ग्रामीण विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को विकल्प के आधार पर नगरीय संवर्ग में समायोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उप सचिव बेसिक शिक्षा आनंद कुमार सिंह ने निदेशक बेसिक शिक्षा को पत्र भेजते हुए कहा है कि ऐसे सभी अध्यापकों और अध्यापिकाओं से लिखित विकल्प लिया जाए जो अब विस्तारित नगर सीमा के अंतर्गत आते हैं। इन शिक्षकों को नगरीय क्षेत्र के शिक्षकों के संवर्ग में सम्मिलित किया जाएगा, हालांकि उनके समायोजन के बाद उनकी वरिष्ठता नगरीय संवर्ग में सबसे नीचे मानी जाएगी। विस्तारित नगर सीमा में आने वाले विद्यालयों के शिक्षकों के संवर्ग निर्धारण, वेतन संरचना और प्रशासनिक स्थिति से संबंधित भ्रम समाप्त हो सके।

## बस और रेलवे स्टेशनों पर उमड़ी भीड़



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने त्योहार पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपने बेड़े में मौजूद बसों से अधिक बसें अलग-अलग रूटों पर चला रखीं हैं। बावजूद इसके भीड़ अधिक होने के कारण बस और रेलवे स्टेशनों पर अपने-अपने गंतव्यों को जाने वाले यात्रियों की जबरदस्त भीड़ हो रही है। यात्रियों की सुविधाओं को लेकर आलमबाग, कैसरबाग, चारबाग, नगरीय बस स्टेशन समेत अवध डिपो में हेल्प डेस्क भी बनाई गयीं हैं और हर आधे घंटे पर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बसें मौजूद हैं। इसके बावजूद स्टेशनों पर भारी भीड़ बसों पर यात्रा करने के लिए मौजूद है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के मुताबिक यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गयीं हैं। साथ ही निगम के बेड़े में शामिल एक हजार से अधिक बसों के अतिरिक्त तीन सौ सोलह बसें और लगाई गयीं हैं, जिससे यात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा जिस रूट पर यात्रियों की संख्या अधिक होगी इन अतिरिक्त बसों को उस रूट पर दौड़ाया जाएगा। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों की जबरदस्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों को कतार लगवाकर ट्रेन में बैठने के लिए भेजा जा रहा है, जिससे धक्का- मुक्की न हो। लखनऊ के चारबाग स्टेशन से होकर जाने वाली ट्रेनों में पहले से ही त्योहारों को लेकर भारी भीड़ उमड़ी हुई है। इसकी एक प्रमुख वजह यह भी है कि कुछ यात्री जहां अपने घर वापस लौट रहे हैं, वहीं छठ पर्व को लेकर अधिकांश यात्री अपने घरों को जा रहे हैं। इसलिए भी भीड़ ट्रेनों में कम होने का नाम नहीं ले रही है।

## सही दिशा में बड़ा कदम

**शिक्षा-दीक्षा**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी संबद्धता पर रोक लगाकर एक बड़ा और साहसिक कदम उठाया है। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का यह आदेश न केवल प्रशासनिक शुचिता का उदाहरण है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था में लंबे समय से चल रहे एक ÷अघोषित भ्रष्टाचार÷ पर चोट भी है।

अब तक व्यवस्था यह थी कि जिन शिक्षकों या कर्मचारियों के पास प्रभाव या पहुंच थी, वे अपने मूल तैनाती स्थल से हटकर मनचाहे स्थानों पर संबद्ध हो जाते थे। ऐसे में जो कर्मचारी ईमानदारी से काम करते थे, वे हाशिए पर चले जाते थे और उनकी मेहनत का कोई मूल्य नहीं रह जाता था। वर्षों से ÷संबद्धता÷ एक तरह से आराम और जुगाड़ की संस्कृति बन चुकी थी, जहां बिना शासन अनुमति के ही अधिकारियों की सिफारिश पर स्थान बदल दिए जाते थे। यह स्थिति न केवल कार्यसंस्कृति को कमजोर कर रही थी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी गंभीर असर डाल रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षक नहीं मिलते थे, जबकि शहरी इलाकों या मुख्यालयों के पास कुछ शिक्षक एक साथ संबद्ध होकर जमा हो जाते थे। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती थी, और ईमानदार शिक्षकों में भी गहरी निराशा पनप रही थी। यह निर्णय उन कर्मठ और ईमानदार शिक्षकों के लिए राहत और सम्मान का संदेश है, जो बिना किसी अनुचित लाभ के अपने स्कूलों में पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। अब उनका मनोबल बढ़ेगा क्योंकि उन्हें यह विश्वास मिलेगा कि व्यवस्था में मेहनत और ईमानदारी को भी महत्व दिया जा रहा है, न कि सिर्फ पहुंच और प्रभाव को।इस कदम से यह उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और अनुशासन की संस्कृति मजबूत होगी। यदि अधिकारी इस आदेश का सख्ती से पालन कराते हैं, तो यह न केवल शिक्षण व्यवस्था को सुधार देगा, बल्कि शासन के प्रति विष्वास भी बढ़ाएगा।

\- राहुल वर्मा

## लखनऊ की रेजीडेंसी बनेगी सांस्कृतिक पर्यटन केन्द्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रेजीडेंसी परिसर में भव्य लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ किया गया है। यह आकर्षक प्रस्तुति दर्शकों के समक्ष लखनऊ की समृद्ध धरोहर, खानपान, स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका तथा शहर से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दर्शक न केवल रेजीडेंसी के इतिहास से परिचित होंगे, बल्कि वे साहसिक घटनाओं को भी अनुभव कर सकेंगे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। यह शो प्रतिदिन शाम 6 बजे से आयोजित किया जा रहा है। शुरुआत में कुछ दिनों तक पर्यटक इसका निःशुल्क आनंद ले सकेंगे। इसके बाद आंशिक शुल्क रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य रेजीडेंसी में आयोजित इस शो के माध्यम से हर आयु वर्ग के लोगों को इतिहास से जोड़ना है। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहेगा। रेजीडेंसी की ऐतिहासिक इमारतें आज भी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गवाही देती हैं। इसकी दीवारों पर आज भी गोलियों और तोप के गोले के निशान उस बलिदान और वीरता की कहानी सुनाते हैं, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी थी। पर्यटन विभाग ने इसके माध्यम से न केवल लखनऊ की ऐतिहासिक रेजीडेंसी को पुनर्जीवित किया है, बल्कि राज्य में सांस्कृतिक एवं विरासत पर्यटन को भी एक नई दिशा दी है। यह लाइट एंड साउंड शो विभाग के उस सोच का प्रतीक है, जिसमें इतिहास के संरक्षण और पर्यटन संवर्धन को एक सूत्र में पिरोया गया है।

## दलितों के अत्याचार पर अंकुश नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के काकोरी जिले में एक दलित बुजुर्ग को मंदिर परिसर में जबरन अपमानित कर पेशाब चटवाने जैसी अमानवीय घटना का शिकार होना पड़ा। इस पूरे प्रकरण ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और सामाजिक न्याय की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने इस अमानवीय घटना पर एक ट्वीट के जरिए तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस सरकार के राज में दलित होना अपराध है। पासी समाज से आने वाले एक बुजुर्ग से मंदिर में पेशाब चटवाई गई। इसके बाद बुधवार को संजय सिंह के निर्देश पर आप का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित के परिवार से मिलने काकोरी पहुंचा जिसमें दिनेश पटेल (निवर्तमान प्रदेश महासचिव), इमरान लतीफ़ (प्रांत अध्यक्ष, बौद्ध प्रांत), कैप्टन सरबजीत सिंह (प्रभारी, अयोध्या प्रांत), जनक प्रसाद (तिरंगा शाखा प्रमुख) और इरम रिज़वी (ज़िला अध्यक्ष, लखनऊ) के अलावा इस प्रतिनिधिमंडल में ज्ञान सिंह कुशवाहा, पीके बाजपेई, रानी कुमारी, युसूफ खान, सैफखान, हसरत अली, अमित रावत और मनोज मिश्रा शामिल रहे।

## योगी ने निषाद बस्ती में मनाई दीपावली, बांटी मिठाइयां



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निषाद और मलिन बस्ती में लोगों के साथ दीपावली मनाई। साथ ही बच्चों को मिठाइयां, उपहार और फुलझड़ियां वितरित कीं। बुजुर्गों एवं माताओं-बहनों को भी मिष्ठान्न और फल भेंट किये। कहा कि हर घर में दीप जरूर जलना चाहिए, क्योंकि वह दीप अयोध्या का प्रतीक बनेगा, जिससे मां लक्ष्मी का आगमन होगा। अयोध्या के निषाद बस्ती में पहुंचे सीएम ने कहा कि सौभाग्य है कि दीपावली पर मुझे इस निषाद बस्ती में आने का अवसर मिला है। जिन्होंने जीवन भर दूसरों को पार लगाने का कार्य किया, आज उनके बीच आकर उनका अभिनंदन करता हूं। जब श्रीराम वनवास जा रहे थे, तब सबसे पहले मित्रता और सहयोग के लिए निषादराज ही आए थे। त्रेतायुग से चली यह मैत्री आज भी अयोध्या धाम के दीपोत्सव के माध्यम से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि किसी उत्सव का आनंद तब और बढ़ जाता है, जब हम सब मिलकर इसमें सहभागी बनते हैं। मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि आपका मोहल्ला साफ-सुथरा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। जो लोग दूसरों का मोहल्ला साफ करते हैं, उनका अपना मोहल्ला भी साफ-सुथरा होना चाहिए। आतिशबाजी के दौरान सावधानी बरतें, ताकि किसी को कोई नुकसान न पहुंचे। इससे पूर्व सीएम ने यहां हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन किये। इसके अलावा बच्चों को टॉफी, चॉकलेट और फुलझड़ियां बांटीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ कुछ लोगों ने सेल्फी ली तो कुछ ने पैर छूकर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। निषाद बस्ती में ही मातगैड कोतवाल मंदिर जाकर उन्होंने विधिवत दर्शन-पूजन कर सुखी-समृद्ध प्रदेश की कामना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या से विधायक वेदप्रकाश गुप्त, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित कई नेता एवं अधिकारी भी मौजूद रहे।

### भैया दूज व चित्रगुप्त जयन्ती की दी बधाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भैया दूज तथा चित्रगुप्त जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भैया दूज भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का त्योहार है। यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, सामाजिक एकता व सद्भाव का प्रतीक है। भगवान चित्रगुप्त की जयन्ती अच्छे कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

## खान अधिकारियों का तबादला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** खनन निदेशक माला श्रीवास्तव ने विभाग में बड़ा एक्शन लेते हुए कई ज्येष्ठ खान अधिकारियों का स्थानांतरण कर उन्हें नयी तैनाती आदेश दिये हैं।जानकारी के अनुसार शिकायतों में घिरे सोनभद्र में तैनात खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें झांसी भेजा गया है। साथ ही खनन मुख्यालय में तैनात खान अधिकारी कमल कश्यप को सोनभद्र तथा झांसी में तैनात राम पदारथ सिंह को गाजियाबाद में खान अधिकारी के पद पर तैनाती के आदेश दिये गये हैं। सूत्रों के अनुसार अभी कई जिलों के खान अधिकारियों का और तबादला किया जा सकता है।





## जगुआर का चालक व कारोबारी का बेटा गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में दिवाली मार्केट में जगुआर कार से 6 लोगों को कुचलने और कई गाड़ियों में टक्कर मारने वाले रईसजादे रचित मध्यान को प्रयागराज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कारोबारी के बेटा और डॉक्टर के दामाद रचित को लखनऊ के एक निजी अस्पताल से पुलिस लिया है। घटना के बाद उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था जिससे प्रयागराज पुलिस ने लखनऊ पहुंच कर अभिरक्षा में लेकर उसके डिस्चार्ज होते ही अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने का मन बना लिया है।पुलिस ने इस मामले में ×04 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया था। उक्त धारा में लापरवाही से गाड़ी चलाने और नूकसान पहुंचाने के मामले में दर्ज की जाती है अब इसे धारा को ×04 में तब्दील कर दिया गया। यह धारा गैर इरादतम हत्या के लिए लगाई जाती है। ध्यान रहे कि रविवार की शाम तेज रफ्तार जगुआर कार ने बाजार में खरीददारी के दौरान 6 लोगों को कुचल दिया था। जगुआर ने 2 कार, 2 बाइक और 1 स्कूटी को टक्कर मारी थी उस दौरान एक इलेक्ट्रीशियन की मौत होने के साथ ही एक ब'चे समेत 5 लोगों घायल हो गये थे।

## सूफियान इलाहाबादी ने सीएम से मांगी परिवार की सुरक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मथुरा के संत प्रेमानंद महाराज के लिए मदीना शरीफ से दुआ करने वाले सूफियान इलाहाबादी ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। एक वीडियो जारी कर उन्होंने खुलासा किया है कि उनके घर का पता सार्वजनिक होने के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा बहाल करने की अपील की है। सूफियान इलाहाबादी ने प्रार्थनापत्र में सुरक्षा की गुहार लगाते हुए बताया कि जब उन्होंने प्रेमानंद महाराज जी के स्वास्थ्य के लिए दुआ की थी, तो उसके बाद कुछ मीडियाकर्मी उनके घर पहुंचे और इस दौरान उनके घर का पता सार्वजनिक हो गया। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ महाराज जी के भक्त भी उन्हें बधाई देने आए थे, लेकिन यह पता सार्वजनिक होना अब उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है। उन्होंने वीडियो में बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से कुछ लोग रात को 12 बजे, 2 बजे और 3 बजे बाइक से उनके घर के पास आ रहे हैं। ये लोग उनके परिवार के सदस्यों को उठाकर (जगाकर) उनसे रास्ता पूछ रहे हैं उनके पिताजी घर के अंदर से ही रास्ता बता देते हैं लेकिन वे लोग बाहर आकर समझाने की ज़िद करते हैं। अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका घर बस्ती से बाहर और एकांत में होने के चलते उन्हें अपने परिवार के साथ किसी भी हादसे की आशंका सता रही है। उनका मानना है कि कोई अनहोनी होती है, तो शोर-शराबा मचाने पर भी ग्रामीणों को वहां पहुंचने व एकजुट होने में समय लगेगा।

## हरियाणा के दो तस्कर गिरफ्तार 31 लाख का डोडा चूर्ण बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) थाना मेरठ की टीम ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक क्विंटल 25 किलो 925 ग्राम अवैध डोडा चूर्ण बरामद हुआ है, जिसकी बाजार कीमत करीब 31 लाख 48 हजार 125 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा टीम ने मौके से 02 मोबाइल फोन, 02 ड्राइविंग लाइसेंस, एक कैन्टर वाहन 280 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, एडीजी (कानून व्यवस्था), एडीजी (अपराध) और एएनटीएफ लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार तस्करों का नाम विनोद कुमार, पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर, निवासी ग्राम जोशी, थाना मतलौडा, जिला पानीपत (हरियाणा), सुभाष चन्द्र, पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ग्राम जोशी, थाना मतलौडा, जिला पानीपत (हरियाणा) है। दोनों अभियुक्तों को ग्राम बधेखेड़ी के पास शामली-करनाल रोड पर, परतापुर टोल प्लाजा से लगभग 1 किलोमीटर पहले गिरफ्तार किया गया।

### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि **नैय्यर जहाँ पत्नी स्व. मुस्तफा हुसैन निवासिनी भवन सं.-610/- प्लाट न.-2, खसरा न.-425, दाऊदनगर, लोहरामऊ फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव लखनऊ** की हूँ मैं अपने पुत्र शमसुल हसन पुत्र स्व. मुस्तफा हुसैन को उसके दुराचार एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी निजी जिन्दगी एवं चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ इनके किसी भी कार्य एवं आचरण से हमारा कोई सरोकार न होगा।

सी.आर.-1578/ L

### सूचना

**रोहित मिश्रा पुत्र श्री कन्हैया लाल मिश्रा निवासी 39 चौखंडी कीडगंज प्रयागराज**

चाँदनी पाठक पुत्री स्व0 बिहारीलाल पाठक निवासिनी- 911/1050 मालवीय नगर प्रयागराज का विवाह दिनांक 20/02/2014 को रितिरिवाज से पारिवारिक सहमति से रोहित मिश्रा के साथ हुआ था विवाह के पश्चात चाँदनी पाठक का उपनाम बदलकर चाँदनी मिश्रा हो गया है जोकि आधार कार्ड और पैनकार्ड आदि में भी चाँदनी मिश्रा अंकित है अतः चाँदनी पाठक को चाँदनी मिश्रा के नाम से जाना पहचाना जाए।

सी.आर.-1575/ D

### शुद्धि पत्र

समाचार पत्र के दि.-19/10/2025 को प्रकाशित विज्ञापन सं.-1777 दि. 18/10/2025 में त्रुटिवश कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय के स्थान पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड द्वितीय प्रकाशित हो गया है। इसे सुधार कर कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय पढ़ा व समझा जाये। अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

विज्ञापन व्यवस्थापक

## उमाशंकर हत्याकांड : दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए उमाशंकर दुबे हत्याकांड के एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार की देर रात में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे को भागते समय अरेस्ट किया गया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि अखंडनगर थाने में पंजीकृत हत्या के मामले में नामजद विवेक उर्फ पिल्लू और आशीष निवासी खुशामदपुर को नगरी अंडरपास से कल्याणपुर अंडरपास जाने वाले एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन पर मोकलपुर तिराहा के कच्चे मार्ग पर बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में विवेक के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा आशीष को मौके से भागते वक्त पुलिस ने पकड़ लिया।उमाशंकर दुबे की खानपुर पिलाई गांव के पास हत्या हुई थी। मृतक के बेटे दिलीप दुबे ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता उमाशंकर दुबे दोपहर करीब 1 बजे गांव के दक्षिण में नदी के पास भैंस चरा रहे थे तभी उन्होंने देखा कि खुशामदपुर निवासी आशीष और विवेक उर्फ पुल्ली को कुछ लोग दौड़ाकर पीट रहे थे। उमाशंकर दुबे ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया था। झगड़ा शांत होने के लगभग दो घंटे बाद, विवेक और आशीष अपने कुछ साथियों के साथ वापस आए। उन्होंने उमाशंकर दुबे पर लाठी-डंडों और बेल्ट से हमला कर दिया। बताया गया है कि हमलावरों के हाथों में अवैध असलहे भी थे। इस बेरहमी से पिटाई के कारण उमाशंकर दुबे की मौके पर ही मौत हो गई। इस पूरी घटना के प्रत्यक्षदर्शी रितेश यादव और आकाश निवासी खानपुर, बताए जा रहे हैं। दिलीप दुबे की तहरीर पर अखंडनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।चर्चित शिक्षक हत्याकांड में वांछित और पचास हजार के इनामी बदमाश विकास सोनकर को पुलिस ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान विकास के दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ल ने बुधवार सुबह बताया कि उभाँव, भीमपुरा और स्वाट टीमद्वारा संयुक्त रुप से मलेरा के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल चालक ने पीछे घुमा कर भागने का प्रयास किया। थाना उभांव, एसओजी टीम तथा थाना भीमपुरा पुलिस ने उनका पीछा किया। मोटरसाइकिल सवार ने अपने को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश विकास सोनकर पुत्र बाबूलाल निवासी बहरज थाना बरहज जनपद देवरिया के दोनों पैरो में गोली लगी। जबकि एक अन्य बदमाश मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

## डूबे दो युवकों के मिले शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में सकरार थाना क्षेत्र के मगरपुर गांव में दीपावली के दिन लापता हुए दो दोस्तों के शव करीब 35 घंटे बाद तालाब में मिले। यह लोग नहाने की बात कहकर घर से निकले थे लौटकर नहीं आए उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान तालाब में दोनों की चप्पलें उतारते हुए दिखाई दीं। संदेह होने पर गोताखोर बुलाकर पानी में उतारे गए। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद दोनों के शव बरामद हो गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मगरपुर प्रधान परसुराम कुशवाहा ने बताया कि मगरपुर गांव निवासी राहुल श्रीवास (25) पुत्र श्यामलाल श्रीवास और पड़ोस के गांव संतपुरा निवासी दीपू उर्फ दीपचंद (24) पुत्र रामेश्वर परिहार अच्छे दोस्त थे। रोजाना साथ उठते-बैठते थे। सोमवार को दीपावली के दिन दोनों घर से नहाने के लिए निकले थे शाम तक दोनों लौटकर घर नहीं पहुंचे। इस पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन उन लोगों को कही कुछ अता-पता नहीं चलने पर श्यामलाल ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पप्पू सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर पुलिस, परिजन समेत ग्रामीणों ने दोनों की तलाशी के दौरान राहुल के घर से करीब 400 मीटर दूर तालाब के पास पहुंचे राहुल और दीपू की चप्पल उतराते हुए दिखाई दिए। यह देख गोताखोर को बुलाकर तालाब में उतारे गये करीब 3 घंटे के अंतराल में देर शाम को पहले दीपू का शव बरामद हुआ दोनों मृतक अविवाहित थे। क्षेत्राधिकारी टहरौली अजय कुमार राय ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को श्यामलाल ने थाना प्रभारी को सूचना दी थी कि उनका बेटा और उसका दोस्त नहाने के लिए घर से निकले थे दोपहर तक लौटकर नहीं आए कुछ घंटे तलाश के बाद तालाब में दोनों के शव बरामद हो गए।


# उत्तर रेलवे

## निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें **(सिंगल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं. :** 106-Sig-Tender-32-2025-26 | |
| **कार्य का नामः** "इंटरलॉकिंग ऑफ एल. सी. गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ए. डी. एस. टी./पी. आर. जी. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थर्न रेलवेज" | |
| **अनुमानित लागत :** रु. 1,44,36,799.76 | |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** निल | |
| **धरोहर राशि :** रु. 2,22,200.00 | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 365 दिन | |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 10.11.2025, 15:30 बजे तक | |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**सं.: 106-सिग-टेन्डर-32/2025-26 दिनांक: 17.10.2025** 3276/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय नगर पंचायत मझौलीराज, देवरिया।

पत्रांक-709(4)न0पं० मझौलीराज/2025-26 दिनांक- 17-10-2025

## अति अल्पकालीन कोटेशन/निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझौलीराज देवरिया के द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर नगर पंचायत मझौलीराज सीमान्तर्गत स्थित छठ घाटों पर सफाई कार्य व प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग हेतु कोटेशन/निविदा आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से **दिनांक 24-10-2025 को 12 बजे तक** मुहरबन्द कोटेशन/निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन समय 04 बजे कार्यालय नगर पंचायत मझौलीराज देवरिया पर सक्षम अधिकारी द्वारा उपस्थित कोटेशनदाताओं/निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। फर्म/ठेकेदार स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यस्थलों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सम्बन्धित कार्य का भुगतान राज्यवित्त आयोग/निकाय निधि से प्राप्त धनराशि से किया जायेगा। निर्धारित समय के बाद प्राप्त कोटेशनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। किसी भी कोटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। छठ घाटों का विवरण अधोलिखित है।

| कं०सं० | छठ घाट का नाम | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | नदावर पुल के पास छठ घाट | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग व टेन्ट। |
| 2 | नदावर टोला साईं मन्दिर | प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, साउण्ड व टेन्ट। |
| 3 | कर्जवानी टोला | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग। |
| 4 | हनुमान चौक छठ घाट | प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, साउण्ड टेन्ट व सजावट। |
| 5 | खॉनखाह के पास छठ घाट | प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, साउण्ड टेन्ट व सजावट। |
| 6 | गोला घाट बजार छठ घाट | प्रकाश व्यवस्था, साउण्ड, सफाई व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, टेन्ट व सजावट। |
| 7 | रानी घाट शंकर नगर | प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, साउण्ड व टेन्ट। |
| 8 | दिर्घेश्वरनाथ मन्दिर | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, टेन्ट व सजावट। |
| 9 | बहोरन सिंह टोला | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग, साउण्ड व टेन्ट। |
| 10 | बड़वा टोला | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग। |
| 11 | खेदु टोला | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग। |
| 12 | चौहान टोला | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग। |
| 13 | भगड़ा भवानी | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग व साउण्ड। |
| 14 | बड़वा टोला मोर्चा बाबा के बगल में | प्रकाश व्यवस्था एवं बैरेकेटिंग। |

**नियम एवं शर्तें –**

1. कोटेशन दाता को अनिवार्य रूप से अपना अद्यतन जिलाधिकारी से प्राप्त हैसियत, चरित्र एवं पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2. कोटेशन दाता को कोटेशन के साथ सामग्री आपूर्ति में कोटेशन अनुसार 20 हजार रूपया जमानत धनराशि केबी०पी०/एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/टी०डी०आर०/नगद के रूप में संलग्न करना होगा बिना जमानत के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
3. ठेकेदार को स्थल पर सामग्री की सुरक्षा स्वयं करना होगा तथा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का अलग से दुलाई नही दी जायेगी।
4. प्रकाश व्यवस्था, बैरेकेटिंग, सफाई व्यवस्था, सजावट, टेन्ट एवं साउण्ड का दर अलग-अलग प्रस्तुत करें।
5. ठेकेदार को कार्यादेश में दिये गये अवधि के अन्दर कार्य पूर्ण कर भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर जमानत जब्त करते हुए ठेके को निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
6. ठेकेदार को कोटेशन के अनुसार ही कार्य करना होगा।
7. कार्य के स्थल पर विवाद उत्पन्न होने पर अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा दिये गये आदेश एवं निर्देश का पालन करना होगा।
8. नियमानुसार करों की कटौती की जायेगी।
9. कोटेशन खोले जाने के तिथि में यदि कार्यालय बन्द होता है तो कोटेशन अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय एवं स्थान पर खोली जायेगी तथा निविदाओं की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी।
10. सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा कार्यों के तीन चरणों में फोटोग्राफी प्रथम-कार्य प्रारम्भ होने के पहले, द्वितीय-कार्य चलते समय व तृतीय कार्य समाप्ति होने की फोटोग्राफी अनिवार्य होगा। तत्पश्चात फोटोग्राफ के साथ बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
11. कोटेशन पर कटिंग व ओवर राइटिंग मान्य नही होगा।
12. आवश्यकतानुसार कार्य बढ़ायें एवं घटाये जा सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मझौलीराज**
**देवरिया।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मझौलीराज**
**देवरिया।**



# सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि0, बेलरायां-खीरी

पत्रांक : 716/प्र0प्र0/2025-26 दिनांक : 18/10/2025

## निविदा सूचना

इस मिल समिति में चीनी गोदाम संख्या 04 के एप्रन व नाली को ऊंचा करने के कार्य हेतु चीनी मिलों के कुशल एवं अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 31.10.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे को खोली जायेंगी यथा आवश्यकता निगोसियेशन भी कराया जा सकता है। निविदा प्रपत्र उन्हीं निविदाताओं को विक्रय की जायेंगी, जिसके पास उक्त कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र मौजूद होंगे। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान प्रबन्धक



# श्री सनातन धर्म-संस्कृत-स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रूपईडीहा-बहराइच

पत्रांकः SSDSM/675-76/2025 दिनांकः 22.10.2025

## विज्ञापन/आवश्यकता

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कार्यालय आदेश सं.जी. 735/2025 दिनांक-28.07.2025 के अनुपालन में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्था श्री सनातन धर्म संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुपईडीहा, बहराइच में शासन द्वारा स्वीकृत राज्यानुदानित एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान एवं आरक्षण नियमों के अन्तर्गत अधोलिखित पदों पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित है।

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिन के अन्दर समस्त संलग्न, शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ रु.1000/- का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, श्री सनातन धर्म संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुपईडीहा, बहराइच के पक्ष में देय होगा। अभ्यर्थी जिस पद के लिए आवेदन कर रहा है उक्त पद के विवरण को लिफाफे के ऊपर अंकित कर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

आवेदन पत्र निम्नलिखित पदों हेतु आमंत्रित किए जाते हैं-

| | |
|---|---|
| प्राचार्य | 01 पद |
| सहायक प्रवक्ता साहित्य | 01 पद |
| सहायक प्रवक्ता व्याकरण | 01 पद |
| सहायक प्रवक्ता आधुनिक (इतिहास) | 01 पद |
| सहायक अध्यापक आधुनिक (हिन्दी) | 01 पद |

अर्हता-प्राचार्य पद हेतु 'क' वर्गीय विषयों के किसी भी एक विषय साहित्य अथवा व्याकरण विषय में परम्परागत आचार्य (स्नात्कोत्तर) न्यूनतम द्वितीय श्रेणी, परम्परागत उपाधि को वरीयता, न्यूनतम आयु सीमा - 30 वर्ष स्नातकोत्तर स्तर में 05 वर्षों का अध्यापनानुभव तथा उक्त शेष अन्य पदों के लिए सम्बद्ध विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर/समकक्ष उपाधि परम्परागत उपाधि को वरीयता।

प्रबन्धक
श्री सनातन धर्म-संस्कृत-स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रूपईडीहा-बहराइच पिन कोड-271881

सी.आर.-1573/ D



अदालती सूचना ता. पेशी 13.11.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट सं. 03 शाहजहांपुर दीवानी प्रकीर्ण वाद सं. 89 वर्ष 2022 (सी.ए.नं. 41/2016) श्रीमती शिवरानी बनाम अनिल कुमार आदि बनामः-1-राजकमल गुप्ता 2-दीपकमल गुप्ता पुत्रगण सतीश गुप्ता निवासीगण मो.गौरीनगर हरदोई 3-अतुल गुप्ता 4-मोहित गुप्ता पुत्रगण सुरेन्द्र कुमार गुप्ता 5-शालिनी गुप्ता पुत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासीगण प्लाट नं. 30 द्वारा अनिल सिंह यादव आदर्शनगर कालोनी कानपुर विपक्षी सं. 2/1, 2/2 तथा 3/1, 3/2 व 3/3 जो विपक्षी सं. 2 व 3 के वारिस हैं। चूंकि उपरिनिमांकित श्रीमती शिवरानी वादिनी/अपीलकर्ता ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि दिनांक 11-05-2022 को पारित आदेश को अपास्त करके अपील को पुर्नस्थापित किया जाये अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2025ई.के माह 11 के 13 दिवस को 11 बजे के पूर्वानह में स्वंय रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल हरने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2025ई.के माह 10 के 15 दिवस को निकाली गई। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर अपर जिला जज कोर्ट सं. 03 शाहजहांपुर।

सी.आर.-1574/ D-CN



### अदालती सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) उत्तरी महोदय उन्नाव
दी. वाद सं. 134/2005
ता. पेशी 29.10.2025

हृदय नारायण तिवारी एडवोकेट "मृतक दौरान मुकदमा" निवासी म.नं. 736, 737 मोहल्ला गांधीनगर शहर परगना तहसील व जिला उन्नाव ..वादीगण

बनाम- 1. श्रीमती मंगला कुमारी बालिग पत्नी कन्हैया बख्स सिंह 2. राहुल सिंह बालिग पुत्र कन्हैया बख्स सिंह 3. बृजेश कुमार सिंह उर्फ बी.के. सिंह बालिग पुत्र नामालूम समस्त निवासीगण मोहल्ला अटल बिहारी नगर शहर परगना तहसील व जिला उन्नाव हाल निवासी मोहल्ला अलीगंज शहर व जिला लखनऊ ..प्रतिवादीगण

दावा हुकुम इम्तनाई दवामी

हरगाहवादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.10.2025 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख ई. को जारी किया गया।
आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1577/ K-CN



# उत्तर रेलवे

## निविदा सूचना

निविदा सूचना सं.: C/145-01-STBA/2024/SV दिनांक :- 22.10.2025

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्टेशन सूची | अर्नेस्ट मनी | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | स्थान का नाम व पता जहाँ पर आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे | निविदा जमा करने का समय एवं तिथि तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समय | रेलवे की वेबसाइट का नाम जिसमें पूर्ण निविदा का प्रपत्र देखा व डाउन लोड किया जा सकें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ मण्डल के 48 विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (STBA) का आवंटन | सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। | रु. 2000/- NSG-06 एवं रु. 5000/- NSG-05 (दो हजार केवल NSG-06 एवं पांच हजार NSG-05) वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उ.रे., लखनऊ के पक्ष में देय। | 03 वर्ष | रु. 1180/- (1000 + 18% GST = 1180/-) | आवेदन पत्र निविदा बॉक्स में मण्डल कार्यालय के वाणिज्य शाखा हजरत गंज लखनऊ में डाला जाना जायेगा। (शनिवार, रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 27.10.2025 को 11:00 बजे से 25.11.2025 समय 14:00 बजे तक निविदा खुलने की तिथि एवं समय 25.11.2025 को 15:00 बजे | www.nr.indian railways.gov.in निविदा का प्रपत्र से प्राप्त किये जा सकते है। |

3268/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ।

प्रथम/द्वितीय तल, चतुर्थ टावर, सिग्नेचर बिल्डिंग पुलिस मुख्यालय, लखनऊ।Email- fshqup@gmail.com

**पत्रसंख्या:** एफ0एस0(टी)- 231-2025(15वें वित्त आयोग) **दिनांक:**अक्टूबर, 18, 2025

## निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु **22 ROTARY RESCUE TOOL SET** क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या- GEM/2025/B/6792110 दिनांक 18.10.2025 को बिड की गयी। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| BID DETAILS | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2025/B/6792110 |
| दिनांक | 18.10.2025 |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 02.11.2025 12:00:00 |
| बिड खुलने होने की तारीख/समय | 02.11.2025 12:30:00 |
| बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) | 180(DAYS) |

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु **22 ROTARY RESCUE TOOL SET** क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या- GEM/2025/B/6792110 दिनांक 18.10.2025 में उल्लखित एंव जेम पोर्टल पर उल्लखित क्रय संबंधित समस्त नियम व शर्तों के साथ ही आनलाइन प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(सुभाष कुमार)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी/नोडल अधिकारी (परचेज),
अग्निशमन तथा आपात सेवा, मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

उ0प्र0 239286 दिनांक- 21.10.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



न्यायालय प्राधिकारी वेतन भुगतान अधिनियम / सहायक श्रमायुक्त, सैनिक कालोनी, निगोही रोड, शाहजहांपुर। वाद संख्या 02/वि0क्ष0/पी0डब्ल्यू0ए0/ 2024 श्री कुंवर सेन उर्फ रविन्दर पुत्र स्व0रामसिंह निवासी मोहल्ला अहमदपुर रेती तह0 सदर, जिला शाहजहांपुर। बनाम 1-मालिक/पार्टनर श्री जसमीत चडढानिवासी बम्बा वाले का गोडाउन, बाईपास रोड़, निवाजपुर निकट मेजबान होटल, तहसील सदर, जिला शाहजहांपुर। 2-डायरेक्टर, चड्ढा ग्रुप शराब किम्पनी लि0, पता 85 समीड़ा जिला आजमगढ उ0प्र0 । 3-मण्डल प्रभारी, श्री जमाल अहमद सिद्दीकी, निवासी कटरा चांद खां, ईसाई वाली पुलिया, घीसू खां की कोठी, जिला बरेली । चूँकि वेतन संदाय अधिनियम, 1936 के अन्तर्गत आपके विरूद्ध दावा मेरे समक्ष आवेदन में पेश किया गया है, अतएव आप समस्त सारवान प्रश्नों का उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से अथवा तदर्थ प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 13.11.2025 को पूर्वान्हन 11.00 बजे मेरे समक्ष इस न्यायालय में उपस्थित हों। यह विदित रहे कि पूर्व उल्लिखित दिनांक व समय पर आपके हाजिर न होने पर आवेदन पर सुनवाई होगी तथा आपकी अनुपस्थिति में अवधारित किया जायेगा।इस सम्मन नोटिस के एक बार तामील होने के उपरान्त पक्षों को अगली तिथियों की सूचना नहीं भेजी जायेगी। वह सूचना स्वंय न्यायालय से ज्ञात करेगें।आज दिनांक 14.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर से जारी हुये न्यायालय, नियत प्राधिकारी वेतन भुगतान अधिनियम /सहायक श्रमायुक्त, शाहजहांपुर।

सी.आर.-1574/ D-CN



स्वतंत्र भारत
# वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ANAS से बदलकर MOHAMMED ANAS KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHAMMED ANAS KHAN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। MOHAMMED ANAS KHAN S/o: MOHAMMAD HABIB KHAN ग्राम-छीतरपारा पोस्ट-छीतरपारा तहसील-उतरौला,जनपद-बलरामपुर पिनकोड-271604
सी.आर.-1576/ D-36

### सूचना

मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम तेजराम दर्ज है जो गलत है जबकि हाईस्कूल प्रमाणपत्र मे मेरा नाम रामतेज है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। रामतेज पुत्र रामदीन ग्रा0 कलन्दरपुर पो0 जबदहा बलरामपुर।
सी.आर.-1576/ D-27

# दलित बुजुर्ग पर मंदिर में पेशाब करने का आरोप, मारपीट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी में एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग दलित व्यक्ति से गलती से

- मंदिर में मौजूद एक युवक ने जताया गुस्सा, वृद्ध से बदसलूकी कर जबरन साफ कराया
- मंदिर परिसर को पानी से धुलवाया, आरोपी युवक गिरफ्तार

मंदिर परिसर में पेशाब हो जाने पर न केवल मारपीट की गई, बल्कि उससे जबरन पेशाब साफ करवाई गई। यह शर्मनाक घटना काकोरी कस्बे के शीतला माता मंदिर में हुई। पीड़ित का नाम रामपाल (65) है, जो हाता हजरत साहब इलाके के निवासी हैं। बताया गया कि रामपाल लंबे समय से सांस की बीमारी से जूझ रहे हैं। सोमवार को वो मंदिर परिसर में बैठे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत खराब होने के कारण उनसे अनजाने में मंदिर प्रांगण में पेशाब हो गई।इसी दौरान मंदिर में मौजूद एक युवक ने इस बात पर गुस्सा जताया और रामपाल के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। पहले तो उनसे मारपीट की, फिर जबरन पेशाब को साफ करवाया और मंदिर को पानी से धुलवाया। आरोपी युवक ने कहा कि मंदिर को अपवित्र कर दिया है, अब इसे शुद्ध करना होगा। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।घटना के दौरान जब एक व्यक्ति, जिसका नाम स्वामी कांत उर्फ पम्मू (निवासी काकोरी) बताया


आरोपी

गया है, मंदिर में पहुंचा, तो उसने बुजुर्ग रामपाल से मंदिर को गंदा करने का आरोप लगाया। गुस्से में आकर आरोपी ने बुजुर्ग को अपमानित किया और कथित रूप से अपशब्द कहे। पीड़ित के परिवार का आरोप है कि आरोपी ने न केवल गंदी गालियां दीं, बल्कि 'मंदिर की शुद्धि' के नाम पर बुजुर्ग से जबरन पेशाब साफ करवाई और फिर पूरे परिसर को पानी से धुलवाया। साथ ही, इस दौरान जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। बुजुर्ग रामपाल के पोते मुकेश कुमार ने बताया कि उनके दादा जी को सांस लेने में दिक्कत रहती है। उन्हें खांसी की भी समस्या है। जब भी ज्यादा थकान महसूस होती है, तो वह जहां होते हैं वहीं बैठ जाते हैं। सोमवार की रात करीब 8 बजे वह घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। चलने में परेशानी हुई तो पास के शीतला माता मंदिर की पार्किंग में बैठ गए। उसी दौरान उनकी हालत इतनी खराब हो गई कि उनसे अनजाने में पेशाब हो गई।इस दौरान स्वामीकांत वहां आ गए और बुजुर्ग से कहा कि तुमने यहां पेशाब की है। रामपाल पहले तो डरकर मना करने लगे, लेकिन बाद में मजबूरन मान गए। इसके बाद स्वामीकांत ने उनसे जबरन पेशाब पीने को कहा और फिर मंदिर परिसर को पानी से साफ करवाया। उसके बाद उन्होंने रामपाल को धमकी दी कि वह फिर यहां वापस नहीं आएं और उन्हें वहां से भगा दिया। मंगलवार को रामपाल ने पूरी घटना अपने परिवार को बताई। परिवार ने पुलिस में शिकायत करने का फैसला किया। पीड़ित रामपाल काकोरी थाना गए और वहां मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि स्वामीकांत आरएसएस का कार्यकर्ता है।काकोरी के सहायक पुलिस आयुक्त शकील अहमद ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को पकड़कर उससे पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन इस घटना पर बहुत नाराज हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

# दो लोगों की लड़ाई में एक व्यक्ति की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र के कमता के पास सोमवार देर शाम मामूली कहासुनी के बाद एक व्यक्ति की सिर में चोट लगने से संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।इस मामले में पुलिस ने हमला करने वाले आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर इसकी सूचना घरवालों को दे दी गई है।इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक सोमवार देर शाम डायल 112 के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति कमता क्षेत्र स्थित सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा है। इस सूचना पर इंस्पेक्टर चिनहट और चौकी प्रभारी कमता नवनीत मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि मामले की छानबीन की गई तो मृतक की पहचान उन्नाव जिले माखी थाना क्षेत्र स्थित लोटापुर गांव निवासी 41 वर्षीय सुनील दीक्षित के रूप में हुई और वह कमता क्षेत्र में रहने वाले रामदुलारे के मकान में किराए पर रहता था।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाला गया तो एक युवक संदिग्ध हालात में दिखाई दे रहा था। इस पर पुलिस सक्रिय हुई और कमता के शिव मंदिर के पास रहने वाले 26 वर्षीय साजन कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो पता चला कि साजन कुमार और मृतक सुनील दीक्षित शराब पीने के बाद दोनों के बीच गाली-गलौज हुई तभी साजन ने धक्का दे दिया। धक्का लगते सुनील गिर गया, जिससे गंभीर चोट लगते ही सुनील लहूलुहान हो गया। इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक आरोपी साजन कुमार को हिरासत में ले लिया गया और घरवालों की तरफ से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# रिश्वतखोरी के आरोप में 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सोशल मीडिया पर कुछ पुलिसकर्मियों का वीडियो सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक ने बड़ी कार्रवाई की है। वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी वाहन

- वाहन चालकों से रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने पर की गई कार्रवाई

चालकों से रिश्वत लेते हुए नजर आए थे। मामला संज्ञान में आते ही डीजीपी ने तत्काल जांच के निर्देश दिए और दोषी पाए गए पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, डीजीपी ने भ्रष्टाचार के मामलों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तीन जनपदों चित्रकूट, बांदा और कौशाम्बी के कुल 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। चित्रकूट जनपद में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप, थानाध्यक्ष पहाड़ी, थानाध्यक्ष राजापुर सहित कुल 6 पुलिसकर्मी निलंबित किए गए हैं। इनमें एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक, एक महिला उपनिरीक्षक और तीन आरक्षी शामिल हैं। बांदा जनपद में थानाध्यक्ष बदौसा (उपनिरीक्षक) और एक आरक्षी को निलंबित किया गया है। कौशाम्बी जनपद में थानाध्यक्ष महेवाघाट (उपनिरीक्षक) और एक आरक्षी पर कार्रवाई की गई है। डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तुरंत जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि पुलिस विभाग की छवि पर कोई आंच न आए। पुलिस मुख्यालय से जारी बयान में यह भी कहा गया है कि आम जनता से सहयोग लेकर ऐसे मामलों में पारदर्शिता बढ़ाई जाएगी। डीजीपी ने प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कानून व्यवस्था और जनता की सेवा में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें।

# गेस्ट हाउस में युवक का मिला संदिग्ध हालात में शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के कार्तिक गेस्ट हाउस में मंगलवार को एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला। युवक के बगल में ही पड़ोस में रहने वाला उसका मित्र सोया हुआ था। मृतक की पहचान कैंट निवासी अरुण रावत के रूप में हुई है, जो लुलु मॉल में सफाईकर्मी थे। परिजनों ने अरुण की हत्या का आरोप लगाते हुए करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा किया।उसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन देते हुए दंपति समेत तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है, जिसके बाद लोग शांत हुए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा सका। परिजनों ने आरोप लगाया कि पिछली दिवाली पर अरुण का अपने सुपरवाइजर अमर से झगड़ा हुआ था और उसी ने दिवाली पर अरुण की हत्या कराई है। परिजनों ने बताया कि अरुण सोमवार रात से लापता थे। अरुण की हत्या किए जाने की बात दोहराई और आरोपियों पर कार्रवाई

- परिजनों ने सुपरवाइजर पर लगाया हत्या का आरोप,पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया
- विजय नगर चौराहा की सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन, लगाये संगीन आरोप

मंगलवार सुबह 9 बजे सूचना मिली कि अरुण मलाक रोड स्थित कार्तिक गेस्ट हाउस के कमरे में घायल हैं।

उन्हें परिजन आनन-फानन में मेदांता अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद परिजन शव को लेकर गांव के पास विजय नगर चौराहा पहुंचे और 10 बजे शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने न होने तक सड़क जाम करने की चेतावनी दी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझाकर शांत कराया। पुलिस के अनुसार सोमवार रात अरुण ने गेस्ट हाउस के कमरे में पड़ोसी विकास रावत पश्चिम बंगाल के अमन और उसकी पत्नी विमला के साथ पार्टी की थी। पुलिस ने विकास, अमन और विमला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि अरुण के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं, मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिसकी वीडियोग्राफी भी की जाएगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी मिलेगी।अरुण के परिवार में पत्नी शिल्पा और दो बेटे ध्रुव और आर्यन हैं। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात 8:30 बजे फोन आने पर अरुण घर से निकले थे। जब पत्नी ने फोन किया तो उन्होंने मैनेजर द्वारा पार्टी दिए जाने, रात 11 बजे लौटने की बात कही थी। जब रात 11 बजे के बाद भी वह नहीं लौटे तो परिजनों ने फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। सुबह दोनों बेटे ध्रुव और आर्यन ढूंढने निकले। गेस्ट हाउस के बाहर बाइक देखकर अंदर गए। जहां कमरे में अरुण का शव मिला और उनके बगल में पड़ोसी विकास सोया हुआ था।

# पत्नी से झगड़े के बाद कारपेंटर ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थानाक्षेत्र में कारपेंटर ने इंदिरा नहर में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक का पत्नी से विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर आत्महत्या कर ली। रविवार को शव नहर में मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

मूल रूप से धारूपुर असंधरा बाराबंकी निवासी बबलू शर्मा (26) कारपेंटर का काम करते थे। लखनऊ में पीजीआई के काली पश्चिम में रहते थे। मौसा श्रीकांत ने बताया कि बबलू का पत्नी पूजा से रोजाना विवाद होता था। शनिवार को भी दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद बबलू अपनी पत्नी पूजा को मायके छोड़ने के लिए बाइक से निकला। ममिया ससुर को घटना की सूचना दी रास्ते में इंदिरा नहर के पास बाइक रोकर नहर में छलांग लगा दी। उसकी पत्नी पूजा ने ममिया ससुर लवकुश को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परजिनों ने देखा कि नहर के किनारे बाइक और चप्पल पड़ी है। जबकि वहीं पास में पूजा मौजूद है। पूजा ने बताया कि बबलू बाइक रोकर 10 मिनट में लौटने की बात कहकर गए थे। काफी समय तक नहीं लौटे तो आसपास पूछा तब घटना का पता चला। पांच महीने पहले बबलू की शादी दरियाबाद बाराबंकी निवासी पूजा से हुई थी। बबलू का शव इंदिरा नहर से करीब 24 घंटे बाद मिला। बबलू शनिवार को करीब 11 बजे घर से निकला था। रविवार को उसका शव गोताखोरों की मदद से निकाला गया। पानी में डूबने की वजह से बबलू का शरीर फूल गया था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा दिया है।

# फार्म हाउस से लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र के समदा खेड़ा गांव में एक फार्म हाउस से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरों ने 19 अक्टूबर की रात फार्म हाउस के दरवाजे, सीढ़ियों और ऊपरी मंजिल के कमरों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

चकौली निवासी अवतार सिंह सोनू पुत्र अमरीक सिंह ने काकोरी थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके फार्म हाउस से फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरी, 32 इंच सोनी टीवी, सेट टॉप बॉक्स, स्प्लिट एसी की इनडोर और आउटडोर यूनिट, स्टेबलाइज़र, इंडक्शन चूल्हा, हीट पिलर (रूम हीटर) और शीशा सहित कई कीमती वस्तुएं चुरा लीं। अवतार सिंह सोनू के अनुसार, चोरी का पता तब चला जब वे फार्म हाउस पहुंचे और दरवाजों तथा कमरों के ताले टूटे हुए पाए। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। काकोरी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

# मामूली कहासुनी पर युवक के मुंह पर फोड़ा बम, घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी में दीपावली की खुशियों के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गोमती नगर स्थित छोटी जुगौली बस्ती में रहने वाले 14 वर्षीय किशोर सरवन वर्मा पर जानलेवा हमला किया गया है। आरोप अनुसार मामूली कहासुनी के बाद कुछ युवकों ने सरवन के मुंह पर बम फोड़ दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।बम के धमाके से सरवन वर्मा का मुंह और हाथ बुरी तरह झुलस गया है। इस घटना के तुरंत बाद गंभीर हालत में लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। अभी भी सरवन की हालत गंभीर बनी हुई है, उसका इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है।घटना से आस पास के इलाके में दहशत का माहौल है।इस घटना के संबंध में घायल सरवन की मां अनीता वर्मा ने गोमती नगर थाने में लिखित शिकायत (तहरीर) दी है।मां अनीता

- गोमतीनगर थाना क्षेत्र का मामला, प्राण घातक हमले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी
- दीपावली के त्यौहार की खुशियों में पड़ी खलल, आस-पास दहशत का माहौल

वर्मा ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके बेटे सरवन पर क्रूर हमला प्रमोद दास के बेटे अभय दास और प्रदीप दास ने किया है। वहीं पहले आरोपियों ने उनके बेटे के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, फिर कुछ ही देर बाद एक बम लाकर जानबूझकर उसके मुंह पर फोड़ दिया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे मोहल्ले के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने बताया कि यह किसी सामान्य पटाखे की आवाज नहीं थी। यह हमला सिर्फ डराने-धमकाने के लिए नहीं, बल्कि जान से मारने की नियत से किया गया है।पुलिस से मांग की है कि नामजद आरोपियों अभय दास और प्रदीप दास के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। गोमती नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश तथा घटना के विस्तृत जांच में जुट गई है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह बम कहां से आया और क्या आरोपियों ने जान करके हमले के इरादे से इस्तेमाल किया था। दिवाली जैसे पर्व पर गंभीर घटना ने बस्ती के लोगों में भय व आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

# मेडिकल स्टोर में भीषण आग से लाखों की दवाएं खाक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित मेदांता अस्पताल के गेट नंबर 5 के पास सोमवार रात 8:46 बजे साईं मेडिकल स्टोर में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये की दवाएं जलकर खाक हो गईं। आग लगने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पीजीआई अग्निशमन अधिकारी माम चंद बडगूजर अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। फायर स्टेशन प्रभारी ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से आग को अन्य दुकानों तक फैलने से रोका जा सका और एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी दुकान मालिक विजय यादव ने बताया कि आग अचानक लगी थी और उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया।

## एक नज़र

### रेस्टोरेंट में दबंगों ने मचाया उत्पात, कर्मचारियों को पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के सरोजनी नगर क्षेत्र स्थित मौर्या रेस्टोरेंट में रविवार रात कुछ दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। ट्रांसपोर्ट नगर, पार्किंग नंबर-6 में स्थित इस रेस्टोरेंट में कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। रेस्टोरेंट मालिक सुरेंद्र कुमार मौर्य के अनुसार, न्यू गुड़ौरा निवासी बृजेश यादव रविवार रात करीब 7:45 बजे खाना पैक कराने आया था। ऑर्डर तैयार होने के दौरान बृजेश का काउंटर पर मौजूद बिलिंग सहायक अक्षत मौर्य से मामूली विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान बृजेश ने अक्षत को गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद बृजेश यादव अपने भाई राकेश यादव, दोस्त मनोज यादव और कुछ अन्य साथियों के साथ कार और बाइकों से रेस्टोरेंट लौट आया। सभी लाठी-डंडों से लैस थे और रेस्टोरेंट में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में बिलिंग सहायक अक्षत मौर्य के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य कई कर्मचारी भी घायल हुए। मौके पर भीड़ जुटने के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वे अपनी एक कार और दो बाइकें मौके पर ही छोड़ गए। घटना के बाद पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने में सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### चार मकानों का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बख्शी का तालाब बरगदी मगठ गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरी को अंजाम दिया। वार्ड-12 निवासी आशिया अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में जानकीपुरम गई थीं। इसी बीच चोरों ने उनके मकान के चार ताले तोड़ दिए और घर का कोना-कोना खंगाल डाला। चोरी की यह वारदात मंगलवार रात करीब 2 से 4 बजे के बीच हुई। चोर एलसीडी टीवी, गैस सिलेंडर, 50 हजार रुपए नकद, बच्चों की गुल्लक, आधा तोला सोने के जेवर और कीमती कपड़े तक उठा ले गए। तीन अलमारियों के लॉकर तोड़कर सारा सामान समेटा गया। बुधवार सुबह करीब 6 बजे पड़ोसियों ने मुख्य गेट का टूटा ताला देखकर आशिया को फोन पर सूचना दी। घर पहुंचकर उन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को कॉल किया। आशिया ने बीकेटी थाने में चोरी की लिखित शिकायत दी है

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नगराम संवाददाता।** नगराम के भजा खेड़ा गांव से मंगलवार शाम पिंक स्कूटी पर तैनात महिला सिपाहियों के साथ महिला उपनिरीक्षक अल्पा कटियार द्वारा एक महिला को बिक्री के लिए रखी दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया गया । थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मंगलवार शाम महिला उपनिरीक्षक अल्पा कटियार आरक्षी सुरजीत कुमार के नगराम से नबी नगर की तरफ गस्त पर जा रही थी तभी सूचना मिली कि भजा खेड़ा गांव में एक महिला अपने दरवाजे प्लास्टिक पिपिया में कच्ची शराब बेचने के लिए लेकर बैठी है सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला उपनिरीक्षक अल्पा कटियार द्वारा पिंक स्कूटी पर तैनात महिला आरक्षी गीतू दीक्षित व अवनीशा के साथ भजा खेड़ा गांव महिला के दरवाजे पहुंची । एकाएक सामने पुलिस देख महिला सकपका गई और तेज गति से जाने लगी । शक होने पर पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया । तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक पिपिया में दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई । पूछताछ में महिला ने अपना नाम जसवंत की पत्नी रमा देवी बताया । अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ में आई महिला को थाने लाया गया जहां उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में सई नदी पुल के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे हुई इस घटना की सूचना लोको पायलट ने पुलिस को दी, जिसके बाद हरौनी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, लखनऊ से कानपुर जा रही ट्रेन के लोको पायलट ने बताया कि एक व्यक्ति आत्महत्या के इरादे से ट्रेन के आगे लेट गया था। मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 वर्ष के बीच बताई जा रही है। मृतक ने सफेद शर्ट, काले रंग की बिंदी और नीले रंग का पैंट पहना हुआ था। उसका चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। हरौनी पुलिस शव की पहचान कराने का लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसके पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर मृतक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# रास्ते के विवाद में चली गोली युवक की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** दीपावली के दिन जहां शहर वासी दीप जलाने व पटाखा फोड़ने में मस्त थे वहीं पीजीआई इलाके में पुराने पारिवारिक विवाद में दो पक्षों

- जमकर चले लाठी डंडे आठ लोग अस्पताल में भर्ती

में पहले लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान फायरिंग हो गई। गोली लगने से सोनू यादव (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। युवक को अपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां पर मौत हो गयी है। सूचना पर एडीसीपी मौके पर पहुंचे। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के रेवतापुर गांव में शाम करीब पांच बजे हुई।

पुलिस के अनुसार अजय सिंह यादव, विजय यादव, संजय यादव, उषा यादव, रियावती यादव, प्रीति यादव और ज्योति यादव का पड़ोसी सोनू यादव से रास्ते को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान कथित तौर पर पहले गुट के लोगों ने फायरिंग कर दी। गोली सोनू यादव के पेट में लगी है। घटना की सूचना पर थाना पीजीआई पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। परिजनों से तहरीर लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, त्योहार के दिन फायरिंग की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सोनू के भाई सचिन यादव ने बताया- रास्ते को लेकर पड़ोसी कपिल यादव और उनके परिवार से विवाद था। शाम करीब 5 बजे इसी बात को लेकर लड़ाई हुई। इसके बाद कपिल यादव, संजय यादव, विजय यादव, प्रीति यादव और पूजा यादव ने मेरे परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान विजय यादव ने कटटे से फायर कर दिया। सोनू के पेट में गोली लगी जहां इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गयी। सोनू के भाई सचिन यादव ने बताया- रास्ते को लेकर पड़ोसी कपिल यादव और उनके परिवार से विवाद था। इसी बात को लेकर शाम को झगड़ा हुआ था।

# फरार वांछित गौकश गिरफ्तार

**वतंत्र भारत नगराम।** नगराम पुलिस द्वारा गौवध निवारण अधिनियम के तीन मुकदमों में वांछित फरार आरोपी को मंगलवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नगराम के

- पांच साथी पहले ही गिरफ्तार कर भेजे जा चुके हैं जेल

अनुसार गिरफ्तार गौकश के पांच साथी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं ।

सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा ने बताया कि इसी वर्ष 15 जुलाई की शाम थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी द्वारा पुलिस बल के साथ करोरा बाजार से आगे ठेका देशी शराब के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी तभी सूचना मिली कि कुछ लोग नेवाज खेड़ा के जंगल में गौकशी के लिए मौजूद हैं सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो छ लोग एक बैल को गौकशी के लिए पेड़ से बांध कर रखे हुए थे पुलिस टीम को देख चार व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर मोटर साइकिल व पैदल भाग निकले जबकि दो गौकशो को दबोच लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए तीन अन्य गौकश गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं जबकि गोसाईं गंज के पस्तरा गांव निवासी कैलाश रावत उर्फ ढक्कन फरार चल रहा था जिसकी तलाश की जा रही थी ।

मंगलवार सुबह उपनिरीक्षक संदीप कुमार द्वारा हमराही सिपाही सुनील कुमार राय व सुरजीत वर्मा के साथ पस्तरा मार्ग मदार पुर तिराहे कपेरा की ओर जाने वाले खड़ंजा से पस्तरा गांव निवासी गौकश कैलाश रावत उर्फ ढक्कन को दबोच लिया गया । गिरफ्त में आए गौकश को पकड़ कर थाने लाया गया जहां पहले से दर्ज गौ-वध निवारण अधिनियम के दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि अलग अलग मुकदमों में कैलाश रावत उर्फ ढक्कन की तलाश 2023 से की जा रही थी । करोरा निवासी राजकुमार पाल का बैल 17 जुलाई 2023 की रात चोरी हुआ जिसका शव छत विछत हालत में तमोरिया गांव के जंगल में पड़ा मिला था । इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था । इसके अलावा 13 अगस्त 23 की रात मितौली के संतराम के एक जोड़ी बैल चोरी हुए थे। खोजबीन के दौरान एक बैल के अवशेष जंगल में पड़े मिले थे व दूसरा घायलावस्था में खेतों में मिला था। इस मामले में भी अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था । इसी साल 15 जुलाई को नेवाज खेड़ा के जंगल में गौवंश के साथ पांच छः लोगों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दी गयी दबिश में मौके पर दो तस्कर पकड़ में आ गए जबकि चार साथी अंधेर का लाभ उठाते हुए मोटरसाइकिल व पैदल फरार हो गए थे । मौके पर दोनों के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी, तीन धारदार चाकू, एक पेचकस, एक बड़ा बैग, तीन जूट की बोरियां, दो प्लास्टिक की बोरियां और एक प्लास्टिक की रस्सी सहित बध को लाया गया बैल बरामद किया गया था। दोनों में से एक ने अपना नाम जीशान निवासी 163/335 मौलवीगंज चिक मंडी थाना अमीनाबाद व दूसरे ने मोहम्मद समीर कुरैशी निवासी फतेहगंज कसाईबाड़ा थाना अमीनाबाद बताया था । जिन्हें जेल भेज दिया गया था बाकी चार फरार गौकशों में से तीन गौकश भी जेल भेजे जा चुके हैं छठे फरार गौकश कैलाश रावत उर्फ ढक्कन भी मंगलवार के दिन पुलिस के हत्थे लग गया ।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## घमासान और रोड़े

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर जारी दावों की मारकाट से दलों के बीच दोस्ती के दावों का खोखलापन उजागर हो रहा है। भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस के नेतृत्व का महागठबंधन अपने-अपने घटक दलों के नेताओं के दावों का बड़ा मुश्किल सामना कर रहे हैं। सीट बंटवारे के झटको से निपटने में एनडीए तो तमाम आश्वासन देकर सफल रहा लेकिन भावी मुख्यमंत्री के चेहरे का मुद्दा उसके रास्ते का जबरदस्त स्पीड ब्रेकर बना है। जदयू यह मानता है कि राज्य के राजनीतिक बवंडर से निपटने का बूता उसके नेता नीतीश कुमार के अलावा किसी और में नहीं है। उसे यह भरोसा भी है कि 40-45 सीटें भी मिलीं तो भी दवा नीतीश का ही रहेगा। जबकि एनडीए के 'चाणक्य' अमित शाह और गठबंधन में नीतीश के सबसे प्रबल प्रतिद्वंद्वी चिराग पासवान नतीजे आने के बाद सीएम फेस तय करने पर जोर दे चुके हैं। इसके अलावा लगभग हर सीट पर नीतीश-चिराग की पार्टियों के बीच ठनाठनी के आसार भी बन रहे हैं। उधर महागठबंधन में भी रस्साकशी थमने का नाम नहीं ले रही है। वोटर अधिकार यात्रा में तो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जुगलबंदी से समर्थकों में काफी उत्साह जगा था लेकिन सीट बंटवारे पर एकमत होने से कांग्रेस और राजद काफी दूर हैं। टिकट बंटवारे को लेकर राज्य में ही अंदरूनी कलह यहां तक पहुंच गई फिर टिकट बेचे जाने तक का आरोप लग गया उधर मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल के टावर तोड़ बिहार दोनों से कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेता काफी उत्साह में है तथा सीटों को लेकर उनकी मांगे कम नहीं हो रहा है। पहले चरण का नामांकन तो यही बताता है। फिर सीम फेस पर उलझाव यहां भी है। राजद का जोर तेजस्वी पर है लेकिन कांग्रेस और भाकपा माले इसके लिए कतई तैयार नहीं है। इन दोनों मुद्दों पर मतभेद कई जगहों पर दलों के बीच दोस्ताना मुकाबले के रूप में बदल सकते हैं। स्थिति यह है की गद्दी तो दोनों गठबंधनों को चाहिए लेकिन दोनों के महारथियों की अपनी अपनी शर्तें हैं। इसलिए यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ये सलाहकारों के साथ चलेंगे चलते हैं या आपसी घमासान में ही फंसे रहते हैं। इसीलिए जनसुराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर दूर से ही भविष्यवाणी करते हुए बड़े संयम के साथ गोटे बिछा रहे हैं। अब अगले चरण के लिए सभी दलों की रणनीतियां देखने लायक होंगी। पहले चरण में तो एकजुटता के दावे सड़क पर आ गए हैं।

## प्राइमरी की शिक्षा

प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक गतिविधियों को लेकर नियमों के उल्लंघन या कोई न कोई कमी सामने आना खास बात नहीं है अब यह इन स्कूलों की कार्य पद्धति का खास अंग बन चुका है इन पर कार्रवाई के लिए खूब विभागीय अधिकारी महाजोपचारिकता निभाते हैं तो कब उनकी कभी-कभार दी जाने वाली चेतावनियां भी व्यसर रहती हैं इस बारे में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि बच्चों के लिए जरूरी शिक्षा पाने के मौलिक अधिकारों का कदापि हनन नहीं होना चाहिए दरअसल प्राइमरी स्कूलों में अधिकांश शिक्षक शिक्षिकाएं नियम अनुसार अपनी उपस्थिति बनाए रखने के प्रति अभी भी गंभीर नहीं रहते इस पर कोर्ट ने कहा है कि शिक्षकों की स्कूल में अनुपस्थिति से बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा कानून 2009 का उल्लंघन हो रहा है और स्कूलों में उनके न जाने का बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है शिक्षकऑन की गहराई के कारण विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति भी दिनों दिन कम होती जा रही है विद्यालय में नियुक्त शिक्षकों और शिक्षकों का यह प्रधान कर्तव्य है कि निर्धारित समय पर पहुंचे तथा बच्चों के पठन-पाठन का कार्य जिम्मेदारी के साथ पूरा करें किसी न किसी बहाने से स्कूल ना आने या हाजिरी रजिस्टर में दस्तक करके गायब होकर वह स्पष्ट रूप से अपनी ड्यूटी की अवहेलना करते हैं इससे बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित होती ही है स्कूलों के अनुशासन पर भी प्रभाव पड़ता है यह प्रवृत्ति सरकार के उन प्रयासों को भी चोट पहुंचती है जो इन स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए किए जाते हैं इसे खुद की सुविधा और अकर्मांता के लिए पूरी व्यवस्था को चौपट करने जैसा ही माना जाएगा इसीलिए कोर्ट ने इस तरीका भी उल्लेख किया है कि सरकार ने शिक्षकों की उपस्थिति के लिए डिजिटल अटेंडेंस की व्यवस्था की है लेकिन वह अभी धरातल पर नहीं है इस लापरवाहियों के प्रति अब सरकार को गंभीरता बरतने की आवश्यकता बढ़ गई है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अयोध्या दीपोत्सव में जीवंत हो गया त्रेतायुग**
बाकी पूरा देश कलियुगी प्रगति करता रहा!

**हमारे पूर्वजों ने धर्मांतरण नहीं किया-भागवत**
तब इजरायली यहूदी रिश्तेदार कैसे हुए?

**बिहार में ओवैसी ने उतार दिये पच्चीस प्रत्याशी**
भाजपाई खेमा ये एहसान कभी नहीं भूलेगा!

**लखनऊ में दीपावली पर रहा चोरों का आतंक**
पुलिस वालों के बच्चों ने नयी गाड़ियां खरीदीं!

**कानपुर कोर्ट स्टेनो नेहा की खुदकुशी चर्चा में**
धृतराष्ट्रों की कोर्ट में द्रौपदी कब सुरक्षित रही?

**प्रयागराज में एटीएस की जमीन पर कब्जा**
अतीक के गिरोहबाज लखनऊ में फिर सक्रिय!

♦♦♦

# आम आदमी की उड़ान के नौ साल

आसमान में उड़ना हर किसी का सपना होता है। उड़ने के लिए परिंदों की तरह मजबूत पंखों की जरूरत होती है। मनुष्य के पास उड़ने के लिए पंख भले



सियाराम पांडेय 'शांत'

न हों लेकिन उसके पास अपनी उम्मीदों के पंख तो हैं ही; और जब हौसलों का साथ हो, मन में उल्लास हो तो संसार को जीतना आसान हो जाता है। आकाश तक विकास की ऊंची छलांग तो लगाई ही जा सकती है। दीपावली के उमंग और उल्लास भरे पुनीत अवसर पर उड़ान योजना के नौ साल पूरे हो गए। विमान सेवा को आम आदमी की पहुंच में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 अक्टूबर, 2016 को यह योजना शुरू की थी। हालांकि इस योजना के तहत पहली उड़ान 27 अप्रैल 2017 को शिमला से दिल्ली के लिए शुरू हुई थी। यह योजना दस साल के लिए शुरू की गई थी लेकिन अब इसकी अवधि दस साल और बढ़ा दी गई है।

निश्चित ही इसका लाभ न केवल विमानन क्षेत्र को मिलेगा, बल्कि मध्यमवर्गीय समाज भी इससे बहुत हद तक लाभान्वित हो सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के 2025-26 के बजटीय भाषण पर गौर करें तो आगामी इस साल में इस योजना में 120 नए गंतव्य शामिल किए जाएंगे, जिससे 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को सस्ती हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस निमित्त भले ही उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लिए कुल परिव्यय का खुलासा नहीं किया लेकिन बजट में 2025-26 में उड़ान योजना के लिए 540 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा तो शुरू की ही थी।

विकथ्य है कि उड़ान योजना के तहत अब तक 625 उड़ान मार्ग चालू किए गए हैं जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिनमें 2 जल हवाई अड्डे और 15 हेलीपोर्ट भी शामिल हैं। इस योजना से उड़ान के अंतर्गत 1.49 करोड़ से अधिक यात्री किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। भारत के हवाई अड्डा नेटवर्क पर विचार करें तो वर्ष 2014 तक देश में 74 हवाई अड्डे थे जो बढ़कर 159 हो गए हैं। हवाई अड्डों तक पहुंच गया जो एक दशक में दोगुने से भी अधिक है। वंचित एवं दूरदराज के क्षेत्रों में वायु संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार ने व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023.37 करोड़ रुपये बांटे हैं।

उड़ान योजना से जाहिर तौर पर क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिली है। स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ी है और व्यापार को मजबूती मिली है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास में उछाल आई है। आकाश को छूना देश के अधिकांश लोगों का सपना हुआ करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें अपना एक और सपना भी जोड़ दिया और वह सपना था कि हवाई सेवा इतनी सस्ती होनी चाहिए कि उसमें चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी सफर कर सके। 'उड़े देश का आम नागरिक' के स्लोगन के साथ जब यह योजना शुरू हुई तो उनके विरोधियों ने इसका उपहास भी किया लेकिन जब नीति और नीयत सापफ हो तो संकल्प अपनी सिद्धि को प्राप्त करता ही है। उड़ान योजना के साथ भी कमोवेश ऐसा ही कुछ हुआ। यह कहने में शायद ही किसी को कुछ संकोच हो कि इस योजना ने तब से अब तक भारत के क्षेत्रीय वायु संपर्क परिदृश्य को बदल दिया है।

आम नागरिक ने पहली बार जब शिमला की शांत पहाड़ियों से दिल्ली के हलचल भरे महानगर की किफायती विमान यात्रा की तो प्रधानमंत्री ने राहत की सांस ली थी। अनगिनत नागरिकों के लिए आसमान खोलना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इसके लिए सरकार को काफी कुछ व्यय भार झेलना भी पड़ा। किफायती किराया सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइनों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी पड़ी हवाई किराये की सीमा निर्धारित करनी पड़ी। कम आकर्षक बाजारों में उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइनों को आकर्षित करने की दिशा में भी सरकार को अनेक प्रयास करने पड़े। केंद्र सरकारने प्रथम तीन सालों के लिए आरसीएस हवाई अड्डों पर खरीदे जाने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क 2 प्रतिशत तक सीमित किया। एयरलाइन्स को अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कोड शेयरिंग समझौते के लिए प्रोत्साहित करने में वह पीछे नहीं रही। इस क्रम में राज्य सरकारों का सहयोग भी कमतर नहीं आंका जा सकता। राज्यों ने दस वर्षों के लिए एटीएफ पर वैट को 1 प्रतिशत या उससे कम करने तथा सुरक्षा, अग्निशमन सेवाओं और उपयोगिता सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाएं कम दरों पर उपलब्ध कराई। सहयोग की इस युति ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है, जहां एयरलाइन्स कंपनियां लंबे समय से उपेक्षित क्षेत्रों में भी सेवाएं प्रदान करने का साहस ही नहीं जुटा पाई, वहां भी अब बदस्तूर फल-फूल भी रही हैं। योजना अपने प्रारंभ से विस्तार तक अनेक चरणों से गुजरी और हर चरण में उसने भारत के क्षेत्रीय हवाई संपर्क के दायरे में इजापफा ही किया है। पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को (शिमला-दिल्ली) रवाना हुई। इसमें 5 एयरलाइन संचालकों को 70 हवाई अड्डों के लिए 128 मार्ग आवंटित किये गये इनमें 36 नये हवाई अड्डे भी शामिल रहे। उड़ान का दूसरा चरण साल 2018 में शुरू हुआ जिसमें 73 कम जुड़ाव वाले और ऐसे क्षेत्र जिनसे जुड़ाव नहीं था, उन हवाई अड्डों को शामिल किया गया। यह पहला मौका था जब हेलीपैड भी उड़ान नेटवर्क का हिस्सा बने। उड़ान योजना की तीसरा चरण 2019 में शुरू हुआ जिसमें पर्यटन मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर अनेक पर्यटन मार्ग शुरू किए गए। जल हवाई अड्डों को जोड़ने सस्ती और किफायती वायु सेवा से जोड़ने के लिए समुद्री विमान परिचालन का भी सहयोग लिया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के कई मार्गों को इस योजना से जोड़ा गया। जाहिर है, इस योजना से न केवल पर्यटन कारोबार में वृद्धि हुई। रोजगार के मौके भी बढ़े हैं। 2016 में जब यह योजना शुरू हुई थी तब 500 किमी की एक घंटे की यात्रा के लिए हवाई किराया 2,500 रुपये तक सीमित किया गया था। इस योजना के फलस्वरूप मुंद्रा (गुजरात) से अरुणाचल प्रदेश के तेजू तथा हिमाचल के कुल्लू से तमिलनाडु के सलेम तक उड़ान ने देशभर में 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जोड़ा। दरभंगा, प्रयागराज, हुबली, बेलगाम, कन्नूर हवाईअड्डे योजना के तहत ही अस्तित्व में आए। भविष्य में



और भी हवाई अड्डे आएंगे। इससे आम जन को जो राहत मिली है, उनके श्रम, समय और धन की जो बचत हुई है, उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह योजना देश के किसानों, मजदूरों को लक्ष्य करके बनाई गई थी, इसलिए भी इसका महत्व सहज ही बढ़ जाता है। उड़ान योजना सही मायने में आम आदमी के सपनों की उड़ान है, उसे और आगे बढ़ाने का निर्णय न केवल सराहनीय है बल्कि इस प्रक्रिया को और सरल, सहज बनाने और वायु क्षेत्र का दायरा बढ़ाने की जरूरत है, जिससे गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोग भी इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

इससे बढ़कर दूसरा कोई कल्याणकारी कार्य क्षत्रिय के लिये नहीं है। इसी पर प्रकाश डालते हुए पुनः योगेश्वर कहते हैं-

यदृच्छया चोपपन्नं स्वर्गद्वारमपावृतम्। सुखिनः क्षत्रियाः पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम् ।।32।।

पार्थिव शरीर को ही रथ बनाकर अचूक लक्ष्यवेधी अर्जुन ! स्वतः प्राप्त स्वर्ग के खुले हुए द्वाररूपी इस युद्ध को भाग्यवान् क्षत्रिय ही प्राप्त करते हैं। क्षत्रिय श्रेणी के साधक में तीनों गुणों को काट देने की क्षमता रहती है। उसके लिये स्वर्ग का द्वार खुला है; क्योंकि उसमें दैवी सम्पद् पूर्णतः अर्जित रहती है, स्वर में विचरने की उसमें क्षमता रहती है। यही खुला हुआ स्वर्ग का द्वार है। क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ के इस युद्ध को भाग्यवान् क्षत्रिय ही पाते हैं; क्योंकि उनमें ही इस संघर्ष की क्षमता है।दुनिया में लड़ाइयाँ होती हैं। विश्व सिमटकर लड़ता है, प्रत्येक जाति लड़ती है; किन्तु शाश्वत विजय जीतनेवाले को भी नहीं मिलती। ये तो बदले हैं। जो जिसको जितना दबाता है, कालान्तर में उसे भी उतना ही दबना पड़ता है। यह कैसी विजय है, जिसमें इन्द्रियों को सुखानेवाला शोक बना ही रहता है, अन्त में शरीर भी नष्ट हो जाता है? वास्तविक संघर्ष तो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का है, जिसमें एक बार विजय हो जाने पर प्रकृति का सदा के लिये निरोध और परमपुरुष परमात्मा की प्राप्ति हो जाती है। यह ऐसी विजय है, जिसके पीछे हार नहीं है।

अथ चेत्त्वमिमं धर्म्य सङ्ग्रामं न करिष्यसि । ततः स्वधर्म कीर्तिं च हित्वा पापमवाप्स्यसि ।। 33 ।।

और यदि तू इस 'धर्मयुक्त संग्राम' अर्थात् शाश्वत-सनातन परमधर्म परमात्मा में प्रवेश दिलानेवाला धर्मयुद्ध नहीं करेगा तो 'स्वधर्म' अर्थात् स्वभाव से उत्पन्न संघर्ष करने की क्षमता, क्रिया में प्रवृत्त होने की क्षमता को खोकर पाप अर्थात् आवागमन और अपकीर्ति को प्राप्त होगा। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।
द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# नफ़रत के सौदागरों, सद्भावना पंजाब से सीखो

आज जबकि देश के किसी न किसी भाग से नफ़रत, हिंसा, दंगा, फ़साद, मॉब लिंचिंग, मस्जिद, नमाज़, अज़ान के विरोध व समुदाय अथवा सम्प्रदाय विशेष को लक्षित कर सरे आम



–निर्मल रानी

नफ़रती भाषणबाज़ी करने जैसी ख़बरें सुनाई देती हों ऐसे समय में जब देश के किसी भी कोने से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक एकता की कोई ख़बर सुनाई दे तो निश्चित रूप से ऐसा प्रतीत होने लगता है कि सदियों से सांझी तहज़ीब व विरासत के साथ रहना वाले हमारे देश भारत में साम्प्रदायिक ताक़तों की तमाम सक्रियता व कोशिशों के बावजूद यहाँ तक कि सत्ता संरक्षित ऐसे दुष्प्रयासों के बाद भी अभी भी हमारे देश में साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव की ठंडी व सुकून बख़्शने वाली हवा चल रही है। और निश्चित रूप से यही सुकून बख़्श सद्भावना पूर्ण ठंडी हवा हमारे देश की 'अनेकता में एकता' जैसी विश्वव्यापी अवधारणा को प्रमाणित करती है। हालाँकि देश के अनेक राज्य अनेकता में एकता के तमाम ऐतिहासिक, आध्यात्मिक व धार्मिक उदाहरण पेश करते हैं परन्तु पंजाब जैसी संतों व पीरों फ़क़ीरों की पावन धरती ने इस विषय में हमेशा से ही अपना अग्रणी किरदार निभाया है।

उदाहरण के तौर पर जब पांचवें सिख गुरु, गुरु अर्जन देव जी ने 1588 में स्वर्ण मंदिर की संग ए बुनियाद रखी तो इस पुनीत कार्य के लिये उन्होंने उस समय के सुप्रसिद्ध क़ादिरी सूफ़ी फ़क़ीर मियां मीर बख़्श उर्फ़ 'मियां मीर' को चुना। गुरु अर्जन देव और मियां मीर के बीच गहरी आध्यात्मिक मित्रता थी। उस दौर में मियां मीर को उनकी पवित्रता, भक्ति और मानवता के लिए विश्वव्यापी सम्मान प्राप्त था। गुरु अर्जन देव जी ने सिख धर्म की सर्वधर्म समभाव की मूल भावना को दुनिया को दिखाने के लिये ऐसा किया था। ऐसा कर गुरु अर्जन देव ने यह साबित कर दिया कि सिख धर्म की बुनियाद प्रेम, एकता और भाईचारे पर आधारित है। सिखों के विश्व के सबसे बड़े धार्मिक स्थल की बुनियाद मियां मीर जैसे मुस्लिम सूफ़ी संत से रखवाए जाने पर निःसंदेह पूरे विश्व में यह संदेश गया कि सिख धर्म सभी धर्मों का सम्मान करता है और मानवता को एकजुट करने में विश्वास रखता है। इसी तरह पहले सिख गुरु,गुरु नानक देव् जी का भी अनेक मुस्लिमों फ़क़ीरों से गहरा प्यार था। इनमें मुस्लिम समुदाय से ही सम्बन्ध रखने वाले मर्दाना का नाम ख़ासतौर पर सिख इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाता है। गुरु नानक व मर्दाना के बीच गहरा आध्यात्मिक और मैत्रीपूर्ण संबंध था। मर्दाना की सादगी, भक्ति और गुरु नानक के प्रति निष्ठा ने उन्हें सिख इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। मर्दाना गुरु नानक के साथ लगभग 27 वर्षों तक रहे। इसी तरह 1705 में घटी सरहिंद की वह घटना इतिहास में एक मील के पत्थर के समान है जिसमें मलेरकोटला के नवाब शेर मुहम्मद ख़ान ने औरंगज़ेब के शासनकाल के तत्कालीन न्यायाधीश वज़ीर ख़ान के उस आदेश का अदालत में खड़े होकर सार्वजनिक तौर पर विरोध किया था जिसमें गुरुगोविंद सिंह के दो बच्चों 9 वर्षीय साहिबज़ादा ज़ोरावर सिंह और 7 वर्षीय साहिबज़ादा फ़तेह सिंह को दीवार में ज़िंदा चुनवाने का हुक्म दिया गया था। इस क्रूर सज़ा का तत्कालीन नवाब मलेरकोटला शेर मोहम्मद ख़ान ने यह कहते हुये विरोध किया था कि मासूम बच्चों को मारना इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है। उन्होंने तर्क दिया था कि युद्ध के नियमों में महिलाओं और बच्चों को नुक़्सान नहीं पहुंचाया जाता, और यह कृत्य धार्मिक रूप से अनुचित है। यही वजह है कि मलेरकोटला आज भी पंजाब का ऐसा मुस्लिम बहुल क्षेत्र है जहां हिंदू, सिख और मुस्लिम हमेशा शांति से रहते आ रहे हैं। यहाँ तक कि 1947 के भारत-पाक विभाजन के दौरान जब पंजाब के बड़े इलाक़े में भयानक दंगे हुए उस समय भी मलेरकोटला में कोई हिंसा नहीं हुई। यहाँ के सिखों ने मलेरकोटला के मुस्लिमों की न केवल रक्षा की बल्कि उन्हें पाकिस्तान की ओर कुछ भी नहीं करने दिया। क्योंकि वे गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहबज़ादों को दीवार में ज़िंदा चुने जाने के नवाब के विरोध को हमेशा याद रखते आ रहे हैं। यहां तक कि 1947 में पड़ोसी क्षेत्रों से भागे मुस्लिमों को भी मलेरकोटला में शरण तक मिली थी।

साम्प्रदायिक सद्भावना की मिसाल पेश करने वाली पंजाब की इसी पवित्र धरती से पिछले दिनों एक और ख़ुशगवार ख़बर सुनाई दी। यहाँ के मशहूर शहर पटियाला के निकट एक गांव में 18वीं-19वीं शताब्दी की



बताई जा रही एक मस्जिद जोकि देश के विभाजन के बाद से सुनसान पड़ी थी उस वीरान मस्जिद भवन को स्थानीय सिख परिवारों संभाल रखा था। क्योंकि आसपास मुस्लिम आबादी की कमी थी जिससे यहाँ नमाज़ की अदायगी नहीं हो पा रही थी। विगत 21 अक्टूबर को सरपंच हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में सिख समुदाय ने औपचारिक रूप से इस मस्जिद को स्थानीय मुस्लिम परिवारों और वक़्फ़ बोर्ड को सौंप दिया। सिखों ने न केवल मस्जिद व उसकी ज़मीन वापस की बल्कि इस जीर्ण अवस्था की मस्जिद के जीर्णोद्धार हेतु 5 लाख रुपये का योगदान भी दिया। इस घटना पर केवल मुस्लिम या सिख ही नहीं बल्कि स्थानीय हिंदू समुदाय द्वारा भी ख़ुशी मनाई गयी और सब ने मिलकर मिठाइयां बांटकर इस अवसर पर सामूहिक रूप से जश्न मनाया। अब यहां मुस्लिम समाज द्वारा रोज़ाना नमाज़ अदा की जा रही है।

ऐसी ही ख़बर अमृतसर ज़िले की अजनाला तहसील के रायज़ादा गांव से आई। रावी नदी के तट पर बसे इस गांव में एक मस्जिद 1947 से बंद पड़ी थी। लगभग खंडहर का रूप ले चुकी इस मस्जिद को भी स्थानीय सिख किसानों ने संभाल रखा था परन्तु नमाज़ के लिए इसका भी उपयोग नहीं हो रहा था।

## प्रेरक प्रसंग

### पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई।

आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं।

इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थौली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पडूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे।

बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

### अब पटाखों के विकल्पों का प्रयोग हो

जैसा अनुमान था, दीवाली के अगले ही दिन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता सहित देश के कई बड़े शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर फिर से खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया। यह तथ्य साबित करता है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली या उत्तर भारत की समस्या नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। ग्रीन पटाखों की अवधारणा भले ही पर्यावरण हितैषी बताई जाती हो, किंतु वास्तविकता यह है कि इनके नाम पर पारंपरिक, अधिक प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे भी बड़े पैमाने पर जलाए जाते हैं। यह सत्य है कि वायु प्रदूषण का कारण केवल पटाखे नहीं हैं, इसमें वाहनों का धुआं, निर्माण कार्य, पराली जलाना और उद्योगों से निकलने वाली गैसें भी शामिल हैं। फिर भी यह अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि पटाखों से होने वाला धुआं और रासायनिक कण दीवाली की रात हवा को जहरीला बना देते हैं। दुख की बात यह है कि जनता को इस खतरे की जानकारी होते हुए भी, परंपरा और उत्सव के नाम पर संयम नहीं बरता जाता। अगर प्रकाश का अर्थ केवल पटाखों की चकाचौंध रह गया, तो हम अपने ही स्वास्थ्य पर अंधकार फैला रहे हैं। पटाखे छोड़ना वस्तुतः अपने धन को आग लगाने जैसा है। यह प्रदूषण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसी परिवार के बच्चों, बुजुर्गों और रोगियों को भी प्रभावित करता है जो पटाखे जलाते हैं। यह धूम्रपान की तरह है ,नुकसान सबको समान रूप से झेलना पड़ता है। इस समस्या का स्थायी समाधान केवल सरकारी आदेशों या न्यायालय के प्रतिबंधों से नहीं होगा। यह आत्मसंयम और सामाजिक चेतना से ही संभव है। हमें ऐसी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए, जो उत्सव की खुशी तो दें, लेकिन प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), लेजर शो और अत्याधुनिक लाइट तकनीक से पटाखों की तुलना में कहीं अधिक सुंदर, रंगीन और सुरक्षित दृश्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जिस प्रकार दशहरे पर सामूहिक रूप से रावण दहन देखा जाता है, उसी प्रकार शहरों में सामूहिक 'लेजर दीवाली' का आयोजन किया जा सकता है।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# खास दिन के लिए बेस्ट आउटफिट आइडिया



## भाई-बहन की बॉन्डिंग दिखेगी फैशन में

भाई दूज के दिन भाई-बहन अपना स्टाइलिश अंदाज भी दिखाते हैं। तो अगर 2025 में आप भाई दूज के दिन को और खास बनाना चाहते हैं, तो क्यों न इस बार ट्यूनिंग आउटफिट्स पहनकर इस रिश्ते में और रंग भरें? भाई-बहन की जोड़ी अगर एक जैसे या मैचिंग ट्रेडिशनल कपड़ों में तैयार हो, तो वो पल और भी यादगार बन जाता है। चाहे आप कुर्ता-पायजामा और साड़ी का कॉम्बो चुनें या इंडो-वेस्टर्न ट्विनिंग करें, बस थोड़ा सा फैशन सेंस आपको बना सकता है फेस्टिव सीजन का ट्रेंडसेटर। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कुछ बेहतरीन और क्यूट आउटफिट आइडियाज, जिससे आप और आपके भाई की जोड़ी भाई दूज पर लगें सबसे स्टाइलिश।

**पहला लुक**

कुछ हैवी कैरी करना है तो आप खुद तो हैवी सा अनारकली सूट पहनें, और अपने भाई को ऐसे बंद गले वाला कुर्ता पहनाएं। आपका आउटफिट अगर कॉन्ट्रास्ट में भी होगा, तो भी देखने में अच्छा लगेगा। भाईयों का लुक तो सिंपल ही अच्छा लगता है, लेकिन आप चाहें तो अपने लुक को ज्वैलरी और हेयर स्टाइल से अलग बना सकती हैं।

**दूसरा लुक**

अगर आप गुलाबी रंग का चूड़ीदार पहन रही हैं तो अपने भाई को ब्लैक रंग का आउटफिट पहनाएं। गुलाबी और ब्लैक रंग का कॉम्बिनेशन देखने में कमाल का लगता है। अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए आप बालों को कर्ल करके खुला रख सकती हैं।

**तीसरा लुक**

सिंपल सा लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसा पीले रंग का सूट पहनें। इसके साथ जब आपका भाई ब्लू रंग का सूट पहनेगा तो आप दोनों का लुक प्यारा दिखेगा। ये दोनों ही आउटफिट ज्यादातर लोगों के पास होते हैं। ऐसे में आप इसका चयन कर सकते हैं।

**चौथा लुक**

एकदम मैचिंग आउटफिट पहनना है तो इस तरह से आप तो कुर्ती और पायजामी पहन सकती हैं। इसके अलावा अपने भाई को भी सेम फैब्रिक और रंग का कुर्ता पहनाएं। आप दोनों जब एक जैसे कपड़े पहनेंगे तो लोग आपकी नजर उतारने से पीछे नहीं हटेंगे।

**पांचवा लुक**

बात जब साड़ी की हो, तो उससे अच्छा विकल्प त्योहारों के मौके पर कुछ हो नहीं सकता। ऐसे में आप खुद साड़ी पहनकर आप अपने भाई को कुर्ता-पायजामा पहना सकती हैं। कपड़ों का ये कॉम्बिनेशन भी देखने में कमाल का लगता है।

# दो मुंहे बालों से छुटकारा पाने के घरेलू उपाय

*प्रदूषण की वजह से हर कोई आजकल काफी परेशान है। प्रदूषण का सीधा असर लोगों की त्वचा और बालों पर देखा जा रहा है। प्रदूषण के दौरान यदि बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो दो मुंहे बालों की समस्या का होना बेहद आम है। दो मुंहे बाल देखने में तो अजीब लगते ही हैं, इनकी वजह से लुक भी खराब दिखने लगता है। इस परेशानी से ही बालों की ग्रोथ पर भी असर पड़ता है।*

यदि आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल मजबूत और शाइनी दिखेंगे। इन नुस्खों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।











**ट्रिमिंग है जरूरी**

यदि आपके बाल दो मुंहे हो रहे हैं तो बालों की नियमित ट्रिमिंग करें। इसके लिए हर 6-8 सप्ताह में बालों को ट्रिम करवाएं। इससे दो मुंहे बाल हट जाएंगे और बाल स्वस्थ दिखेंगे। यदि आप समय पर ट्रिमिंग नहीं कराएंगे तो इससे बालों की ग्रोथ पर गहरा असर पड़ेगा।

**नारियल तेल का उपयोग करें**

दो मुंहे बालों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो बालों पर हल्के गर्म नारियल तेल की मालिश करें। इसे 1-2 घंटे छोड़ें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें। ये बालों को पोषण देता है और दोमुंहे बालों को रोकता है। इसका इस्तेमाल तेल को हल्का गुनगुना करके ही करें, तभी ये ज्यादा फायदेमंद होगा।

**एलोवेरा जेल लगाएं**

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो एलोवेरा जेल को बालों के सिरों पर लगाएं और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को धो लें। ये बालों को मॉइस्चराइज करता है और दो मुंहे बालों को ठीक करता है।

**अंडे का मास्क बनाएं**

यदि आपको अंडा लगाने में कोई परेशानी नहीं है तो 1 अंडे को फेंटें और उसमें 2 बड़े चम्मच जैतून का तेल और शहद मिलाएं। इसे बालों में लगाकर 30 मिनट तक रखें। तीस मिनट के बाद बालों को शैंपू से धो लें। अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है और बालों को मजबूती देता है।

**शहद और दही का मास्क**

शहद और दही में पाए जाने वाले तत्व भी बालों के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसके लिए 2 बड़े चम्मच दही और 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे बालों पर लगाएं और 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें। धोने के बाद बाल मुलायम और चमकदार दिखेंगे।

**केला और पपीता मास्क**

इस मास्क को बनाना काफी आसान है। इसके लिए सिर्फ 1 पका हुआ केला और पपीता मिक्स करके उसमें 1 बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। इसे बालों में लगाएं और 30 मिनट तक रखें। यह मास्क बालों को नमी और चमक देता है।

# इन घरेलू नुस्खों से पाएं शाइनी और मजबूत बाल



सर्दी हो या गर्मी, बदलते मौसम का असर हमारे बालों पर साफ नजर आता है। बाल रूखे, बेजान और फ्रिज़ी हो जाते हैं। इससे बालों का झड़ना और कमजोर होना जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इन सबके लिए हम कई महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वो भी अक्सर मनचाहा असर नहीं दिखा पाते। ऐसे में अगर बिना पैसे खर्च किए, कोई आसान और असरदार नुस्खा मिल जाए तो क्या बात होगी!

**सामग्री :** शैम्पू - 2 चम्मच, एलोवेरा जेल - 1 चम्मच, नारियल का तेल - 1/2 चम्मच, नींबू का रस - 1/2 चम्मच, पानी - 1/2 कप।

**नुस्खा तैयार करने का तरीका :** सबसे पहले एक बाउल लें और उसमें 2 चम्मच शैम्पू डालें। अब इसमें 1 चम्मच एलोवेरा जेल, आधा चम्मच नारियल का तेल और आधा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद, 1/2 कप पानी डालकर सबकुछ अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण को शैम्पू की तरह अपने बालों पर लगाएं और हल्के हाथों से स्कैल्प की मसाज करें। फिर इसे पानी से धो लें। पहले ही इस्तेमाल के बाद आपके बाल सिल्की और स्मूद हो जाएंगे।

**नुस्खे के फायदे :** इस नुस्खे में इस्तेमाल की गई सामग्रियां आपके बालों के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल बालों की मरम्मत के लिए एक प्राकृतिक उपाय है। यह बालों को गहराई से रिपेयर करता है और उन्हें मॉइस्चराइज करके रूखेपन को दूर करता है। इसके नियमित उपयोग से डैमेज बाल हेल्दी और चमकदार हो जाते हैं। एलोवेरा जेल बालों के टेक्सचर को भी सुधारता है और स्कैल्प में ठंडक प्रदान करता है। यह हेयर ग्रोथ को बढ़ाने के साथ-साथ बालों की जड़ों को भी मजबूती देता है।

**नारियल का तेल :** नारियल का तेल बालों की देखभाल का सबसे असरदार और प्राचीन उपाय है। यह बालों को पोषण देकर जड़ों को मजबूत बनाता है और उन्हें टूटने से बचाता है। नारियल का तेल फ्रिज़ी बालों को आसानी से मैनेजेबल बनाता है और बालों की प्राकृतिक चमक को बढ़ाता है। यह स्कैल्प को मॉइस्चराइज कर ड्रायनेस और खुजली को दूर करता है, जिससे बालों का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

**नींबू का रस :** नींबू का रस बालों और स्कैल्प की डीप क्लींजिंग में मदद करता है। यह बालों की जड़ों से गंदगी, डैंड्रफ और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाकर उन्हें साफ और ताजा बनाता है। इसके साथ ही यह बालों को हल्का और चमकदार बनाता है। नींबू का रस स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देता है, जिससे बालों की ग्रोथ बेहतर होती है। यह डैंड्रफ और स्कैल्प की अन्य समस्याओं से बचाने में भी कारगर है।

**पानी :** पानी इस फॉर्मूले को हल्का और बालों के लिए उपयोगी बनाता है। यह बालों की प्राकृतिक नमी को सुरक्षित रखते हुए शैंपू के असर को बढ़ाने में मदद करता है। पानी शैंपू को बालों पर आसानी से फैलाने में सहायक होता है और बाल धोने के दौरान स्कैल्प को एक सुखद अनुभव प्रदान करता है। यह बालों को साफ करने के साथ-साथ उनकी नरमी और चमक को भी बनाए रखता है। नुस्खे का समग्र प्रभाव : इन सभी सामग्रियों का संयोजन बालों को गहराई से पोषण देने के साथ-साथ उन्हें सिल्की, स्मूथ और हेल्दी बनाता है। यह नुस्खा बालों की फ्रिज़ीनेस को दूर करने के साथ-साथ उन्हें चमकदार और मैनेजेबल बनाता है।

# चेहरे की रूखी त्वचा को सॉफ्ट बनाएं, बस सुबह करें ये काम



रूखी और बेजान त्वचा आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, धूल-मिट्टी और गलत खानपान के कारण एक आम समस्या बन गई है। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में त्वचा में नमी की कमी होने से यह और भी गंभीर हो जाती है। लेकिन अगर आप चाहें तो कुछ आसान और घरेलू उपायों को अपनाकर अपनी त्वचा को मुलायम और नर्म बना सकती हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि सुबह उठकर चेहरे पर कौन सी चीजें लगाएं, जिससे आपकी त्वचा सॉफ्ट और ग्लोइंग बने।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा का उपयोग त्वचा के लिए एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। इसमें प्राकृतिक गुण होते हैं जो त्वचा को हाइड्रेटेड और नर्म बनाए रखते हैं। आप एलोवेरा के ताजे पत्ते से जेल निकालकर इसे अपने चेहरे पर लगा सकती हैं। इसे रात भर छोड़ने के बाद सुबह धो लें। यह त्वचा में नमी बनाए रखता है और किसी भी प्रकार की जलन और सूजन को शांत करता है।

**शहद और नींबू का मिश्रण :** शहद त्वचा के लिए एक बेहतरीन मॉइस्चराइजर है, जबकि नींबू में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो त्वचा को साफ और चमकदार बनाते हैं। एक चम्मच शहद में कुछ बूँदें नींबू की डालकर अच्छे से मिला लें और इसे चेहरे पर लगाएं। इस मिश्रण को 10-15 मिनट तक चेहरे पर छोड़कर धो लें। यह त्वचा को सॉफ्ट और मुलायम बनाने में मदद करेगा।

**गुलाब जल :** गुलाब जल त्वचा के लिए एक प्राकृतिक टोनर के रूप में काम करता है। यह त्वचा में नमी बनाए रखता है और साथ ही साथ इसे ताजगी भी प्रदान करता है। सुबह उठते ही चेहरे को हल्के से गुलाब जल से स्प्रे करें और कुछ मिनटों तक छोड़ दें। इससे त्वचा को प्राकृतिक नमी मिलेगी और आपकी त्वचा ग्लो करेगी। **दही और हल्दी का पेस्ट :** दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाकर नई त्वचा को उजागर करता है। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा की इन्फेक्शन और जलन को शांत करते हैं। एक चम्मच दही में आधी चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर अच्छे से लगाएं। इसे 10-15 मिनट तक छोड़ने के बाद धो लें। इससे आपकी त्वचा मुलायम और सॉफ्ट बनेगी।

**ओटमील और दूध का पैक :** ओटमील में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स होते हैं जो त्वचा को हाइड्रेट रखते हैं। दूध में लैक्टिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और उसे मुलायम बनाता है। ओटमील और दूध का एक पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक छोड़ें और फिर धो लें।

# पार्टी में ग्लैमरस लुक पाने के लिए करें ये हेयर स्टाइल्स



पार्टी के लिए परफेक्ट आउटफिट के साथ- साथ परफेक्ट हेयरस्टाइल भी जरूरी है। क्योंकि एक अच्छा हेयरस्टाइल आपके लुक को पूरी तरह से बदल सकता है। यहां कुछ बेहतरीन पार्टी हेयरस्टाइल के विकल्प दिए गए हैं, जिन्हें आप न्यू ईयर पार्टी के लिए आसानी से ट्राई कर सकती हैं।

**स्लीक पोनीटेल**

बालों को स्ट्रेट करें और पीछे की ओर टाइट पोनीटेल बनाएं। हेयर जेल या स्प्रे का इस्तेमाल करें ताकि लुक लंबे समय तक टिके। यह लुक मॉडर्न और क्लासी दिखता है।

**सॉफ्ट कर्ल्स**

बालों को हल्का कर्ल करें और खुले छोड़ दें। कर्ल को सेट करने के लिए हेयर स्प्रे का उपयोग करें। यह लुक गाउन या साड़ी के साथ शानदार लगता है।

**फ्रेंच ब्रैड**

यह हेयरस्टाइल पारंपरिक और वेस्टर्न दोनों लुक के साथ अच्छा लगता है। फ्रेंच ब्रैड बनाएं और इसे थोड़ा लूज रखें। इसे सजाने के लिए फूलों या क्लिप्स का इस्तेमाल करें।

**जुड़ा**

यह क्लासी और सिंपल हेयरस्टाइल है। बालों को लूज बन बनाएं और कुछ स्ट्रैंड्स को बाहर निकालें। इसे और खूबसूरत बनाने के लिए हेयर एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें।

**साइड ब्रैडेड हेयर**

बालों के एक तरफ चोटी बनाएं और बाकी बाल खुले रखें। यह लुक ट्रेडिशनल और पार्टी दोनों के लिए परफेक्ट है।

**पफ और कर्ल्स**

फ्रंट में हल्का पफ बनाएं और बाकी बालों को कर्ल कर लें। यह हेयरस्टाइल किसी भी पार्टी वियर ड्रेस के साथ आकर्षक लगता है।

**लो बन**

बालों को पीछे की तरफ लो बन में बांधें। इस लुक को और भी ग्लैमरस बनाने के लिए बालों में गजरा या हेयरपिन लगाएं।

**ध्यान में रखें ये बात**

- हेयरस्टाइल से पहले बालों को अच्छे से धोएं और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।
- बालों को शाइन और सेट करने के लिए हेयर सीरम का उपयोग करें।
- अपने आउटफिट और ज्वेलरी के अनुसार हेयरस्टाइल चुनें।



अगर आप भी हर साल की तरह इस साल भाई दूज का त्योहार सेलिब्रेट करने वाली हैं और ऐसे में सेलिब्रेशन के दौरान अगर आपका भाई आपको कोई गिफ्ट देता है, तो इस साल आप उससे पायल गिफ्ट में ले सकती हैं। अगर आपको पायल पहनना बहुत पसंद है, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे पायल डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप गिफ्ट में अपने भाई से ले सकती हैं।

**पायल के नए डिजाइन-** अगर इस साल आपका भाई भी आपके भाई दूज के दिन कोई उपहार देने वाला है, तो आप उसे इस तरह की खूबसूरत थ्री लेयर घुंघरू पायल को गिफ्ट में ले सकती हैं. ऐसी पायल डिजाइन इन दिनों काफी चलन में है और अधिकतर महिलाओं को पसंद आ रही हैं. ऐसे में आप भी इस तरह के पायल को गिफ्ट में लेकर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं साथ ही अपने लुक को अट्रैक्टिव भी बना सकती हैं।

**व्हाइट स्टोन घुंघरू पायल डिजाइन-** आप चाहे तो इस साल भाई दूज के दिन अपने भाई से इस तरह की खूबसूरत व्हाइट स्टोन घुंघरू पायल डिजाइन को गिफ्ट में ले सकती हैं. ऐसी पायल डिजाइन पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने के साथ-साथ आपके लुक को भी बेहतर बनाने में मदद करेगी।

# ऑलिव ऑयल से करें मालिश, त्वचा में निखार के साथ दिमाग भी रहेगा शांत



जैतून का तेल सदियों से अपनी औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। खाने में इस्तेमाल होने के अलावा, इसका उपयोग त्वचा और बालों की देखभाल के लिए भी किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जैतून के तेल से शरीर की मालिश करने के भी कई फायदे हैं? जी हां, जैतून के तेल में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आइए जानें जैतून के तेल से मालिश करने के फायदों के बारे में।

**जैतून का तेल क्यों है खास?**

जैतून का तेल विटामिन-ई और के, ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। ये सभी पोषक तत्व त्वचा को पोषण देने, सूजन कम करने और त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करते हैं।

**जैतून के तेल से मालिश करने के फायदे- त्वचा के लिए :** नमी देता है- जैतून का तेल त्वचा को गहराई से नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा रूखी और बेजान नहीं होती। सर्दियों में यह खासकर फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि इस मौसम में स्किन ज्यादा ड्राई होती है। झुर्रियां कम करता है- इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा के सेल्स को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं और त्वचा जवां दिखती है। सूजन कम करता है- जैतून का तेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। त्वचा की रंगत निखारता है- नियमित रूप से जैतून के तेल से मालिश करने से त्वचा की रंगत निखरती है और दाग-धब्बे कम होते हैं। एक्जिमा और सोरायसिस में लाभकारी- जैतून का तेल इन स्किन डिजीज के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

**बालों के लिए :** बालों को मजबूत बनाता है- जैतून का तेल बालों को मजबूत बनाता है और बालों के झड़ने को रोकता है। बालों को मुलायम और चमकदार बनाता है- यह बालों को गहराई से पोषण देता है, जिससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं। खुजली और रूसी को कम करता है- जैतून का तेल खोपड़ी को शांत करता है और खुजली और रूसी को कम करता है।

**शरीर के लिए-** मासंपेशियों को आराम देता है- जैतून का तेल से मालिश करने से मसल्स में दर्द और थकान कम होती है। इससे तनाव कम करने में भी मदद मिलती है। सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है- यह शरीर में ब्लड सर्कुलेसन को बेहतर बनाता है, जिससे ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्या कम होती है। तनाव कम करता है- मालिश का रिलैक्सिंग इफेक्ट तनाव को कम करने में मदद करता है।

**जैतून के तेल से मालिश ऐसे करें**

तेल को गर्म करें- जैतून के तेल को हल्का गर्म करें, ताकि यह त्वचा में आसानी से एब्जॉर्ब हो जाए।

**हल्के हाथों से मालिश करें-** त्वचा पर हल्के हाथों से मालिश करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 23 अक्टूबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, द्वितीया तिथौ गुरु वासरे 22/48/ विशाखा नक्षत्रे 28/5/ आयुष्मान योग 29/00/ बालव करणे 09/33/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.22मि.06पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भातृ द्वितीया। यम द्वितीया। चित्रगुप्त पूजा। यम पूजा। भैया दूज। यम पंचक समाप्त। कलम दवात पूजा। श्री गुरू ग्रन्थ साहब गुरयायी दिवस।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्यों पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी। चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रूचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने से हर्ष होगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे ने त्योहार पर यात्रियों की सुरक्षा के किए इंतजाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने रेल यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए दीपावली एवं छठ त्योहार पर यात्री सुरक्षा एवं सुगम रेल संचालन के लिए पूजा विशेष ट्रेनों का संचालन किया रहा है। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्लेटफार्म, एफओबी. वेटिंग हाल, एसी. लाउंज, सर्कुलेटिंग एरिया व होल्डिंग एरिया व सभी इंट्री प्वाइंट पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा प्लेटफार्म पर लाउड हेलर से उद्घोषणा कर यात्रियों को किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा खानपान न किये जाने के लिए जहरखुरानी गैंग से बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## स्टेशनों पर चला स्वच्छता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय रेल पर 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षकों ने कांट्रैक्ट कर्मचारियों और रेलवे कर्मचारियों के साथ मिलकर स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों, डिपो, पटरियों और आसपास के क्षेत्रों में सघन सफाई कार्य किया गया।

# कार्यालय उपजिलाधिकारी फतेहपुर, बाराबंकी।

पत्रांक : 1151/र0का0/तालाब नीलामी — दिनांकः 13 अक्टूबर, 2025

## सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 61 व उ0प्र0रा0सं0 नियमावली 2016 के नियम 57 व 58 में दी गयी व्यवस्थानुसार निम्नांकित तालाबों के मत्स्य पालन आवंटन हेतु दस वर्षीय आवंटन/नीलामी हेतु **दिनांक 29.10.2025 व 04.11.2025 को** तहसील फतेहपुर सभागार में शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में इच्छुक व्यक्ति तहसील फतेहपुर के लोक सभागार में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भाग ले सकते हैं।

| क्र0 | ग्राम का नाम | परगना | गाटा संख्या | क्षेत्रफल | नीलामी हेतु नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अकबरपुर | कुर्सी | 147 | 0.331 | 29.10.2025 |
| 2 | अगासण्ड | कुर्सी | 189 | 0.430 | 29.10.2025 |
| 3 | अगासण्ड | कुर्सी | 430/2 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 4 | अगौली | कुर्सी | 25 | 0.308 | 29.10.2025 |
| 5 | अमरसण्डा | कुर्सी | 402 | 0.304 | 29.10.2025 |
| 6 | अमरसण्डा | कुर्सी | 327 | 0.347 | 29.10.2025 |
| 7 | अमरसण्डा | कुर्सी | 1248 | 0.291 | 29.10.2025 |
| 8 | अमेरा | मोहम्मदपुर | 92 | 0.266 | 29.10.2025 |
| 9 | असोहना | फतेहपुर | 378 | 0.202 | 29.10.2025 |
| 10 | असोहना | फतेहपुर | 526 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 11 | असोहना | फतेहपुर | 234 | 0.337 | 29.10.2025 |
| 12 | अहमदपुर | फतेहपुर | 188 | 0.277 | 29.10.2025 |
| 13 | आलमपुर | फतेहपुर | 269 | 0.296 | 29.10.2025 |
| 14 | आलमपुर | फतेहपुर | 98 | 0.375 | 29.10.2025 |
| 15 | आल्हेमऊ | मोहम्मदपुर | 179 | 0.385 | 29.10.2025 |
| 16 | आल्हेमऊ | मोहम्मदपुर | 41 | 0.639 | 29.10.2025 |
| 17 | इनामीपुर | फतेहपुर | 99 | 1.227 | 29.10.2025 |
| 18 | इमलीपुर | मोहम्मदपुर | 126 | 0-830 | 29.10.2025 |
| 19 | उतरावां | फतेहपुर | 14 | 0.481 | 29.10.2025 |
| 20 | उतरावां | फतेहपुर | 61 | 0.585 | 29.10.2025 |
| 21 | उतरावां | फतेहपुर | 301 | 0.961 | 29.10.2025 |
| 22 | उतरावां | फतेहपुर | 271 | 1.256 | 29.10.2025 |
| 23 | उमरा | कुर्सी | 583 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 24 | उमरी | मोहम्मदपुर | 199 | 0.297 | 29.10.2025 |
| 25 | उमरी | मोहम्मदपुर | 153 | 0.304 | 29.10.2025 |
| 26 | उमरी | मोहम्मदपुर | 399 | 0.231 | 29.10.2025 |
| 27 | ओतिया | फतेहपुर | 121 | 0.316 | 29.10.2025 |
| 28 | ओतिया | फतेहपुर | 306 | 0.335 | 29.10.2025 |
| 29 | ओतिया | फतेहपुर | 416 | 0.708 | 29.10.2025 |
| 30 | ओदरिया | कुर्सी | 514 | 0.465 | 29.10.2025 |
| 31 | कन्दरौला | फतेहपुर | 627 | 0.531 | 29.10.2025 |
| 32 | कसौंजा | मोहम्मदपुर | 71 | 1.252 | 29.10.2025 |
| 33 | कामीपुर | कुर्सी | 299 | 0.304 | 29.10.2025 |
| 34 | कुर्सी | कुर्सी | 188 | 0.223 | 29.10.2025 |
| 35 | कुर्सी | कुर्सी | 587 | 0.24 | 29.10.2025 |
| 36 | कुर्सी | कुर्सी | 1220 | 0.253 | 29.10.2025 |
| 37 | कुर्सी | कुर्सी | 195 | 0.367 | 29.10.2025 |
| 38 | कोड़री गोपालपुर | फतेहपुर | 1026 | 0.341 | 29.10.2025 |
| 39 | कोढ़वा | कुर्सी | 344 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 40 | कोढ़वा | कुर्सी | 345 | 0.329 | 29.10.2025 |
| 41 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 265 | 0.392 | 29.10.2025 |
| 42 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 104 | 0.873 | 29.10.2025 |
| 43 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 117 | 0.425 | 29.10.2025 |
| 44 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 384 | 1.033 | 29.10.2025 |
| 45 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 461 | 0.531 | 29.10.2025 |
| 46 | क्योंटली | मोहम्मदपुर | 467 | 0.468 | 29.10.2025 |
| 47 | खण्डेहरा | मोहम्मदपुर | 111 | 0.642 | 29.10.2025 |
| 48 | खण्डेहरा | मोहम्मदपुर | 507 | 0.430 | 29.10.2025 |
| 49 | खान मोहम्मदपुर | कुर्सी | 130 | 0.341 | 29.10.2025 |
| 50 | खान मोहम्मदपुर | कुर्सी | 225 | 0.221 | 29.10.2025 |
| 51 | खिंझना | कुर्सी | 1457 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 52 | खिंझना | कुर्सी | 2397 | 0.341 | 29.10.2025 |
| 53 | खिंझना | कुर्सी | 1550 | 0.455 | 29.10.2025 |
| 54 | खुज्झी | कुर्सी | 401 | 0.234 | 29.10.2025 |
| 55 | खुज्झी | कुर्सी | 453 | 0.561 | 29.10.2025 |
| 56 | खुज्झी | कुर्सी | 469 | 0.848 | 29.10.2025 |
| 57 | खुज्झी | कुर्सी | 569 | 0.778 | 29.10.2025 |
| 58 | खुज्झी | कुर्सी | 1011 | 1.025 | 29.10.2025 |
| 59 | गंगौला | फतेहपुर | 134 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 60 | गड़चप्पा | मोहम्मदपुर | 233 | 0.515 | 29.10.2025 |
| 61 | गड़िया | कुर्सी | 31 | 0.278 | 29.10.2025 |
| 62 | गड़िया | कुर्सी | 216 | 0.202 | 29.10.2025 |
| 63 | गड़िया | कुर्सी | 98 | 0.259 | 29.10.2025 |
| 64 | गड़िया | कुर्सी | 135 | 0.259 | 29.10.2025 |
| 65 | गड़िया | कुर्सी | 125 | 0.360 | 29.10.2025 |
| 66 | गड़िया | कुर्सी | 18 | 0.727 | 29.10.2025 |
| 67 | गड़िया | कुर्सी | 205 | 1.037 | 29.10.2025 |
| 68 | गुड़ौली | फतेहपुर | 177 | 0.218 | 29.10.2025 |
| 69 | गुड़ौली | फतेहपुर | 157 | 0.405 | 29.10.2025 |
| 70 | गोड़ैचा | कुर्सी | 440 | 0.231 | 29.10.2025 |
| 71 | गोड़ैचा | कुर्सी | 430 | 0.397 | 29.10.2025 |
| 72 | गौरा गजनी | फतेहपुर | 291 | 0.234 | 29.10.2025 |
| 73 | घघसी | फतेहपुर | 124 | 0.266 | 29.10.2025 |
| 74 | घुंघटेर | कुर्सी | 1779 | 0.481 | 29.10.2025 |
| 75 | चकिया | कुर्सी | 1111 | 0.278 | 29.10.2025 |
| 76 | चकिया | कुर्सी | 826 | 0.842 | 29.10.2025 |
| 77 | छेदा | मोहम्मदपुर | 1206 | 0.202 | 29.10.2025 |
| 78 | जगतपुर | मोहम्मदपुर | 146 | 0.212 | 29.10.2025 |
| 79 | जिगनी | मोहम्मदपुर | 275 | 0.291 | 29.10.2025 |
| 80 | जिगनी | मोहम्मदपुर | 123 | 0.329 | 29.10.2025 |
| 81 | जिगनी | मोहम्मदपुर | 420 | 0.367 | 29.10.2025 |
| 82 | जिन्दपुर | कुर्सी | 1 | 0.253 | 29.10.2025 |
| 83 | जियनपुर | फतेहपुर | 166 | 0.580 | 29.10.2025 |
| 84 | ज्योली | मोहम्मदपुर | 202 | 0.794 | 29.10.2025 |
| 85 | ज्योली | मोहम्मदपुर | 295 | 0.558 | 29.10.2025 |
| 86 | झंझरी | मोहम्मदपुर | 22 | 0.617 | 29.10.2025 |
| 87 | झंझरी | मोहम्मदपुर | 246 | 0.329 | 29.10.2025 |
| 88 | झंझरा | मोहम्मदपुर | 10 | 0.449 | 29.10.2025 |
| 89 | झंझरा | मोहम्मदपुर | 48 | 0.759 | 29.10.2025 |
| 90 | झरसवां | फतेहपुर | 130 | 0.392 | 29.10.2025 |
| 91 | झरसवां | फतेहपुर | 773 | 0.392 | 29.10.2025 |
| 92 | टंडवा नानकारी | फतेहपुर | 63 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 93 | टांडा निजामअली | फतेहपुर | 1430 | 0.385 | 29.10.2025 |
| 94 | टिकरा | कुर्सी | 450 | 0.318 | 29.10.2025 |
| 95 | टिकरा | कुर्सी | 225 | 0.364 | 29.10.2025 |
| 96 | टिकरा | कुर्सी | 101 | 0.411 | 29.10.2025 |
| 97 | टेढ़वा | फतेहपुर | 72 | 0.375 | 29.10.2025 |
| 98 | टेढ़वा | फतेहपुर | 236 | 0.753 | 29.10.2025 |
| 99 | ठकुरामऊ | कुर्सी | 163 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 100 | डिंगरी | कुर्सी | 529 | 0.278 | 29.10.2025 |
| 101 | डिंगरी | कुर्सी | 177 | 0.379 | 29.10.2025 |
| 102 | डिंगरी | कुर्सी | 22 | 2.670 | 29.10.2025 |
| 103 | तरावां | फतेहपुर | 615 | 0.291 | 29.10.2025 |
| 104 | तालगांव | फतेहपुर | 174 | 1.546 | 29.10.2025 |
| 105 | ताहिरपुर | कुर्सी | 232 | 0.999 | 29.10.2025 |
| 106 | ददेरा | कुर्सी | 344 | 0.360 | 29.10.2025 |
| 107 | ददेरा | कुर्सी | 109 | 0.405 | 29.10.2025 |
| 108 | दरावां | कुर्सी | 1691 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 109 | दीनपनाह | कुर्सी | 430 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 110 | दीनपनाह | कुर्सी | 464 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 111 | दीनपनाह | कुर्सी | 1000 | 0.240 | 29.10.2025 |
| 112 | दुर्गापुर नौबस्ता | मोहम्मदपुर | 802 | 0.689 | 29.10.2025 |
| 113 | देवकलिया | फतेहपुर | 131 | 0.278 | 29.10.2025 |
| 114 | देवकलिया बक्शी | फतेहपुर | 239 | 0.317 | 29.10.2025 |
| 115 | देवकलिया बक्शी | फतेहपुर | 49 | 0.323 | 29.10.2025 |
| 116 | देवगवां | मोहम्मदपुर | 295 | 0.509 | 29.10.2025 |
| 117 | देवगवां | मोहम्मदपुर | 288 | 1.377 | 29.10.2025 |
| 118 | देवगांव | फतेहपुर | 6 | 0.213 | 29.10.2025 |
| 119 | देवरिया | फतेहपुर | 18 | 0.227 | 29.10.2025 |
| 120 | देवरिया | फतेहपुर | 16 | 0.362 | 29.10.2025 |
| 121 | देवरिया | फतेहपुर | 1 | 0.478 | 29.10.2025 |
| 122 | दोहई | मोहम्मदपुर | 348 | 0.349 | 29.10.2025 |
| 123 | दोहई | मोहम्मदपुर | 154 | 0.250 | 29.10.2025 |
| 124 | धधौरा | फतेहपुर | 112 | 0.329 | 29.10.2025 |
| 125 | धधौरा | फतेहपुर | 10 | 0.455 | 29.10.2025 |
| 126 | धधौरी | फतेहपुर | 92 | 0.278 | 29.10.2025 |
| 127 | धमसड़ | फतेहपुर | 653 | 0.304 | 29.10.2025 |
| 128 | धमसड़ | फतेहपुर | 146 | 0.437 | 29.10.2025 |
| 129 | धमसड़ | फतेहपुर | 251 | 0.506 | 29.10.2025 |
| 130 | धमसड़ | फतेहपुर | 619 | 0.836 | 29.10.2025 |
| 131 | धरौली | कुर्सी | 84 | 0.205 | 29.10.2025 |
| 132 | धरौली | कुर्सी | 585 | 0.278 | 29.10.2025 |
| 133 | धरौली | कुर्सी | 156 | 0.354 | 29.10.2025 |
| 134 | धरौली | फतेहपुर | 3 | 0.303 | 29.10.2025 |
| 135 | धरौली | फतेहपुर | 20 | 0.458 | 29.10.2025 |
| 136 | धरौली | फतेहपुर | 236 | 1.682 | 29.10.2025 |
| 137 | धौरहरा | कुर्सी | 1771 | 0.493 | 29.10.2025 |
| 138 | नन्दरासी | फतेहपुर | 283 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 139 | नन्दरासी | फतेहपुर | 49 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 140 | नन्दरासी | फतेहपुर | 523 | 0.239 | 29.10.2025 |
| 141 | नन्दरासी | फतेहपुर | 40 | 0.297 | 29.10.2025 |
| 142 | नरायनपुर | कुर्सी | 148 | 0.208 | 29.10.2025 |
| 143 | नरायनपुर | कुर्सी | 180 | 0.310 | 29.10.2025 |
| 144 | निन्दूरा | कुर्सी | 103 | 0.392 | 29.10.2025 |
| 145 | निन्दूरा | कुर्सी | 1504 | 0.481 | 29.10.2025 |
| 146 | निन्दूरा | कुर्सी | 625 | 0.211 | 29.10.2025 |
| 147 | निन्दूरा | कुर्सी | 1301 | 0.492 | 29.10.2025 |
| 148 | निन्दूरा | कुर्सी | 2801 | 0.240 | 29.10.2025 |
| 149 | नेरी | फतेहपुर | 162 | 0.202 | 29.10.2025 |
| 150 | पकरियापुर | फतेहपुर | 217 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 151 | पटना | फतेहपुर | 438 | 0.848 | 29.10.2025 |
| 152 | पटना | फतेहपुर | 1030 | 0.342 | 29.10.2025 |
| 153 | पटना | फतेहपुर | 1314 | 1.021 | 29.10.2025 |
| 154 | पटना | फतेहपुर | 1429 | 2.349 | 29.10.2025 |
| 155 | पटना | फतेहपुर | 1658 | 0.225 | 29.10.2025 |
| 156 | पटना | फतेहपुर | 125 | 0.238 | 29.10.2025 |
| 157 | पटना | फतेहपुर | 1034 | 0.254 | 29.10.2025 |
| 158 | पपेहरा | फतेहपुर | 343 | 1.366 | 29.10.2025 |
| 159 | परवरभारी | फतेहपुर | 246 | 0.436 | 29.10.2025 |
| 160 | पर्वतपुर | मोहम्मदपुर | 241 | 0.585 | 29.10.2025 |
| 161 | पल्हरा | मोहम्मदपुर | 25 | 2.264 | 29.10.2025 |
| 162 | पल्हरी | मोहम्मदपुर | 89 | 0.392 | 29.10.2025 |
| 163 | पहाड़ापुर | फतेहपुर | 81 | 0.229 | 29.10.2025 |
| 164 | पारा | मोहम्मदपुर | 13 | 0.215 | 29.10.2025 |
| 165 | पारा | मोहम्मदपुर | 698 | 0.228 | 29.10.2025 |
| 166 | पालपाटन | फतेहपुर | 175 | 0.436 | 29.10.2025 |
| 167 | पालपाटन | फतेहपुर | 182 | 0.453 | 29.10.2025 |
| 168 | पालपाटन | फतेहपुर | 142 | 0.455 | 29.10.2025 |
| 169 | पालपाटन | फतेहपुर | 165 | 0.481 | 29.10.2025 |
| 170 | पिण्डसावां | कुर्सी | 762 | 0.269 | 29.10.2025 |
| 171 | पिण्डसावां | कुर्सी | 1056 | 0.453 | 29.10.2025 |
| 172 | पिण्डसावां | कुर्सी | 997 | 0.658 | 29.10.2025 |
| 173 | पिण्डसावां | कुर्सी | 965 | 0.797 | 29.10.2025 |
| 174 | पिपरसण्ड | फतेहपुर | 335 | 0.489 | 29.10.2025 |
| 175 | पिपरसण्ड | फतेहपुर | 415 | 0.354 | 29.10.2025 |
| 176 | पिलहटी हैदराबाद | कुर्सी | 393 | 0.379 | 29.10.2025 |
| 177 | पिलहटी हैदराबाद | कुर्सी | 290 | 0.721 | 29.10.2025 |
| 178 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 33 | 0.260 | 29.10.2025 |
| 179 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 23 | 0.304 | 29.10.2025 |
| 180 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 98 | 0.475 | 29.10.2025 |
| 181 | पूरनपुर | मोहम्मदपुर | 142 | 1.366 | 29.10.2025 |
| 182 | पूरेगुलाम मोहम्मद | फतेहपुर | 67 | 0.266 | 29.10.2025 |
| 183 | प्रेमपुर | फतेहपुर | 152 | 0.291 | 29.10.2025 |
| 184 | प्रेमपुर | फतेहपुर | 180 | 0.337 | 04.11.2025 |
| 185 | फिरोजपुर | मोहम्मदपुर | 31– | 1.009 | 04.11.2025 |
| 186 | बछरौली | फतेहपुर | 3 | 0.266 | 04.11.2025 |
| 187 | बछरौली | फतेहपुर | 53 | 0.373 | 04.11.2025 |
| 188 | बजगहनी | कुर्सी | 188 | 0.284 | 04.11.2025 |
| 189 | बजगहनी | कुर्सी | 612 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 190 | बजगहनी | कुर्सी | 1340 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 191 | बजगहनी | कुर्सी | 928 | 0.733 | 04.11.2025 |
| 192 | बजगहनी | कुर्सी | 614 | 0.917 | 04.11.2025 |
| 193 | बड़खेरिया | कुर्सी | 193 | 0.312 | 04.11.2025 |
| 194 | बडागांव | फतेहपुर | 474 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 195 | बडागांव | फतेहपुर | 305 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 196 | बडागांव | फतेहपुर | 739 | 0.379 | 04.11.2025 |
| 197 | बड्डूपुर | फतेहपुर | 928 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 198 | बनार | फतेहपुर | 53 | 0.385 | 04.11.2025 |
| 199 | बन्नी रोशनपुर | फतेहपुर | 165 | 0.541 | 04.11.2025 |
| 200 | बन्नी रोशनपुर | फतेहपुर | 288 | 0.382 | 04.11.2025 |
| 201 | बरेठी | मोहम्मदपुर | 379 | 0.488 | 04.11.2025 |
| 202 | बसारा | कुर्सी | 126 | 0.342 | 04.11.2025 |
| 203 | बसारा | कुर्सी | 659 | 0.243 | 04.11.2025 |
| 204 | बसारा | फतेहपुर | 518 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 205 | बसारा | फतेहपुर | 2139 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 206 | बसारा | फतेहपुर | 424 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 207 | बसारा | फतेहपुर | 1289 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 208 | बसारा | फतेहपुर | 1148 | 0.240 | 04.11.2025 |
| 209 | बसारा | फतेहपुर | 1909 | 0.240 | 04.11.2025 |
| 210 | बसारा | फतेहपुर | 2111 | 0.240 | 04.11.2025 |
| 211 | बसारा | फतेहपुर | 1213 | 0.266 | 04.11.2025 |
| 212 | बसारा | फतेहपुर | 1313 | 0.261 | 04.11.2025 |
| 213 | बसारा | फतेहपुर | 471 | 0.315 | 04.11.2025 |
| 214 | बसारा | फतेहपुर | 480 | 0.497 | 04.11.2025 |
| 215 | बसारी | मोहम्मदपुर | 377 | 0.315 | 04.11.2025 |
| 216 | बसारी | मोहम्मदपुर | 1200 | 0.228 | 04.11.2025 |
| 217 | बसारी | मोहम्मदपुर | 1134 | 0.721 | 04.11.2025 |
| 218 | बसौली | मोहम्मदपुर | 430 | 0.278 | 04.11.2025 |
| 219 | बसौली | मोहम्मदपुर | 439 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 220 | बसौली | मोहम्मदपुर | 146 | 0.620 | 04.11.2025 |
| 221 | बसौली | मोहम्मदपुर | 102 | 0.696 | 04.11.2025 |
| 222 | बहरौली | कुर्सी | 187 | 0.372 | 04.11.2025 |
| 223 | बहरौली | कुर्सी | 729 | 0.556 | 04.11.2025 |
| 224 | बहरौली | कुर्सी | 866 | 0.506 | 04.11.2025 |
| 225 | बहरौली | कुर्सी | 878 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 226 | बहरौली | कुर्सी | 1593 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 227 | बहरौली | कुर्सी | 1830 | 0.329 | 04.11.2025 |
| 228 | बहरौली | कुर्सी | 1810 | 0.230 | 04.11.2025 |
| 229 | बहरौली | कुर्सी | 129 | 0.364 | 04.11.2025 |
| 230 | बिजौली | कुर्सी | 188 | 0.229 | 04.11.2025 |
| 231 | बिलौली महराज | फतेहपुर | 650 | 0.246 | 04.11.2025 |
| 232 | बैनाटीकरहार | कुर्सी | 993 | 0.221 | 04.11.2025 |
| 233 | बैनाटीकरहार | कुर्सी | 884 | 0.266 | 04.11.2025 |
| 234 | बैसड़ा | फतेहपुर | 120 | 0.242 | 04.11.2025 |
| 235 | भद्रास | कुर्सी | 1054 | 0.291 | 04.11.2025 |
| 236 | भद्रास | कुर्सी | 566 | 0.405 | 04.11.2025 |
| 237 | भवानीपुर | फतेहपुर | 72 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 238 | भुण्डिया | फतेहपुर | 75 | 0.310 | 04.11.2025 |
| 239 | भुण्डिया | फतेहपुर | 7 | 0.377 | 04.11.2025 |
| 240 | भुण्डिया | फतेहपुर | 66 | 0.493 | 04.11.2025 |
| 241 | भुरकुण्डा | मोहम्मदपुर | 273 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 242 | भैंसुरिया मुजाहिदपुर | फतेहपुर | 5 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 243 | भैंसुरिया मुजाहिदपुर | फतेहपुर | 795 | 0.228 | 04.11.2025 |
| 244 | भैंसुरिया मुजाहिदपुर | फतेहपुर | 1458 | 0.251 | 04.11.2025 |
| 245 | मंझारी | मोहम्मदपुर | 738 | 0.347 | 04.11.2025 |
| 246 | मदनपुर | फतेहपुर | 217 | 0.658 | 04.11.2025 |
| 247 | मदनपुर | फतेहपुर | 597 | 0.335 | 04.11.2025 |
| 248 | मदनपुर | फतेहपुर | 179 | 0.278 | 04.11.2025 |
| 249 | मदनपुर | फतेहपुर | 618 | 0.278 | 04.11.2025 |
| 250 | मदनपुर | फतेहपुर | 465 | 0.228 | 04.11.2025 |
| 251 | मदारपुर | फतेहपुर | 16 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 252 | मल्लावां | कुर्सी | 1647 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 253 | मल्लावां | कुर्सी | 2212 | 0.266 | 04.11.2025 |
| 254 | मल्लावां | कुर्सी | 1259 | 0.354 | 04.11.2025 |
| 255 | मल्लावां | कुर्सी | 462 | 0.354 | 04.11.2025 |
| 256 | मल्लावां | कुर्सी | 2088 | 0.363 | 04.11.2025 |
| 257 | मल्लावां | कुर्सी | 1649 | 0.397 | 04.11.2025 |
| 258 | मसूदपुर | फतेहपुर | 94 | 0.436 | 04.11.2025 |
| 259 | महमूदपुर बनौगा | कुर्सी | 77 | 0.367 | 04.11.2025 |
| 260 | महुआंडांडा | फतेहपुर | 4 | 0.441 | 04.11.2025 |
| 261 | महुआंडांडा | फतेहपुर | 62 | 0.506 | 04.11.2025 |
| 262 | मिठवारा | फतेहपुर | 393 | 0.598 | 04.11.2025 |
| 263 | मिठवारा | फतेहपुर | 393 | 0.598 | 04.11.2025 |
| 264 | मिठवारा | फतेहपुर | 428 | 0.658 | 04.11.2025 |
| 265 | मीरनगर | फतेहपुर | 394 | 0.481 | 04.11.2025 |
| 266 | मुनीमपुर बरतरा | कुर्सी | 413 | 0.752 | 04.11.2025 |
| 267 | मूड़ाभारी | मोहम्मदपुर | 467 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 268 | मोकलापुर | मोहम्मदपुर | 29 | 0.352 | 04.11.2025 |
| 269 | मोकलापुर | मोहम्मदपुर | 23 | 0.367 | 04.11.2025 |
| 270 | मोहम्मदपुर | मोहम्मदपुर | 330 | 0.399 | 04.11.2025 |
| 271 | मोहम्मदीपुर | फतेहपुर | 189 | 0.218 | 04.11.2025 |
| 272 | रंजीतपुर | मोहम्मदपुर | 255 | 0.443 | 04.11.2025 |
| 273 | ररिया | फतेहपुर | 223 | 0.323 | 04.11.2025 |
| 274 | ररिया | फतेहपुर | 1032 | 0.225 | 04.11.2025 |
| 275 | रालभारी | फतेहपुर | 774 | 0.228 | 04.11.2025 |
| 276 | रालभारी | फतेहपुर | 441 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 277 | रीवां | फतेहपुर | 401 | 0.266 | 04.11.2025 |
| 278 | रैंगवा | कुर्सी | 969 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 279 | रैंगवा | कुर्सी | 770 | 0.379 | 04.11.2025 |
| 280 | रोशनाबाद | कुर्सी | 107 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 281 | रोशनाबाद | कुर्सी | 124 | 0.379 | 04.11.2025 |
| 282 | रोशनाबाद | कुर्सी | 105 | 0.443 | 04.11.2025 |
| 283 | रौजा | फतेहपुर | 166 | 0.316 | 04.11.2025 |
| 284 | रौजा | फतेहपुर | 284 | 0.215 | 04.11.2025 |
| 285 | रौजा | फतेहपुर | 364 | 0.454 | 04.11.2025 |
| 286 | रौजा | फतेहपुर | 373 | 0.243 | 04.11.2025 |
| 287 | वाजिदपुर | फतेहपुर | 177 | 0.378 | 04.11.2025 |
| 288 | वाजिदपुर | फतेहपुर | 32 | 0.385 | 04.11.2025 |
| 289 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 9 | 0.329 | 04.11.2025 |
| 290 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 347 | 0.354 | 04.11.2025 |
| 291 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 670 | 0.411 | 04.11.2025 |
| 292 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 843 | 0.506 | 04.11.2025 |
| 293 | विशुनपुर | मोहम्मदपुर | 194 | 0.379 | 04.11.2025 |
| 294 | शाहपुर बशखोलिया | फतेहपुर | 593 | 0.240 | 04.11.2025 |
| 295 | शाहपुर बशखोलिया | फतेहपुर | 815 | 0.304 | 04.11.2025 |
| 296 | शेखपुर मखदूम | फतेहपुर | 50 | 0.313 | 04.11.2025 |
| 297 | सदरापुर | फतेहपुर | 366 | 0.233 | 04.11.2025 |
| 298 | सन्दूपुर | फतेहपुर | 451 | 1.100 | 04.11.2025 |
| 299 | समनाडीह | फतेहपुर | 311 | 0.329 | 04.11.2025 |
| 300 | समनाडीह | फतेहपुर | 529 | 0.535 | 04.11.2025 |
| 301 | समनाडीह | फतेहपुर | 137 | 0.270 | 04.11.2025 |
| 302 | सरवन | कुर्सी | 20 | 0.342 | 04.11.2025 |
| 303 | सरवन | कुर्सी | 128ख | 0.607 | 04.11.2025 |
| 304 | सरवन | कुर्सी | 23 | 0.664 | 04.11.2025 |
| 305 | सरवन | कुर्सी | 447 | 2.282 | 04.11.2025 |
| 306 | सरसवां | फतेहपुर | 158 | 0.272 | 04.11.2025 |
| 307 | सरसवां | फतेहपुर | 242 | 0.455 | 04.11.2025 |
| 308 | सरसवां | फतेहपुर | 267 | 0.228 | 04.11.2025 |
| 309 | सरसवां | फतेहपुर | 517 | 0.251 | 04.11.2025 |
| 310 | सरांय सहबाज | कुर्सी | 243 | 0.430 | 04.11.2025 |
| 311 | सरैंया | फतेहपुर | 283 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 312 | सलेमपुर | फतेहपुर | 438 | 0.463 | 04.11.2025 |
| 313 | सलेमपुर | फतेहपुर | 714 | 0.826 | 04.11.2025 |
| 314 | डडियामऊ | फतेहपुर | 131 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 315 | साढ़ेमऊ | फतेहपुर | 446 | 0.237 | 04.11.2025 |
| 316 | साढ़ेमऊ | फतेहपुर | 180 | 0.371 | 04.11.2025 |
| 317 | साढ़ेमऊ | फतेहपुर | 181 | 0.390 | 04.11.2025 |
| 318 | सालेहपुर | फतेहपुर | 712 | 0.562 | 04.11.2025 |
| 319 | सालेहपुर | फतेहपुर | 195 | 0.207 | 04.11.2025 |
| 320 | सिरौली सुर्जनपुर | फतेहपुर | 219 | 0.481 | 04.11.2025 |
| 321 | सिरौली सुर्जनपुर | फतेहपुर | 76 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 322 | सिहाली | फतेहपुर | 1259 | 0.221 | 04.11.2025 |
| 323 | सेवली | फतेहपुर | 40 | 0.269 | 04.11.2025 |
| 324 | सैदापुर | फतेहपुर | 54 | 0.417 | 04.11.2025 |
| 325 | सैनवसी | फतेहपुर | 121 | 0.212 | 04.11.2025 |
| 326 | सोहई | मोहम्मदपुर | 58 | 0.417 | 04.11.2025 |
| 327 | सौरंगा | फतेहपुर | 265 | 0.468 | 04.11.2025 |
| 328 | हजरतपुर | फतेहपुर | 453 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 329 | हजरतपुर | फतेहपुर | 45 | 0.240 | 04.11.2025 |
| 330 | हसनपुर टांडा | फतेहपुर | 498 | 0.316 | 04.11.2025 |
| 331 | हसनपुर टांडा | फतेहपुर | 296 | 0.238 | 04.11.2025 |
| 332 | हसुवापारा | फतेहपुर | 1236 | 0.202 | 04.11.2025 |
| 333 | हिदायतपुर सिपाह | फतेहपुर | 580 | 0.310 | 04.11.2025 |
| 334 | नरायनपुर | कुर्सी | 209 / 265 | 0.551 | 04.11.2025 |
| 335 | बल्लोपुर | मोहम्मदपुर | 270 | 0.259 | 04.11.2025 |
| 336 | बल्लोपुर | मोहम्मदपुर | 271क | 0.057 | 04.11.2025 |
| 337 | हिदायतपुर सिपाह | फतेहपुर | 60 | 0.430 | 04.11.2025 |
| 338 | रीवा | फतेहपुर | 339मि0 | 0.253 | 04.11.2025 |
| 339 | रीवा | फतेहपुर | 339मि0 | 1.754 | 04.11.2025 |
| 340 | अहमदपुर | फतेहपुर | 67 | 2.198 | 04.11.2025 |
| 341 | मझगवां शरीफ | फतेहपुर | 156 | 0.542 | 04.11.2025 |
| 342 | मझगवां शरीफ | फतेहपुर | 242 | 0.852 | 04.11.2025 |
| 343 | छिलगवां | कुर्सी | 268 | 0.379 | 04.11.2025 |
| 344 | टन्डवागदमानपुर | फतेहपुर | 420 | 0.847 | 04.11.2025 |
| 345 | गुडौली | फतेहपुर | 139 | 0.877 | 04.11.2025 |
| 346 | शफीपुर | फतेहपुर | 519 | 0.388 | 04.11.2025 |
| 347 | करसाभारी | फतेहपुर | 50 | 0.468 | 04.11.2025 |
| 348 | नकटौली | फतेहपुर | 229ब | 0.304 | 04.11.2025 |
| 349 | नकटौली | फतेहपुर | 542क | 10.726 | 04.11.2025 |
| 350 | टंडवानानकारी | फतेहपुर | 4 | 0.600 | 04.11.2025 |
| 351 | अचैचा | फतेहपुर | 302 | 0.905 | 04.11.2025 |
| 352 | इनामीपुर | मोहम्मदपुर | 111 | 1.075 | 04.11.2025 |
| 353 | बैसड़ा | फतेहपुर | 141 | 4.546 | 04.11.2025 |
| 354 | बैसड़ा | फतेहपुर | 142 | 1.699 | 04.11.2025 |
| 355 | टान्डा निजामअली | फतेहपुर | 457 | 0.468 | 04.11.2025 |
| 356 | भगौली | फतेहपुर | 614 | 0.554 | 04.11.2025 |
| 357 | सिहाली | फतेहपुर | 473 | 0.468 | 04.11.2025 |
| 358 | बरेठी | मोहम्मदपुर | 350 | 0.676 | 04.11.2025 |
| 359 | मिठवारा | फतेहपुर | 334 | 1.187 | 04.11.2025 |
| 360 | कैथा | फतेहपुर | 867मि0 | 0.884 | 04.11.2025 |
| 361 | गौरा सैलक | फतेहपुर | 223 | 1.624 | 04.11.2025 |
| 362 | गौरा सैलक | फतेहपुर | 98 | 0.499 | 04.11.2025 |
| 363 | गौरा सैलक | फतेहपुर | 151 | 0.362 | 04.11.2025 |
| 364 | गौरा सैलक | फतेहपुर | 216 | 0.594 | 04.11.2025 |
| 365 | गौरा सैलक | फतेहपुर | 320 | 0.405 | 04.11.2025 |
| 366 | बडावां | फतेहपुर | 170मि0 | 0.929 | 04.11.2025 |
| 367 | बिशुनपुर | फतेहपुर | 554 | 0.936 | 04.11.2025 |

नियम व शर्तें:–

1. नीलामी सम्बन्धी समस्त प्रकिया व शर्त उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 यथा संशोधित राजस्व नियमावली 2016 में विहित व्यवस्थाओं एवं इस सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों/परिषदादेशों में निहित व्यवस्था के अनुरूप होगी।
2. नीलामी की कार्यवाही उपरोक्त की में अंकित ग्रामों के सम्मुख अंकित नियत तिथि पर लोक सभागार तहसील फतेहपुर में की जायेगी।
3. नीलामी के समय आवेदक को आय, जाति, निवास, खतौनी जमा करना अनिवार्य होगा।
4. किसी भी तालाब गाटा संख्या के एक ही श्रेणी के दो या उससे अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उन तालाबों की नीलामी करायी जायेगी।
5. नीलामी तिथि पर आयोजित शिविर में उपर्युक्त ग्रामों के आवेदन पत्र 10:00 पूर्वान्ह से 3:00 बजे अपरान्ह तक प्राप्त किये जायेंगे तत्पश्चात् उसी दिन नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।
6. नीलामी में भाग लेने वाले आवेदको द्वारा प्रति नीलामी 1000रू0 जमानत राशि जमा करनी होगी। तथा नीलामी समाप्त होने पर नीलामी केता द्वारा नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि जमा करना होगा।
7. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सम्बन्ध उप जिलाधिकारी फतेहपुर का निर्णय अन्तिम होगा।
8. 2.000हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से पंजीकृत तथा मान्यता प्राप्त मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मध्य किया जायेगा। मत्स्य पालन पट्टे का लगान बकायादार व्यक्ति अथवा समिति किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा समिति लेने हेतु बोली में शामिल नही किया जायेगा।
9. नीलामी सम्बन्धी विस्तृत जानकारी तहसीलदार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
10. नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार विशुनपुर दिनांक 29.10.2025 व नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार कुर्सी दिनांक 04.11.2025 के द्वारा नीलामी की कार्यवाही करायी जायेगी।

(कार्तिकेय सिंह)
उप जिलाधिकारी
फतेहपुर, बाराबंकी।

उ0प्र0 239258 दिनांक– 18.10.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

# नाला निर्माण को लेकर चेयरमैन ने दिए आवश्यक निर्देश



**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी ।** जैदपुर के बडापूरा वार्ड में हो रहे नाले के निर्माण कार्यो को लेकर लापरवाही होने पर स्थानीय कुछ लोगों ने नाराजगी जतायी? थी, मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने नाला निर्माण का निरीक्षण किया कर गुणवत्ता जांच कर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए ।जानकारी के अनुसार जैदपुर कस्बे में चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम ने बुधवार करीब 11 बजे वार्ड मेहदी कटरा और बड़ापूरा में चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान, दाऊद अलीम ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना।चेयरमैन प्रतिनिधि ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और इसे समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता उनकी प्राथमिकता है।। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस नाला निर्माण से क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में डॉक्टर की मौत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सोमवार भोर ट्रक द्वारा पीछे से मारी गयी टक्कर से अर्टिगा कार सवार एक 28 वर्षीय डाक्टर की मौत हो गई।कार सवार एक अन्य डाक्टर व ड्राइवर घायल हो गए। वेस्ट चंपारन बिहार के निवासी मेदांता गुड़गांव में कार्यरत डॉ निहाल उर्फ अनिकेत कश्यप 27 वर्ष,जानपुर चौक, मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार निवासी अपने चाचा डॉ विजयंत कुमार 29 व चालक सचिन भूकल 29 के साथ अर्टिगा कार से घर से दिल्ली जा रहे थे।थाना लोनी कटरा क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 25.6 किमी पर नरेन्द्रपुर कैंटीन से थोड़ा आगे भोर 3 बजे पीछे से आ रही ट्रक ने ओवरटेक के दौरान कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बताते हैं कि टक्कर इतनी जोरदार थीं कि कार ने डिवाइडर से टकराने के बाद यू टर्न ले लिया। यही नहीं कार की छत उड़ गई। दुर्घटना के बाद घायल कार सवार दोनों डाक्टर व बिंद हरियाणा के चालक सचिन 29 को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया।यहां डॉ जय शंकर पांडेय ने परीक्षण के बाद अनिकेत कश्यप को मृत घोषित कर दिया।वहीं मामूली रूप से घायल हुए मृतक के सहकर्मी डॉ विजयंत कुमार व चालक सचिन को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।वही मेदांता के डाक्टर की दुर्घटना में मौत की सूचना पर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, सीओ समीर कुमार सिंह व कोतवाल अभिमन्यु मल्ल दल बल सहित सीएचसी पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। मृतक किसी आईएएस का पुत्र बताया जाता हैं। मृतक डॉक्टर का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है ।

## रास्ते के विवाद में मारपीट महिला घायल

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी** कोतवाली हैदरगढ़ के लोधे सिंह का पुरवा गांव में बैनामे की जमीन पर रास्ता मांगने को लेकर हुए विवाद में चाचा व परिवार ने भतीजे की पत्नी पर हमला बोल दिया जिसमें वह घायल हो गई। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई हैं।

## धूमधाम के साथ मनाई गई दीपावली

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी** । रोशनी का पर्व दीपावली क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान चारो तरफ खुशियों का माहौल नजर आया। देर रात तक लोग आतिशबाजी में व्यस्त रहे। इससे पहले लोगो ने घरों, दुकानों और दफ्तरों को आकर्षक रंगीन लाइट्स से जगमग लक्ष्मी गणेश की पूजा की । कस्बा जैदपुर, मसौली, बांसा, सआदतगंज, रामपुर, बड़ागाँव, सफदरगंज,उधौली, रसौली,उधौली, सैदनपुर, त्रिलोकपूर सहित ग्रामीण अंचलों में दीपावली का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। लोगो ने घरो को रंगबिरंगी झालरों से सजा कर जमकर आतिशबाजी की। तथा लक्ष्मी गणेश की पूजा कर धन सम्पदा की कामना की। किसानों ने खेतो की कोनियो में आग जलाकर धरती माता से अधिक उपज की कामना की। और लोगो ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के घर गए और एक दूसरे को दिपावली मिठाई खिलाकर कर बधाई दी।

# किडनी दान कर शिक्षिका ने पेश की मिसाल



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** कस्बा रामनगर निवासी एक शिक्षिका ने अपनी बड़ी बहन को किडनी डोनेट कर प्यार और ममता की एक अद्भुत मिसाल पेश की है। आज के युग में जहां भाई बहन पिता पुत्र पति पत्नी एक दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं वही आज भी इस युग में ऐसे तमाम लोग मौजूद है जो अपनो की जिंदगी बचाने के लिए जान की बाजी लगा देते हैं। कस्बा रामनगर निवासी गुलशन शुक्ला की धर्मपत्नी सुधा शुक्ला पूर्व माध्यमिक विद्यालय कस्बा रामनगर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है उनकी बड़ी बहन लखनऊ निवासी साधना मिश्रा बंकी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सदौली में बतौर अध्यापक कार्यरत है पिछले दिनों अस्वस्थ होने पर परिजनों के द्वारा इलाज के लिए चिकित्सकों को दिखाया गया तो पता चला कि उनकी किडनी खराब हो गई है और किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। कस्बा रामनगर निवासी सुधा शुक्ला ने अपनी बड़ी बहन को किडनी डोनेट करने का निर्णय लिया और लखनऊ की मेदांता हॉस्पिटल में गत 16 अक्टूबर को चिकित्सकों के द्वारा सफल ऑपरेशन कर उनकी एक किडनी बड़ी बहन साधना मिश्रा को ट्रांसप्लांट कर दी गई पर जिन्होंने बताया की दोनों लोग स्वस्थ हैं चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

## खबर एक नजर

### नाली तोड़ने वाली महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** सुबेहा थाना क्षेत्र के मुहम्मद्पुर ग्राम पंचायत के प्रधान संतोष यादव की तहरीर पर पुलिस ने सरकारी नाली नष्ट करने वाली 4 महिलाओ के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।ग्राम प्रधान ने दी गई तहरीर में पुलिस को बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मोहम्मदपुर गांव में दुर्योधन शुक्ला के घर के पास में ग्राम निधि से सार्वजनिक नाली का निर्माण कराया गया था जिसे बीती 4 अक्टूबर को गांव की ही रहने वाली राजवती पत्नी रामललन, मनीषा पत्नी मनीराम रीना पुत्री मनीराम एवं लखराजा पत्नी रामदयाल द्वारा बेलचा व फावड़ा से तोड़कर नाली को पाट दिया गया था।इससे गांव का पानी निकलना बंद हो गया है। सरकारी नाली तोड़ने से पंचायत की धन हानि भी हुई हैं। पीड़ित ग्राम प्रधान ने पुलिस को बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो विपक्षी जनो द्वारा गाली गलौज करने के अलावा जान से मारने की धमकी भी दी गई। बीती 13 अक्टूबर को ग्राम प्रधान द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने लगभग एक सप्ताह बाद चारों महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

### रहस्यमय ढंग से गायब युवती, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** हैदरगढ़ स्थित एक मेडिकल इंस्टिट्यूट में 10 दिन पूर्व पढ़ाई करने आई लगभग 18 वर्षीय युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। इस संबंध में पीड़ित पिता ने नामजद तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगायी हैं। जनपद रायबरेली निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 10 अक्टूबर को उनकी लगभग 18 वर्ष की पुत्री घर से हैदरगढ़ स्थित मेडिकल इंस्टिट्यूट के लिए निकली थी। यहां से टी सी और मार्कशीट लेकर स्कूल से ही गायब हो गई। पिता ने बताया कि अमेठी जनपद के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत जेहटा उसरहा निवासी अनुपम पुत्र राम मिलन से उनकी पुत्री मोबाइल के माध्यम से अक्सर बात किया करती थी। इसलिए पूर्ण विश्वास है कि मेरी पुत्री को आरोपी बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही हैं।

### उप डाकघर में चोरी का प्रयास असफल

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के किनारे पुलिस चौकी से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित हैदरगढ़ उप डाकघर घर में चोरों द्वारा ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया हालांकि चोर कोई कीमती समान एवं नगदी ले जाने में असफल रहे।सब पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत लखपेड़ा बाग, बाराबंकी निवासी विमलेश कुमार वर्मा पुत्र पंचराम ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 20/ 21 अक्टूबर की रात आए चोरों ने चोरी का प्रयास किया, परंतु किसी प्रकार का कीमती सामान व नगदी का नुकसान नहीं हुआ है ,लेकिन इस दौरान चोर कार्यालय के अंदर के कमरों में लगे तालों को तोड़ दिया है।

### संपत्ति के बंटवारा को लेकर मारपीट

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी** ।कोतवाली हैदरगढ़ के कनवा गाँव मे पैतृक संपत्ति के बटवारे को लेकर चल रहे विवाद को लेकर चाचा भतीजे में मंगलवार की शाम मारपीट हो गई। भतीजे ने चाचा और उनके परिवार पर घर में घुसकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। गांव निवासी आलोक प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय साहेब बक्स सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे जब वह अपने घर के अन्दर था तभी चाचा राम अनुज भान सिंह पुत्र स्व0 सुखमंगल सिंह,उनकी पुत्री अंजली सिंह,पत्नी ऋषिबाला सिंह एक राय होकर जान से मारने की नियत से लाठी व नल की लोहे की पाइप लेकर उसके घर के अन्दर घुस गए । बचाव के लिए शोर करने पर उक्त विपक्षी गण गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके छानबीन कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी** ।थाना असन्द्रा अंतर्गत सरवनपुर गांव अपनी ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के कुसुम्भी गांव निवासी संजय पुत्र केशव राम रावत 21 वर्ष का विवाह बीती 5 मई को सरवनपुर मजरे मोतिकपुर गांव निवासी आसाराम रावत की पुत्री नैंसी के साथ हुआ था। युवक मंगलवार की सुबह10 बजे पत्नी को छोड़ने अपनी ससुराल आया था और छोड़ने के बाद वापस अपने घर लौट गया था, बताते है कि मृतक जैसे ही घर पहुंचा वैसे ही एक बार फिर 11 बजे पत्नी द्वारा जरूरी काम बताकर बुला लिया गया। बहन को ससुराल जाने की बात बताकर पुनः ससुराल चला गया था। जहां से मृतक के परिवार को पहले करंट लगने व बाद में मृत्यु हो जाने की सूचना दी गई। ससुरालियों द्वारा मंगलवार की शाम युवक को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया जहां युवक को डॉक्टर जयशंकर पांडे द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया। वहीं मृतक के भाई तिलकराम ने असन्द्रा पुलिस को तहरीर देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### युवक की बोलेरो की टक्कर से मौत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** विपक्षियों द्वारा लाठी डंडे से हमला किए जाने से बुरी तरह घायल हुए एक युवक की शिकायत के लिए थाना लोनी कटरा जाते समय तेज रफ्तार बोलेरो द्वारा टक्कर मार देने से मौत हो गई। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार लोनी कटरा थाना क्षेत्र के इलियासपुर गांव निवासी आदित्य वर्मा उर्फ शालू पुत्र सुरेश वर्मा पर मंगल वार की दोपहर लगभग 12 बजे इसी थाना क्षेत्र के लदई का पुरवा गाँव निवासी साकेत वर्मा (बबलू), शिवम व दो अज्ञात लोगो ने लाठी डण्डे से जानलेवा हमला किया था जिससे आदित्य बुरी तरह से घायल हो गया ।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** लखनऊ से गोंडा की ओर जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दूसरा बाइक सवार भी उसी की चपेट में आ गया परिणाम स्वरूप एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे की हालत गम्भीर बताई जा रही है उसे इलाज के जिला अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना मसौली के ग्राम सहादतगंज निवासी 35 वर्षीय रिजवान पुत्र नसीर अहमद बुधवार को बाइक से बिसात खाने का सामान बेचकर घर वापस जा रहा था। जब वह गोंडा बहराइच हाईवे स्थित थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम नचना के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंचा उसी समय लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बहराइच डिपो बस ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि गोण्डा की ओर से आ रहे बाइक सवार कस्बा रामनगर निवासी रामकुमार पुत्र नत्थू भी हादसे के चपेट में आ गए जिससे दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया। हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान रिजवान की मौत हो गयी। घायल रामकुमार की हालत नाजुक बताई जा रही हैं जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया रोडवेज बस को कब्जे में लिया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## रोड़ पर हुए गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी ।** हरख ब्लॉक स्थित बंगला बाजार में जैदपुर रोड से नई बस्ती तक की सड़क खस्ताहाल है। सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है।स्थानीय राहगीरों ने बताया कि यह सड़क रोजाना सैकड़ों स्कूली छात्रों और अन्य लोगों द्वारा उपयोग की जाती है।

## गोवर्धन पूजा पर की गौ माता की पूजा अर्चना

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी ।** विकास खण्ड हरख क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोढिया में भाजपा पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अम्बरीश रावत ने बुधवार करीब 11 बजे गौशाला पहुंचकर के पावन अवसर पर पूजन अर्चन कर गौ माता को गुड़ चना केला खिलाकर गौ सेवा किया। इस मौके पर अम्बरीष रावत ने कहा कि यह पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण की उस अद्भुत लीला की याद दिलाता है जब उन्होंने ब्रजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठिका अंगुली पर उठाकर देवता इंद्र के अभिमान को दूर किया था। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, गौ-संवर्धन और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का संदेश देती है.भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना है कि वे हम सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सद्भाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर संकल्प लें कि हम गौ-सेवा, प्राकृतिक खेती और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाएं, ताकि हमारी आने वाली पीढियां स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का निर्माण करें।

# दरगाह पर महिला से छेड़खानी करने वाले पर मामला दर्ज

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** मानसिक रूप से परेशान पुत्री को लेकर कस्बा बांसा शरीफ स्थित हज़रत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह रहमतुल्लाह अलेह बाबा की दरगाह पर आयी एक महिला के साथ दरगाह के ही निकट रहने वाले एक मनचले युवक ने छेड़छाड़ की महिला के विरोध पर युवक ने मारपीट की पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जाँच शुरु कर दी है।बताते चले जनपद लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर अमौसी एयरपोर्ट थाना सरोजनीनगर लखनऊ निवासी एक महिला की पुत्री काफी दिनों से मानसिक रूप से बीमार है तमाम इलाज के बाद भी ठीक न होने पर महिला विगत काफी दिनों से कस्बा बांसा शरीफ स्थित हज़रत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह रहमतुल्लाह अलेह बाबा की दरगाह पर पुत्री को लेकर आती है आस्था के प्रतीक इस स्थान से पुत्री के सेहत मे कुछ सुधार होने के कारण महिला हमेशा दरगाह शरीफ पर पुत्री के साथ आती रहती है । बीते शनिवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे बांसा निवासी मुज्जिम पुत्र अज्ञात जो दरगाह के निकट रहता है महिला के साथ अशोभनीय हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगा महिला के विरोध पर मुज्जम मारपीट पर उतारू हो गया , जिससे महिला को काफी चोटे लग गयी महिला की चीख पुकार पर दरगाह परिसर मे रुके अन्य जायरीन दौड़ जिस पर मुज्जम ने धमकी देते हुए फरार हो गया। गैर जनपद से अपनी बीमार पुत्री के लिए दरगाह शरीफ पर मिन्नते मांगने आयी महिला के साथ हुई छेड़छाड़ से बाहर से आये जायरीन दहशत मे आ गये तथा की जायरीन ने घटना की जानकारी डायल 112 पर दी जब तक पुलिस पहुंचती तब तक छेड़छाड़ का आरोपी फरार हो गया।पीड़िता ने थाने पर छेड़छाड़ की तहरीर दी है मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छुट्टा मवेशियों का आतंक, ग्रामीण हलकान

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी** । बांग्ला बाजार में छुट्टा मवेशियों का आतंक ग्रामीणों ने प्रशासन से पकड़वाने की गुहार लगायी है, विभाग लोगों द्वारा टीम का गठन कर पकडने का आश्वासन दिया गया। बताते चलें कि जैदपुर सहित बांग्ला बाजार व अन्य क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों का उत्पात जारी है। इन मवेशियों के कारण स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि चार दिन पहले शाहकटरा निवासी आबिद अली की जान भी छुटटा जानवरों के चलते हुयी है, ग्रामीणों ने बुधवार करीब 1 बजे बताया कि ये मवेशी न केवल उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि सड़क पर चलने वाले राहगीरों से टकराकर उन्हें घायल भी कर रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को काफी आर्थिक क्षति हो रही है। स्थिति से परेशान होकर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इन छुट्टा मवेशियों को पकड़वाने की गुहार लगाई है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा ने जानकारी दी कि मवेशियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन कर लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग



**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी ।** सोमवार की भोर सफदरगंज बांसा रोड कई दिनों से ख? ट्रक मे संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लग गयी ट्रक मे रखे गैस सिलेंडर एव ट्रक के टायर फटने से अफरातफरी मच गयी सूचना पर पहुंची फायर विग्रेड की दो गा?ियों ने क?ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया इस दौरान मार्ग पर करीब 1 घंटे से अधिक समय तक आवगमन ठप्प रहा।बताते चले कि वर्तमान समय मे भारतीय दूरसंचार विभाग बीएसएनएल द्वारा देश भर की ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ने के लिए भूमिगत लाइन बिछाने का कार्य कर रही है जिससे सरकारी सेवाओं और ग्रामीणों को डिजिटल सुविधाएं मिल सकें दूसरे प्रांत के लगे मजदूर बोगा के रूप मे बने ट्रक मे ही रहते भी है दीपावली पर्व से पूर्व मजदूर बांसा सफदरगंज मार्ग पर स्थित सफदरगंज ईदगाह के निकट ट्रक मे सारा सामान रखकर घर चले गये सोमवार की भोर करीब 5 बजे अचानक ट्रक मे आग लग गयी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की परन्तु कामयाब नही हुए इसीबीच ट्रक के अंदर रखे गैस सिलेंडर की तेज आवाज के साथ फटने से अफरातफरी मच गयी और ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस सहित फायर विग्रेड को सूचना दी आग के चलते ट्रक के सभी टायर एक एक कर तेज आवाज मे फट गये जिससे बांसा सफदरगंज मार्ग पर करीब 1 घंटे से अधिक समय तक आवगमन ठप्प रहा। मौ? पर पहुंची फायर विग्रेड की दो गा?ियों ने क?ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक ट्रक मे बीएसएनएल का सारा सामान व मजदूरों का गैस सिलेंडर सहित समस्त सामग्री जलकर राख हो गई ।

# मजदूर के घर में चोरी

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** रात के अंधेरे में नहीं बल्कि दिन के उजाले में चोरों ने मजदूर के घर के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिस समय चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पति मजदूरी करने गया था। जबकि पत्नी बाजार दरवाजे में ताला लगाकर गई थी। पत्नी जब लौट कर घर आई तो देखा दरवाजे का ताला टूटा पड़ा हुआ है। गृहस्थी का सामान सहित 30 हजार रुपये की नकदी की चोरी होने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है।जैदपुर कस्बे के मोहल्ला शाह कटरा निवासी जावेद बुधवार को दिन में मजदूरी करने गए हुए थे। और पत्नी बुधवार की बाजार करने बाहरी दरवाजे में ताला लगाकर गई थी। जब एक घण्टे बाद लौट कर घर आई तो देखा दरवाजे में लगा ताला टूटा पड़ा हुआ है। और अंदर जाकर देखा तो बक्से में रखे कपड़े बाहर बिखरे पड़े हुए थे। और उसमें रखी 30 हजार रुपये की नकदी गयाब थी। यह देखकर मजदूर की पत्नी रोने चिल्लाने लगी। सूचना पाकर पति जावेद घर आया, और थाने में जाकर चोरी की घटना की लिखित शिकायत की है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ब्लाक प्रमुख व बीडीओ ने गायों की पूजा-अर्चना कर उतारी आरती

## गोवर्धन पर्व के मौके पर रोली तिलक लगाकर खिलाया गुड़ चना और केला



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** गोवर्धन पूजा के मौके पर रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी एवं खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने गौशाला पहुंचकर गायों की पूजा अर्चना की और उन्हें गुड़ चना तथा केला खिलाया।बुधवार को सुबह लैन गौशाला पहुंचे ब्लॉक प्रमुख एवं बी डी ओ ने भगवान गोवर्धन की विधिवत पूजा अर्चना की। पंडित शिव मंगल पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा संपन्न कराई गई उसके बाद गायों को माला बनाकर आरती उतारी गई और उन्हें गुड़ चना तथा केला खिलाया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल मन्नान पंचायत सचिव रवि कुमार अवस्थी गुड्डू दीक्षित पवन तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित थे इसके अलावा ग्राम पंचायत कटियारा में संचालित गौशाला में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार गायों की पूजा अर्चना कर माला पहनायी और उन्हें गुड़ चना तथा केला खिलाया। इस दौरान यहां प्रधान प्रतिनिधि दिले राम यादव पंचायत सचिव रत्नेश कुमार सहित सभी केयरटेकर मौजूद रहे।ग्राम पंचायत थाल कलां में संचालित गौशाला में ग्राम प्रधान सुनील कुमार यादव एवं पंचाय सचिव रवि कुमार अवस्थी के द्वारा गौशाला में संरक्षित गायों की पूजा-अर्चना कर फल मिठाई खिलाई।

# दुनियां का वो सबसे घटिया इंसान है जो अपने को सबसे महान समझे : मौलाना अख्तर अब्बास जौनपुरी

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी ।** बुरे से बुरे माहौल में भी रहकर जो अपना ईमान बचाता है ?ुदा उसे आला म?ाम पर पहुंचाता है । जैसे ि?रऔन की बीबी आसिया ने अमल करके दिखाया । इसी लिए रसूल ने ि?रऔन की बीबी आसिया और मरियम को मोमनीन के लिये नमूनये अमल बताया । यह उनके लिये ?ैर करने की ?रूरत है जो यह कहकर बहाने बनाते हैं हालात सही न होने से मजबूर हैं द्य यह बात मौलाना गुलाम अस्करी हाल में मजलिस को संबोधित करते हुए मजलिस ए तरहीम बराए ईसाले सवाब मरहूमा कनी? बुतूल बिन्ते सै.मो.मुस्लिम में मौलाना अख्तर अब्बास ÷जौन÷ ने कही ।मौलाना ने यह भी कहा कि काफिरों के लिए नूह और लूत की बीबियों को नमूनये अमल बताया । दुनियां का वो सबसे घटिया इंसान है जो अपने को सबसे महान समझे । मोहतरम वो होता है जो बा किरदार होता है जिसका अमल अल्लाह के लिए होता है । मुसलमान अगर किरदार ए रसूल अपनाते तो दुनियां में ?लील न किए जाते द्य अल्लाह हर कौम ओ मिल्लत के लोगों की तौबा कबूल करता है । म?लूमों के ?्न ने अपना रंग दिखाया दुनियां वालों के दिल में अदालत का ज?्बा ब?ाया ।आखिर में करबला वालों के मसायब पेश किए जिसे सुनकर सभी रोने लगे।मजलिस से पहले डा. र?ा मौरानवी , हाजी सरवर अली करबलाई , दानिश, अरबाब व जवाद सल्लमहू ने भी नज़रानये अ?ीदत पेश किया । आरम्भ तिलावत ए कलाम ए पाक से अब्बास मेहली रिजवी ÷सद?÷.ने किया । संचालन हसन अब्बास बाराबंकवी ने किया । बानियाने मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## करंट से युवक की मौत, मचा कोहराम

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीते मंगलवार को देर शाम बोर्ड में पंखा का तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव निवासी केशवराम रावत का ल?का संजय रावत बीते मंगलवार को धान की फसल तैयार करवाने अपनी ससुराल सरवनपुर मजरे मोतिकपुर गांव आया था। बताया जाता है कि धान की फसल तैयार होने के बाद संजय हाथ पैर धुलकर पंखे का तार बोर्ड में लगाने लगा। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में ससुराल के लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एडिलेट में हिसाब बराबर करने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की आलराउंडरों पर बहुत अधिक निर्भरता की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कड़ी परीक्षा होगी लेकिन एक बार फिर से सभी की निगाहें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला बराबर करने में अपना योगदान देना चाहेंगे। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच में भारत के लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा। बारिश के लगातार व्यवधान के कारण भारतीय बल्लेबाजी प्रभावित हुई और आखिर में उसे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर पाए थे लेकिन मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल जैसे गेंदबाजों को केवल 131 रन के लक्ष्य का बचाव करना था जो आसान काम नहीं था। एडिलेड ओवल में भी चुनौतियां अलग नहीं होंगी, क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं।

आस्ट्रेलियाई ग्रीष्म ऋतु के शुरू होने के साथ ही, देश की नई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन को रिलीज कर दिया है और अनुभवी लेग-ब्रेक गेंदबाज एडम ज़म्पा अपने बच्चे के जन्म के बाद वापस आ गए हैं। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी हुई है। यशस्वी जायसवाल जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी के बेंच पर बैठे रहने से रोहित शर्मा पर अच्छा प्रदर्शन करने का भारी दबाव है। यह पूर्व कप्तान इससे अच्छी तरह वाकिफ है और इसलिए उन्होंने मैच से पहले जमकर अभ्यास किया। वह एडिलेड ओवल के अभ्यास मैदान में कम से कम 45 मिनट पहले पहुंच गए, जबकि कुछ अन्य सदस्य वैकल्पिक नेट सत्र के लिए उनके साथ शामिल हुए। कोचिंग स्टाफ से एकमात्र व्यक्ति जो नेट्स पर मौजूद था, वह थे मुख्य कोच गौतम गंभीर। उनके साथ दो थ्रो-डाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी और राघवेंद्र भी थे। बाकी कोचिंग स्टाफ कुछ देर बाद आया।



वास्तव में, रोहित जिस पहले नेट पर उतरे थे, वह गीला था और थ्रो-डाउन गेंदें सीधे गेंद की लम्बाई से बाहर जा रही थीं। यह भांपते हुए कि टीम का सबसे सीनियर खिलाड़ी चोटिल हो सकता है, कोच गंभीर ने उन्हें दूसरे नेट पर अभ्यास करने के लिए कहा जिस पर रोहित ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की। रोहित ने जहां जमकर अभ्यास किया वहीं कोहली ने मंगलवार को नेट पर काफी समय बिताने के बाद विश्राम किया।बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे लगता है कि वे दोनों बहुत अच्छी लय में दिख रहे हैं। उन्होंने कल बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसलिए मुझे लगता है कि वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।''

# सेमीफाइनल के लिए आसान नहीं भारत की डगर

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के हाथों पाकिस्तान को हार झेलनी पड़ी जिस कारण अब पाकिस्तान अब महिला वर्ल्ड कप 2025 में अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाने वाली एकमात्र टीम बन गई है। वह बांग्लादेश के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिाय, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है। जबकि सेमीफाइनल के लिए अब बस एक सीट खाली है लेकिन दावेदार 3 हैं। अब टूर्नामेंट में 6 लीग मैच शेष रहते हुए अंतिम स्थान के लिए मुकाबला त्रिकोणयी हो गया है। भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका में से एक टीम सेमीफाइनल में जगह बना पाएगी। भारत ने अभी तक 5 मैच खेले हैं जिनमें से 2 जीते और 3 मैच हारे हैं। 2 जीत के साथ भारत के अंक 4 है। वहीं उसका नेट रन रेट 0.526 है। अगर भारत अपने बाकी दोनों मैच न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ जीत जाता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। वह दोनों में से एक मैच जीतकर भी आगे बढ़ जाएगा। बशर्ते न्यूजीलैंड एक मैच हार जाए।




न्यूजीलैंड को हराने पर भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। इसके बाद न्यूजीलैंड के इंग्लैंड को हराकर 6 अंक होने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा। महिला वर्ल्ड कप 2025 की प्लेइंग कंडीशन के अनुसार अगर दो टीमों के अंक बराबर होते हैं तो लीग स्टेज में ज्यादा मैच जीतने वाली टीम तालिका में ऊपर होगी। अंक और जीत बराबर होने पर नेट रनरेट देखा जाएगा। नेट रनरेट भी बराबर रहा तो फिर दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबले का विजेता आगे बढ़ जाएगा। वहीं अगर न्यूजीलैंड अपने बाकी दोनों मैच भारत और इंग्लैंड के खिलाफ जीत जाता है तो उसके आठ अंक हो जाएंगे और वह सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा। भारत के खिलाफ जीत और इंग्लैंड से हारने पर कीवी टीम को उम्मीद करनी होगी कि भारत को बांग्लादेश हरा दे। इसके अलावा उसका नेट रन रेट श्रीलंका से बेहतर होना चाहिए या उम्मीद करनी होगी कि पाकिस्तान अपना आखिरी लीग मैच जीत पाए। पाकिस्तान को केवल श्रीलंका से भिड़ना है।

## साउथ अफ्रीका ए टीम के खिलाफ इंडिया ए स्क्वॉड में सरफराज खान को जगह नहीं मिलने पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ए टीम के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों की सीरीज के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान हो चुका है। जहां ऋषभ पंत इंडिया ए की कप्तानी करेंगे। वहीं इस टीम में सरफराज खान को नहीं चुने जाने पर अब सवाल उठने लगे हैं। साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ मंगलवार को भारत ए का ऐलान किया गया। दोनों मुकाबले बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। सीरीज का पहला मैच 30 अक्तूबर से जबकि दूसरा मुकाबला 6 नवंबर से शुरू होगा। वहीं इस सीरीज के साथ ऋषभ पंत की मैदान पर वापसी हो ही है। वह इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हो गए थे और तब से टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे। पंत को भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने टीम इंडिया को कोच गौतम गंभीर पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने सरफराज खान के चयन न होने पर सवाल उठाया है। शमा मोहम्मद ने एक्स पर सवाल उठाया है कि क्या सरफराज को उनके उपनाम के कारण से नहीं चुना गया। उन्होंने एक्स पर कहा कि, क्या सरफराज खान को उनके उपनाम की वजह से नहीं चुना गया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि, क्या सरफराज खान को उनके उपनाम के कारण नहीं चुना गया है। बसपूछ रही हूं। हम जानते हैं कि गौतम गंभीर इस मामले में क्या सोचते हैं।



## एडिलेड में टीम इंडिया के लिए खास दीवाली पार्टी, रोहित-विराट भी आए नजर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया इस समय देश से बाहर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। जहां वो अपने परिवार से दूर वनडे सीरीज खेल रही है। इस मौके पर वह दिवाली भी विदेश में ही मना रहे हैं। वहीं दीवाली के खास मौके पर भारतीय टीम के खिलाड़ियों को डिनर पार्टी में एक साथ देखा गया। एडिलेड, जो अपने खूबसूरत मैदानों और क्रिकेट इतिहास के लिए जाना जाता है, इस बार भारतीय खिलाड़ियों की दीवाली पार्टी का गवाह बना। टीम एडिलेड में अपने पसंदीदा स्थानीय रेस्टोरेंट में पहुंची। टीम इंडिया हर बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एडिलेड के इस रेस्टोरेंट में खाना खाने आती है। विराट कोहली को कई बार इस रेस्टोरेंट में देखा जा चुका है। इस बार भी वह टीम के साथ यहां पहुंचे। उनके साथ श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा और शुभमन गिल जैसे स्टार खिलाड़ी भी नजर आए। टीम इंडिया का कोचिंग स्टाफ भी इस पार्टी का हिस्सा बना। टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और रोहित शर्मा एक साथ रेस्टोरेंट पहुंचे। वहीं विराट कोहली और श्रेयस अय्यर एक साथ कैमरे में कैद हुए। टीम इंडिया के खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए रेस्टोरेंट के बाहर फैंस की भीड़ भी दिखी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए सीरीज का दूसरा मैच 23 अक्तूबर, गुरुवार को एडिलेड ओवल में मैदान में खेला जाएगा। सीरीज में बने रहने के लिए टीम इंडिया को हर हाल में ये मुकाबला जीतना होगा। अच्छी बात ये है कि एडिलेड के मैदान पर भारत ने पिछले 5 वनडे मैचों में से एक भी मैच नहीं गंवाया है।



## ट्रॉफी के लिए भारत को मिला समर्थन

**नई दिल्ली।**भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगले महीने होने वाली बैठक में टकराव की स्थिति बन सकती है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख के तौर पर व्यक्तिगत रूप से भारत को एशिया कप ट्रॉफी सौंपने के अपने रुख से पीछे नहीं हट रहे हैं। बीसीसीआई और अन्य एसीसी सदस्य देशों को भेजे गए जवाब में नकवी ने जोर देकर कहा है कि वह 10 नवंबर को दुबई में एक समारोह आयोजित करने के इच्छुक हैं, जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधि और भारतीय टीम का कोई भी उपलब्ध खिलाड़ी उनसे ट्रॉफी ले सकता है। नकवी ने अपने जवाब में लिखा, ''एसीसी ट्रॉफी सही मायने में भारतीय क्रिकेट टीम की है और यह तब तक एसीसी मुख्यालय में रखी रहेगी जब तक बीसीसीआई का कोई पदाधिकारी किसी भी उपलब्ध प्रतिभागी खिलाड़ी के साथ एसीसी अध्यक्ष से इसे प्राप्त नहीं कर लेता।

## जसप्रीत बुमराह की नंबर-1 पोजीशन खतरे में पाकिस्तान का ये गेंदबाज दे रहा बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। लेकिन उनकी नंबर-1 पोजीशन पर खतरा मंडरा रहा है। उन्हें पाकिस्तान के स्पिनर नौमान अली कड़ी चुनौती दे रहे हैं। वहीं महिला वनडे रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर काबिज है। कुलदीप यादव को गेंदबाजी रैंकिंग में नुकसान हुआ है जबकि विराट कोहली और रोहित शर्मा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-5 में बने हुए हैं। पाकिस्तान के स्पिनर नौमान अली ने टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। वो चार स्थान की छलांग लगाते हुए दुनिया के नंबर-2 टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। नौमान अली अब रेटिंग्स अंकों के मामले में बुमराह से सिर्फ 29 पॉइंट पीछे हैं। टेस्ट की टॉप 10 गेंदबाजों की लिस्ट में बुमराह के अलावा कोई भारतीय नहीं है। टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल एक स्थान के फायदे के साथ 12वें नंबर पर आ गए हैं। बता दें कि, नौमान अली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में मिलाकर 10 विकेट लिए थे। वहीं दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 2 विकेट लिए थे। भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलियाई टूर पर वनडे सीरीज खेल रही है। वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-10 में चार भारतीय हैं। शुभमन गिल दुनिया के टॉप वनडे बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा तीसरे और विराट कोहली नंबर-5 पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है।



# सोना-चांदी में भारी गिरावट, सोना 5677 रुपये तो चांदी 25599 सस्ती हुई

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 22 अक्तूबर को 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपये घटकर 1,23,907 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी के दाम आज 10,549 रुपये घटकर 1,52,501 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। बता दें कि सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है।

**अगस्त 2020 के बाद सोने में सबसे बड़ी गिरावट**

एक समाचार एजेंसी के अनुसार मंगलवार को सोने में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो पांच साल में एक ही दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट रही। यह अगस्त 2020 के बाद की सोने में सबसे बड़ी गिरावट है। ज्वेलर्स का कहना है, ग्राहक कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठा रहे हैं। उम्मीद है कि इस दौरान आभूषण की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ सकती है।



**शादी ब्याह के लिए खरीदारी**

इस बीच सोने और चांदी के कीमतों में गिरावट आने से सोने की खरीदारी एक बार फिर देखने को मिल रही है। आगामी शादी ब्याह के मौसम के लिए लोगों ने इस गिरावट का फायदा उठाया है। कोठारी बद्रर्स के एम कोठारी कहते हैं कि घरेलू बाजार में सोने और चांदी की सप्लाई लंदन बैंक से होती है। यह धनतेरस और दिवाली से पहले थोड़ी रुक गई थी, जिसकी वजह से सोने और चांदी की कीमतों में वृद्धि देखी गई। लेकिन अब सप्लाई सामान्य हो गई है, जिसकी वजह से कीमतों में गिरावट भी आई है। इसके बाद शादी ब्याह को लेकर आभूषण की खरीदारी बाजारों में हो रही। कोठारी कहते हैं, ग्राहक कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठा रहे हैं। उम्मीद है कि इस दौरान आभूषण की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ सकती है।

**दिवाली के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आने के कारण**

एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी का कहना है कि घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 132,294 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने उच्च स्तर से घटकर 123,3907 रुपये प्रति 10 ग्राम आ गई, जो कि 4,000 यानी 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट है। सोने की कीमतों में हालिया गिरावट बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बीच निवेशकों द्वारा की गई मुनाफावसूली के बाद आई है। कमोडिटी रिपोर्ट बताती हैं इस साल सोने ने लगभग 60 प्रतिशत का रिटर्न का दिया है, जो कि अन्य रिटर्न से कही अधिक है। इसके अलावा अमेरिका और चीन व्यापार संबंध में सुधार के संकेत, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मकता के संकेत की वजह से सोने की कीमतों गिरावट आई है।

**सोने में लंबी अवधिक में तेजी आ सकती है**

जानकार कहते हैं, मौजूदा समय को देखते हुए लगता है कि अगर फेडरल रिजर्व की आगामी ब्याज दरों में कटौती करती है, भू-राजनीतिक जोखिम एक बार फिर से बढ़ते हैं, तो सोने में दोबारा तेजी आ सकती है, इसलिए गिरावट पर शादी ब्याह के लिए खरीदारी का अच्छा अवसर है।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 208 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई अवधि में सालाना आधार पर 208.57 फीसदी बढ़कर 10.8 अरब डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 3.5 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के ताजा मासिक बुलेटिन के मुताबिक, सकल एफडीआई एक साल पहले से 33.2 फीसदी बढ़कर 37.7 अरब डॉलर पहुंच गया। 2024-25 की अप्रैल-जुलाई अवधि में 28.3 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। आरबीआई ने कहा, अप्रैल-जुलाई में सिंगापुर, अमेरिका, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात और नीदरलैंड एफडीआई के शीर्ष स्रोत रहे, जिनकी कुल निवेश में 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। विनिर्माण, कंप्यूटर सेवाओं व्यावसायिक, संचार और वित्तीय सेवाओं के साथ निर्माण, बिजली उत्पादन में कुल 74 फीसदी एफडीआई आया।

**अगस्त में 5.11 अरब डॉलर**




**घट गया एफडीआई**

जुलाई में चार साल के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद अगस्त में देश में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश घटकर 6 अरब डॉलर रह गया।?यह जुलाई के 11.11 अरब डॉलर से 5.11 अरब डॉलर कम है।?इस दौरान विदेशी कंपनियों की ओर से धन वापसी (रेपेट्रिएशन) 30 फीसदी बढ़कर 4.9 अरब डॉलर पहुंच गया।? इससे शुद्ध एफडीआई 61.6 करोड़ डॉलर के आउटफ्लो (निकासी) में बदल गया।

**विदेश यात्रा पर 1.6 अरब डॉलर का खर्च**

बुलेटिन के मुताबिक, अगस्त में भारतीयों ने विदेश यात्रा पर 1.61 अरब डॉलर खर्च किए।?यह जुलाई के 1.4 अरब डॉलर से ज्यादा है।?

विदेश में शिक्षा पर खर्च मासिक आधार पर 39 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 31.9 करोड़ डॉलर हो गया।

विदेश में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने अगस्त में देश में 2.6 अरब डॉलर की रकम भेजी है।?यह जुलाई की तुलना में 7.7 फीसदी अधिक रकम है।

**ट्रंप टैरिफ अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा नहीं**

बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल भारत की वृद्धि दर के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है।?इन चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने लचीलापन प्रदर्शित किया है।

देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक आर्थिक नरमी के बावजूद मजबूत घरेलू मांग, सरकारी खर्च और निर्यात के विविधीकरण से लाभान्वित हो रही है।

आरबीआई ने कहा, रूसी तेल खरीद के लिए अमेरिका की ओर से लगाया गया टैरिफ भारत के विकास के लिए बड़ा खतरा नहीं हैं, क्योंकि देश अब वैश्विक व्यापार पर कम निर्भर हो रहा है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए सप्लाई चेन मजबूत करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार सभी सेक्टर में सप्लाई चेन की समस्याओं को दूर कर मजबूती लाने के लिए काम कर रही है, भले ही इसके लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़े।

**आत्मनिर्भर भारत पहल की शुरुआत**-यूएनसीटीएडी के लचीली, सतत और समावेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं और व्यापार रसद की ओर विषय पर मंत्रीस्तरीय राउंडटेबल को संबोधित करते हुए गोयल ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत पहल शुरू की गई है। इसका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाना और व्यापारिक लॉजिस्टिक्स को अधिक सक्षम बनाना है।

**बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान**- सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना और देश में सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा देने की नीति जैसी पहल शुरू की है।

**घरेलू बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 130 अरब डॉलर का खर्च**

उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं घरेलू बुनियादी ढांचे के विस्तार पर हर साल लगभग 130 अरब डॉलर खर्च करती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में, पिछले 10 वर्षों में, भारत ने अपनी बंदरगाह क्षमता को लगभग दोगुना कर दिया है, हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़ाकर 158 कर दी है और अगले सात और आठ वर्षों में, हम हवाई अड्डों की संख्या 225 तक बढ़ा देंगे। उन्होंने कहा कि इन उपायों से देश में रोजगार सृजन और क्षमता बढ़ाने में मदद मिली है। उन्होंने आगे कहा कि जहां भी हमें किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादन या आपूर्ति का संकेन्द्रण मिला, हमने वहां आत्मनिर्भरता की ओर ध्यान दिया। स्पष्ट रूप से, लाल सागर में जो कुछ हो रहा है या इन स्वास्थ्य महामारियों के बारे में हम कुछ नहीं कर सकते, लेकिन हमने महसूस किया कि आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण है।

**एआई-संचालित बायोस्ट्रेंथ**-फिटनेस ब्रांड टेक्नोजिम ने बायोस्ट्रेंथ लॉन्च किया। एक एआई और एयरोस्पेस तकनीक पर आधारित स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सिस्टम, जो समान समय में 30प्रतिशत बेहतर परिणाम देता है। बायोड्राइव सिस्टम व मायवेलनेस प्लेटफॉर्म के साथ यह उपकरण उपयोगकर्ता की जरूरतों के अनुसार ट्रेनिंग को व्यक्तिगत बनाकर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का भविष्य तय करता है।

# रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार 880 मीट्रिक टन के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार 2025-26 की पहली छमाही में 880 मीट्रिक टन को पार कर गया है। केंद्रीय बैंक ने सितंबर के आखिरी हफ्ते में इसमें 0.2 मीट्रिक टन की वृद्धि की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 26 सितंबर 2025 तक उसके रिजर्व में पड़े सोने का कुल मूल्य 95 बिलियन डॉलर था। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हाल के महीनों में सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने की मांग में वृद्धि हुई है। सितंबर में समाप्त छह महीनों में आरबीआई ने 0.6 मीट्रिक टन (600 किलोग्राम) सोना खरीदा। आरबीआई के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, सितंबर और जून में क्रमशः कुल 0.2 मीट्रिक टन (200 किलोग्राम) और 0.4 मीट्रिक टन (400 किलोग्राम) सोना खरीदा गया। आरबीआई के पास कुल स्वर्ण भंडार सितंबर के अंत तक बढ़कर 880.18 मीट्रिक टन हो गया, जो 2024-25 के अंत तक 879.58 मीट्रिक टन था। 2024-25 के दौरान, आरबीआई ने 54.13 मीट्रिक टन सोना जोड़ा था। बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में वृद्धि हुई है, जिससे सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी को बढ़ावा मिला है और केंद्रीय बैंकों और निवेशकों द्वारा वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में सोने की मांग बनी हुई है, जिससे घरेलू कीमतों में वृद्धि हुई है। बुलेटिन में यह भी कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों ने आधिकारिक भंडार में 166 टन सोना जोड़ा है, इससे पीली धातु की मांग में और वृद्धि हुई है। तीसरी तिमाही में सोने की कीमतें ऊंची रहीं तथा सितम्बर में सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

# अमेरिकी टैरिफ के बावजूद जापान का निर्यात बढ़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के बावजूद सितंबर में जापान के निर्यात और आयात में वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में जापान के निर्यात में 4.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

**अमेरिका को निर्यात में आई 13.3 प्रतिशत की गिरावट**

जापानी वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने एशिया को जापान का निर्यात पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9.2 प्रतिशत बढ़ा। अमेरिका को निर्यात में 13.3 प्रतिशत की गिरावट आई। यह लगातार छठे महीने गिरावट का संकेत है। वहीं चीन को निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सितंबर में अमेरिका को होने वाले ऑटो शिपमेंट में 24.2प्रतिशत की गिरावट आई। टोयोटा मोटर कॉर्प जैसी ऑटो निर्माता कंपनियां जापान की अर्थव्यवस्था के स्तंभ हैं। इसी महीने में जापान का आयात कुल मिलाकर 3.3प्रतिशत बढ़ा, एशिया में 6प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें चीन से आयात में 9.8प्रतिशत की वृद्धि शामिल है।

वृद्धि दर्ज की-आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में 352 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो सालाना 76प्रतिशत अधिक है। एमएफआई दबाव घटने और ऋण वृद्धि से बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता स्थिर रही, सकल एनपीए 1.86प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.52प्रतिशत रहा।

**ताकाइची बनी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री**

यह निष्कर्ष साने ताकाइची को संसदीय मतदान में देश का प्रधानमंत्री चुने जाने के एक दिन बाद आया है। इसके साथ ही वह जापान का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बन गई।

**ट्रंप और ताकाइची की मुलाकात की संभावना**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इस महीने के अंत में जापान का दौरा करेंगे, जहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री ताकाइची से होने की संभावना है। इससे पहले जुलाई में ट्रंप ने जापान के साथ एक नया व्यापार ढांचा घोषित किया था, जिसके तहत जापानी वस्तुओं पर 15% कर लगाया गया है।

इस समझौते के तहत जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करने और अपने बाजार को अमेरिकी ऑटोमोबाइल व चावल के लिए और अधिक खोलने का वादा किया है। यह टैक्स दर पहले प्रस्तावित 25% से घटाकर 15% कर दी गई है, जिसे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# 25 नवंबर को दिल्ली में गूंजेगी 'पुरानी पेंशन' की आवाज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** देशभर के शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी एक बार फिर अपनी ÷पुरानी पेंशन बहाली÷ की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। 25 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित पेंशन महारैली को लेकर पूरे देश में शिक्षकों और कर्मचारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने इसे 'अब या कभी नहीं' की निर्णायक जंग बताया है।

इससे पहले 1 अक्टूबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई ऐतिहासिक पेंशन महारैली में देशभर से आए लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक-कर्मचारियों ने अपनी आवाज़ बुलंद की थी। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि ÷इस बार दिल्ली की सड़कों पर उससे भी बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी जुटेंगे। सभी का एक ही नारा होगा 'हमको चाहिए पुरानी पेंशन!' विजय बंधु ने कहा कि देश में यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है कि नेता चार-चार पेंशन का लाभ ले रहे हैं, जबकि शिक्षक, कर्मचारी और अर्धसैनिक बलों को एक भी पेंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा, ÷जो वर्ग देश की नींव है, जो बच्चों को भविष्य दे रहा है और जो सीमा पर तैनात होकर अपनी जान कुर्बान कर देता है, उसे रिटायरमेंट के बाद सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखना अन्याय है।÷ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षकों और कर्मचारियों के लंबे संघर्ष के बाद अब तक राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और झारखंड में पुरानी पेंशन बहाल की जा चुकी है, जिससे लगभग 12 लाख कर्मचारियों को लाभ मिला।

हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब राजस्थान सरकार पर दबाव बना रही है कि वह पुरानी पेंशन को समाप्त कर दे। ÷केंद्र सरकार नहीं चाहती कि कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा मिले,।

बंधु ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) की प्रशंसा की जा रही थी, लेकिन जब केंद्र ने 1 अप्रैल 2025 से यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) लागू की, तो कर्मचारियों ने उसे सिरे से नकार दिया। उन्होंने बताया कि 30 लाख कर्मचारियों में से मात्र एक लाख ने ही यूपीएस को चुना, जो यह साबित करता है कि ÷कर्मचारियों को न एनपीएस चाहिए, न यूपीएस उन्हें सिर्फ़ और सिर्फ़ पुरानी पेंशन चाहिए।

# पूजा विशेष गाड़ियों का संचालन

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु यात्रियों की मांग पर 05041 छपरा-उधना अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन 22 अक्टूबर, 2025 को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 05041 छपरा-उधना अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 22 अक्टूबर, 2025 को छपरा से 18.15 बजे प्रस्थान कर सीवान से 19.25 बजे, देवरिया सदर से 20.30 बजे, गोरखपुर से 21.45 बजे, बस्ती से 22.50 बजे दूसरे दिन गोण्डा से 00.25 बजे, ऐशबाग से 03.10 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 04.45 बजे, टुण्डला से 07.45 बजे, ईदगाह से 09.05 बजे, बयाना से 10.52 बजे, कोटा से 14.10 बजे, नागदा से 17.25 बजे, रतलाम से 19.20 बजे तथा बडोदरा से 23.25 बजे छूटकर तीसरे दिन उधना 01.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 15 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। इस गाड़ी में सभी कोच अनारक्षित होंगे।

# यात्री आश्रय स्थलों का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर स्टेशनों एवं गाड़ियों में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखकर उनकी सुविधा एवं सुरक्षा हेतु गोरखपुर जं. स्टेशन पर बनाये गये यात्री आश्रय स्थलों एवं स्टेशन पर यात्री सुविधा एवं सुरक्षा हेतु किये गये प्रबंधन का 21 अक्टूबर,2025 को पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री उदय बोरवणकर ने निरीक्षण किया तथा यात्रियों से उनके यात्रा अनुभव तथा रेलवे द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं पर संवाद करने के साथ ही मीडिया को भी भीड़ प्रबंधन हेतु उठाये गये कदमों से अवगत कराया। उन्होंने मीडिया को बताया कि देशभर से यात्रीगण जो है दिपावाली और छठ पर्व के लिए विशेष करके उत्तर प्रदेश और बिहार में यात्रा कर रहे हैं अपने-अपने घरों की तरफ जा रहे है और पर्व के उपरान्त फिर वे अपने-अपने कार्य स्थलों की तरह वापस लौटेंगे तो जो भारी संख्या में भीड़ आती है। रेलवे, जो सबसे ज्यादा लोकप्रिय यात्रा माध्यम है, उससे भारी संख्या में लोग आते हैं। उनके लिए पूर्वोत्तर रेलवे सहित पूरे भारतीय रेल ने बड़े पैमाने पर व्यवस्थाएं की गयी हैं ताकि सभी की यात्रा संरक्षित एवं सुरक्षित ढंग से हो। उन्होंने कहा कि गोरखपुर जं. स्टेशन पर पांच होल्डिंग एरिया बनाये गये है, जिसमें एक समय में 2000 यात्री एक साथ यहां गाड़ी की प्रतिक्षा कर सकते हैं। जब ट्रेन आए उन्हें प्लेटफॉर्म पर ले जाकर कतारबद्ध तरीके से गाड़ियों में बैठाये। निरीक्षण के आरम्भ में गोरखपुर जं. स्टेशन पर बने आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया तथा वहाँ उपलब्ध यात्री सुविधाओं- पीने हेतु शुद्ध पेय जल, उत्कृष्ट प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग, हेल्प डेस्क, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली, बैठने की व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. कैमरा, खान-पान स्टाल आदि का अवलोकन किया तथा वहाँ बैठकर गाड़ी की प्रतिक्षा कर रहे अथवा बाहर से आये यात्रियों से संवाद कर उनके यात्रा अनुभव की जानकारी प्राप्त की। यात्रियों ने संवाद के दौरान रेलवे द्वारा चलाई जा रही विशेष गाड़ियों, स्टेशन पर प्रदत यात्री सुविधाओं एवं साफ-सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त की। आश्रय स्थल में अनारक्षित टिकट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मोबाइल यू.टी.एस. के साथ तैनात कर्मचारी से यात्रियों को सुविधापूर्वक टिकट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके उपरान्त महाप्रबंधक ने गोरखपुर जं. स्टेशन पर बनाये गये वॉर रूम का निरीक्षण किया तथा सी.सी.टी.वी. के माध्यम से स्टेशन परिसर की निगरानी का अवलोकन किया। उन्होनें यात्री एवं स्टेशन सुरक्षा में तैनात डॉग स्कायड का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म सं.-02 एवं 01 के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहाँ से यात्रा आरम्भ करने वाले यात्रियों अथवा बाहर से आने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## कृष्ण कुमार सिंह बनाए गए जिला वॉलीबाल संघ के उपाध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** जिला बॉलीबॉल संघ के सचिव सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने नियुक्ति पत्र जारी कर सीखड़ ब्लाक के वार्ड नंबर दो से जिला पंचायत सदस्य बगहा गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह, केके को जिला बॉलीबॉल संघ मिर्जापुर के उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। केके सिंह के उपाध्यक्ष के पद पर मनोनयन से जनपद में बॉलीबॉल खेल को तीव्र गति एवं सहयोग मिलेगा। इनके नियुक्ति पर ताड़केश्वर मिश्रा, एसपी पाठक,जी.एन.मिश्रा,अमरेश शुक्ला, शशि सिंह,अखिलेश त्रिपाठी, डॉ विंध्य बहादुर सिंह, गुड्डू शुक्ला, दिनेश मिश्रा, सौरभ पांडेय आदि ने बधाई दी है।

# मगरमच्छ को चहल कदमी करता देख, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव के केवट बस्ती स्थित खेत मे मंगलवार की दोपहर करीब

### वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को मेजा बांध में छोड़ा

दस फीट के मगरमच्छ को चहल कदमी करता हुआ देखकर ग्रामीणों मे हड़कम मच गया। मगरमच्छ को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या मे भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दिया।

मौके पर पहुँचे वन दरोगा सूरज पाण्डेय व फारेस्ट गार्ड संदीप कुमार ने रेस्क्यू आपरेशन चलाते हुए काफी प्रयास के बाद मगरमच्छ को पकडकर ददरी मेजा बांध के गहरे पानी मे छोड़ दिया है। इस संबंध मे



वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने बताया की बसुहरा गांव के केवट बस्ती स्थित खेत मे करीब दस फीट के मगरमच्छ को ग्रामीणों ने देखकर सूचना दिया। मौके पर टीम के साथ पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित ददरी मेजा बांध के गहरे पानी मे छोड़ दिया गया है।

# झोलाछाप और उसके असिस्टेंट के साथ दो भर्ती मरीजों को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के भांवा बाजार स्थित झोलाछाप की डिस्पेंसरी में मंगवार की शाम 5 बजे के करीब आधा दर्जन के ऊपर दबंगों ने हमला बोल दिया।जिसमें झोलाछाप और उसके असिस्टेंट के साथ डिस्पेंसरी में भर्ती दो मरीजों की पिटाई कर दी जिसमें उसको को गंभीर चोट लगी है।




मड़िहान थाना क्षेत्र के अटारी गांव निवासी झोलाछाप विवेक चौहान के पिता दिलीप चौहान ने बताया कि उनका पुत्र विगत 6 वर्षों से राजगढ़ थाना क्षेत्र के भांवा बाजार में वाराणसी क्लीनिक के नाम से डिस्पेंसरी खोलकर समाज सेवा का काम करता है।मंगलवार की देर शाम लगभग 5 के करीब आधा दर्जन से ज्यादा दबंगों ने क्लीनिक पर हमला बोलकर पुत्र और उसके असिस्टेंट को गंभीर रूप से चोटिल कर दिया साथ में वहां भर्ती मरीजों से भी बदसलूकी की। झोलाछाप विवेक चौहान ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10 बजे के करीब रोजाना की भाती डिस्पेंसरी खोल दिया था।दोपहर में क्षेत्र के दो मरीज जिसमें सुखमीना को ब्लड की कमी होने के कारण ब्लड चढ़ाया जा रहा था।तो वही दूसरे शौकत अली को पानी की बोतल लगाई गई थी।देर शाम 5 बजे के करीब कुछ दबंग लोग आधा दर्जन साथियों को क्लीनिक के बाहर खड़ा कर तीनों अन्दर घुसकर असिस्टेंट अखिलेश से माचिस की मांग करने लगे। माचिस न देने पर सबसे पहले उसको थप्पड़ों से पीटने के बाद हमारे ऊपर जानलेवा हमला कर दिए। डिस्पेंसरी में लगाए गए कांच को तोड़कर उससे सर और गाल पर गंभीर चोटे कर दी।क्लीनिक में रखी सारी दवाएं, रैक और भर्ती दोनों मरीजों के हाथ में लगे हुए बेलफ्लाम को निकाल कर फेंक दिया। आनन फानन में सूचना के बाद पहुंचे परिजन राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।परंतु त्यौहार होने के नाते अस्पताल नहीं गए।वहीं राजगढ़ थाने पर पहुंचकर तीन नाम जद लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। वहीं बुधवार की दोपहर परिजन गंभीर रूप से घायल झोलाछाप को वाराणसी स्थित निजी अस्पताल लेकर गए हैं।

## ऑटो व बाइक की टक्कर मे बाइक चालक व ऑटो सवार घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव के सरदार पटेल मूर्ति के पास मंगलवार की रात्रि मे बाइक व ऑटो की जोरदार टक्कर मे बाइक चालक व ऑटो सवार दोनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बाइक चालक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव निवासी 30 वर्षीय अनिल बाइक से लालगंज की तरफ जा रहे थे की जैसे हीं हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव सरदार पटेल मूर्ति के पास पहुँचे की सामने से आ रहे ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक चालक व ऑटो सवार पुरवा औसान सिंह गांव निवासी 40 वर्षीय कन्हाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बाइक चालक अनिल के सिर मे गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध मे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की ऑटो व बाइक की टक्कर मे बाइक चालक व ऑटो सवार दो युवक घायल होकर उपचार के लिए आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

# विश्वविद्यालयों के सोशल ऑडिट की तिथि बढ़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर देशभर के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चल रही सोशल ऑडिट प्रक्रिया की समय सीमा को बढ़ा दिया गया है। इस सोशल ऑडिट में विद्यालयों के शिक्षक, छात्र, अभिभावक, स्थानीय समुदाय और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का समग्र आकलन किया जा सके। राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने बताया कि इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय और सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ सहित कई विश्वविद्यालयों ने मंत्रालय से समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था। इन संस्थानों का कहना था कि विद्यालय स्तर पर सर्वेक्षण, डेटा संग्रह, सामुदायिक संवाद और रिपोर्ट तैयार करने में अपेक्षाकृत अधिक समय की आवश्यकता है। इसी कारण सोशल ऑडिट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सोशल ऑडिट केवल औपचारिक जांच नहीं बल्कि एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से शिक्षा योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है और यह देखा जाता है कि सरकारी संसाधनों का उपयोग सही दिशा में हो रहा है या नहीं। पिछले चार महीनों से चल रहे इस ऑडिट में विद्यालयों की सुविधाएं, शिक्षण की गुणवत्ता, मिड-डे मील योजना, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन और समग्र शिक्षा अभियान जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रभावशीलता की जांच की जा रही है। इस ऑडिट प्रक्रिया से शिक्षा व्यवस्था के कमजोर बिंदुओं की पहचान हो सकेगी और भविष्य की नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण के लिए ठोस आधार तैयार होगा। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि किन योजनाओं ने जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रभाव डाला है और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता बनी हुई है।

# कार्यालय नगर पंचायत ढकवा-प्रतापगढ़।

संख्या: 344 / न०पं०ढकवा-2025 दिनांक: 15.10.2025

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, अन्तर्गत नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण एवं गार्बेज फ्री सिटी के अन्तर्गत स्टार रेटिंग हेतु प्रत्येक वार्ड एवं निकाय स्तर पर कूड़े के सोर्स सेग्रिगेशन सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्य कराये जाने हेतु ट्रेनिंग पार्टनर एवं वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान कार्य कराये जाने हेतु एन०जी०ओ० / सी०बी०ओं० संस्था का चयन किया जाना है। उपरोक्त कार्यों हेतु निविदा **दिनांक 18.10.2025 से 29.10.2025 तक प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक** निविदा प्रपत्र प्राप्त कर, निविदा **दिनांक 29.10.2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक** सील बन्द निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 18.10.2025 | |
| निविदा प्राप्त करने की तिथि | 18.10.2025 से 29.10.2025 | प्रातः 10:00 बजे से 02.00 बजे अपरान्ह |
| निविदा बन्द होने की तिथि | 29.10.2025 | 03:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खुलने की तिथि | 29.10.2025 | 04:30 बजे सायं तक |

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अग्रिम धनराशि | निविदा मूल्य | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ हेतु वार्ड एवं निकाय स्तर पर कूड़े के सोर्स सेग्रिगेशन सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्य हेतु ट्रेनिंग पार्टनर के चयन किये जाने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 1,06,000/- | 11,000/- | 1000.00 | राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि / स्वच्छ भारत मिशन मद |
| 2 | नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ में 06 माह के लिए कूड़े के सोर्स सेग्रिगेशन सम्बन्धित भारत सरकार द्वारा प्रेशित गाईड लाइन के माध्यम- Interpersonal Communication (IPC), Mass Media में वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान कार्य (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 3,00,000/- | 30,000/- | 1000.00 | राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि / स्वच्छ भारत मिशन मद |

**नोट:- कार्य अथवा निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।**

**नियम एवं शर्त :-**

1. निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ के टाउन फण्ड क्रमांक-03 में दर्शाये गये खाता संख्या एवं आई०एफ०एस०सी० कोड अनुसार अथवा एफ०डी०आर० के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ के पक्ष में बंधक जमा कर पावती संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
2. टेण्डर शुल्क का भुगतान नियम व शर्तों के कमांक 03 में दिये गये विवरण के अनुसार बैंक के माध्यम से सीधे खाते में जमा कर सकते है अथवा NEFT के माध्यम से जमा कर सकते है।
3. निविदा शुल्क नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ के टाउन फण्ड खाते Account No- 14110100027762 IFSC Code BARBODHAKWA में / नकद जमा की गयी धनराशि की रसीद या NEFT का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा
4. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर आयकर की प्रति, नोटरी द्वारा सत्यापित 100 / - के स्टाम्प पेपर पर घोषणापत्र व 100 / -के स्टाम्प पेपर पर 1 / -रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर एन०जी०ओं० दर्पण में पंजीकृत प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
5. स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर कर रहे एन०जी०ओ० / सी०बी०ओ० / ट्रेनिंग पार्टनर अनुभव प्रमाण पत्र धारक को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. उपरोक्त कार्यों की निगरानी / पर्यवेक्षण नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़ के सक्षम अधिकारियों एवं उनके द्वारा नामित अधिकारी / कर्मचारी द्वारा की जायेगी।
7. उक्त कार्य हेतु यदि जी०एस०टी० एप्लीकेबल होने की दशा में एन०जी०ओं / संस्था द्वारा नियमानुसार बिल प्रस्तुत किया जायेगा।
8. निविदा स्वीकृत के उपरान्त 100 रू0 के स्टाम्प पर अनुबन्ध कराने की जिम्मेदारी निविदादाता / एन०जी०ओ० / सी०बी०ओं० की होगी।
9. निविदा बिना कारण बताये निरस्त अथवा नियम व शर्तों में संशोधन करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है
10. उपरोक्त कार्य में निकाय द्वारा उपलब्ध कराये गये स्वच्छ सर्वेक्षण एवं गार्बेज फी सिटी टूलकिट का पालन करना अनिवार्य होगा।
11. अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
12. अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकवा प्रतापगढ़**

## फर्नीचर के गोदाम, साइकिल की दुकान में लगी आग, दमकल की 6 गाड़ियों ने 8 घंटे में पाया काबू, चटकी दीवारें

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** फर्नीचर के गोदाम में आग लगने की सूचना पाकर पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंच गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक करोड़ों का नुकसान हो चुका था। जानकारी के अनुसार कटरा कोतवाली क्षेत्र के तेलियागंज मोहल्ले में सोमवार को दीपावली की रात पटाखे की चिंगारी से फर्नीचर के गोदाम में आग लग गया। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आस-पास के लोग छतो से पानी डालकर आग बुझाने में लगे। तब तक सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लकड़ी और प्लास्टिक होने के चलते आग धधकती चली जा रही थी। दमकल की छह गाड़ियां लगने के बाद सुबह सात बजे आग पर काबू पाया गया। आग से न सिर्फ फर्नीचर बल्कि मशीन और दो मंजिला गोदाम दीवारे और गाटर क्षतिग्रस्त हो गए। डेढ़ करोड़ से अधिक का नुकसान हो गया।

तेलियागंज मोहल्ले में आरिका इंटरप्राइजेज नाम से अंकूर जायसवाल का फर्नीचर की दुकान और गोदाम है। आगे दुकान और पीछे गोदाम में है। दीपावली पर अंकूर माता-पिता और अपने बड़े भाई आशीष के परिवार के साथ विंध्याचल दर्शन करने जाने वाले थे। तभी रात 11 बजे मोहल्ले का एक युवक आकर बताया कि एक राकेश आपके गोदाम के टीन सेड पर गिरा है। जिसके बाद अंदर से धुआं निकल रहा है। जब तक लोग गोदाम के पास जाते गोदाम में आग लग गई थी। आग तेजी से बढ़ रही थी। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आस-पास के लोग अपने घर की छतो से पानी डालने लगे पर आग धधकती चली जा रही थी। अंकूर व उनके कर्मचारी भी गोदाम में आग फायर उपकरण बुझाने में जुटे रहे, पर आग पर काबू पाना आसान नहीं था। आग इतनी भयानक थी कि गोदाम में लगे गाटर के टेढ़े होने से पटिया गिरने लगा। आग ने गोदाम के दूसरे हिस्से को भी जद में ले लिया। गोदाम में आग से बचाव के लिए फायर वाल आदि लगे थे पर आग से वे नष्ट हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंची। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने पहले बिजली बंद कराया। इसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु किया। अग्निशमन अधिकारी अनिल प्रताप सरोज टीम के साथ आग पर काबू पाने में लगे रहे। एक के बाद एक फायर की गाड़ियां आती रही।

# दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब चार लाख की संपत्ति चोरी की



**सीतापुर।** महमूदाबाद में दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब चार लाख की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ितों ने घटना की सूचना स्थानीय थाने पर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महमूदाबाद के राजापुर मरहमतनगर के अनूप यादव पुत्र शिवराज सिधौली मार्ग स्थित आदर्श नगर बेहटा छावनी में मकान बनाकर रह रहे हैं। दीपावली पर परिवार समेत घर चले गए थे। बदमाशों ने यहां से एक लाख 17 हजार रुपए नकद, सोने का एक ओम, एक गले का हार, एक मांगटीका, दो अंगूठी, एक चैन, चांदी की दो जोड़ी पायल, बच्चे की एक करधनी समेत करीब तीन लाख की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना कोतवाली में दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इनके बगल स्थित इचौली के गोविंद प्रसाद घर बनाकर रह रहे हैं। दीपावली के मौके पर गोविंद भी परिवार समेत घर गए थे। इनके घर भी बदमाश दाखिल हुए और अलमारी का ताला तोड़कर करीब 50 हजार की संपत्ति चोरी कर ली। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मत पटाखे चलाएं, नियंत्रित रहें, बस जला दीप दें आ मिले लक्ष्मी : अम्बरीष

**सीतापुर।** दीपावली पर्व श्रंखला के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हेडगेवार भवन में कार्यकर्ता स्नेह मिलन एवं एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन करते हुए विभाग प्रचारक अभिषेक ने कहा, चूंकि दीपावली हमें अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाती है अतः इस निमित्त हम अपने विवेक को जागृत करके ही अंधकार से मुक्ति पा सकते हैं। तत्पश्चात विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार जी एवं जिला संघ चालक उमाकांत ने भी उपस्थित जन समूह को संबोधित किया कवयित्री दिव्यांशी अवस्थी द्वारा की गई सुमधुर वाणी वंदना के उपरांत कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए संस्कार भारती प्रांतीय टोली सदस्य साहित्य कला इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने कहा, लोग सारे यहां चाहते लक्ष्मी, कर प्रदूषण मगर फूंकते लक्ष्मी, मत पटाखे चलाएं नियंत्रित रहें, बस जला दीप दें आ मिले लक्ष्मी। एड. अमित श्रीवास्तव ने सहज भक्ति भाव में कहा, चतुर्भुज में द्विभुज में अष्टभुज में अमित नारायण, जो इंद्रिय बुद्धि से भी हैं परे परब्रह्म नारायण। ये जो संसार है भाषित यही है विश्व नारायण, सनातन है सखा तेरा तुम्हारे संग नारायण।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 23 अक्टूबर, 2025

## ट्रंप ने व्हाइट हाउस में धूमधाम से मनाई दीपावली



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली का जश्न धूमधाम से मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने भारतवासियों और अमेरिका में बसे भारतीय समुदाय को हार्दिक बधाई संदेश भेजा। ट्रंप ने भारतीय मूल के अमेरिकी नेताओं और अन्य अतिथियों के साथ मिलकर दीपक जलाए। कार्यक्रम में एफबीआई प्रमुख काश पटेल, खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड,

### पीएम मोदी को बताया महान व्यक्ति

अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा तथा भारत में अमेरिकी दूत सर्जियो गोर जैसे प्रमुख लोग शामिल हुए। ट्रंप ने अपने संदेश में दीपावली को बुराई पर अच्छाई, अंधेरे पर उजाले और अज्ञान पर बुद्धि की जीत का प्रतीक करार दिया। ट्रंप ने कहा, भारत के सभी नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। आज ही मैंने आपके प्रधानमंत्री से फोन पर चर्चा की। बात बहुत सकारात्मक रही। हमने व्यापारिक संबंधों पर विस्तार से बात की...वे इसमें बेहद उत्साही हैं। हाल ही में हमने पाकिस्तान के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया था, जिसमें युद्ध से बचने पर जोर दिया गया। व्यापार चर्चा के दौरान ही यह संभव हो सका। पीएम मोदी एक असाधारण व्यक्तित्व हैं और कई वर्षों से वे मेरे करीबी मित्र बने हुए हैं। दीपक की रोशनी हमें कड़ी मेहनत, ज्ञान अर्जन और जीवन के हर आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता की सीख देती है।

### पीएम मोदी ने शुभकामनाओं के लिए जताया आभार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्हें हार्दिक दिवाली की शुभकामनाएं के लिए बुधवार को उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रंप, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस त्योहार पर, हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इस आदान-प्रदान में भारत और अमेरिका के बीच मज़बूत साझेदारी, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी प्रयासों में उनके सहयोग पर ज़ोर दिया गया।

## गुरुग्राम में मृत मिला एयर इंडिया का अधिकारी

**गुरुग्राम।** एअर इंडिया का एक फ्लाइट सेफ्टी ऑडिटर गुरुग्राम स्थित एक पेईंग गेस्ट (पीजी) आवास के कमरे में मृत पाया गया। वह यहां पिछले कुछ दिन से रह रहा था। मृतक की पहचान प्रफुल्ल सावंत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुंबई निवासी एअर इंडिया फ्लाइट सेफ्टी ऑडिटर सावंत कुछ दिन से सेक्टर 30 स्थित गौरव पीजी में रह रहा था। पीजी स्टाफ ने पुलिस को बताया कि सावंत सोमवार सुबह नाश्ता करके अपने कमरे में लौटा था। उसने पीजी संचालक को दोपहर के खाने के लिए यूपीआई के जरिए पैसे भेजे थे। जब केयरटेकर ने दोपहर के खाने के बारे में पूछताछ करने के लिए फोन किया तो सावंत ने फोन नहीं उठाया। बात नहीं होने पर संचालक सावंत के कमरे में गया तो पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था और उसके मोबाइल की घंटी बज रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला तो सावंत बिस्तर पर मृत मिला।

## जापान की पहली महिला पीएम बनीं साने ताकाइची



**टोक्यो।** जापान पुरुष प्रधान राजनीति में मंगलवार को दुर्लभ बदलाव देखने को तब मिला जब घोर रूढ़िवादी मानी जाने वाली साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना गया। ताकाइची (64) लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला भी हैं, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान राजनीति पर लगभग निर्बाध दबदबा रखा है। वह पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर की प्रशंसक हैं और जापान के लिए पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के रूढ़िवादी दृष्टिकोण की समर्थक हैं। चीन के आंखों में खटकने वाले यसुकुनी मंदिर में ताकाइची पूजा अर्चना करने नियमित तौर पर जाती हैं। चीन, उत्तर और दक्षिण कोरिया और अन्य पीड़ित एशियाई देश मानते हैं कि यह मंदिर दूसरे विश्व युद्ध में जापान की आक्रामता का महिमंडन करता है। लैंगिक समानता के मामले में जापान की स्थिति बहुत ही खराब है। हालांकि, ताकाइची ने अपने पूरे अभियान में शायद ही इस मुद्दे को उठाया होगा। पार्टी का अध्यक्ष पद जीतने के बाद भी उन्होंने इस मुद्दे का जिक्र नहीं किया। ताकाइची पहली बार 1993 में अपने गृहनगर नारा से सांसद चुनी गई थीं। उन्होंने राजनयिक अनुभव नहीं होने के बादवजूद आर्थिक सुरक्षा, गृह, लैंगिक समानता मंत्री सहित पार्टी और सरकार में कई पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

## मशहूर अभिनेता असरानी का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन सपोर्टिंग एक्टर असरानी का आज निधन हो गया है। 84 साल की उम्र में असरानी ने ली अंतिम सांस। बताया गया है कि असरानी पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। पिछले 5 दिनों से वो अस्पताल में थे। बताया गया है कि, वो फेंफड़ों की समस्या के चलते अस्पताल में थे। जिसके बाद उनका निधन हुआ है। बताया गया है कि शाम 4 बजे करीब उनका निधन हुआ है। वह अपनी बेहतरीन कॉमेडी के लिए जाने जाते थे। अपने पांच दशक लंबे करियर में उन्होंने लगभग 350 फिल्मों में अभिनय किया। वह फिल्म 'शोले' में जेलर का किरदार निभाने के लिए जाने जाते थे। कई फिल्मों में उन्होंने अभिनेता के दोस्त का किरदार निभाया। अपने करियर में उन्होंने लगभग 6 फिल्मों का निर्देशन किया था।

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यदेव सिंह
जिला मंत्री
जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ
जनपद बाराबंकी

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिकेश यादव
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
बीबीपुर तालुके हसना
वि0ख0 अमावां रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
तेज बहादुर
ग्राम प्रधान
जेतुआ टप्पे बिझवन वि0ख0
अमावां जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
अम्बरीष सिंह पुष्कर
पूर्व विधायक
मोहनलागंज लखनऊ।

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
सनी रावत
राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी
बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी
पार्षद नगर निगम लखनऊ समाजवादी पार्टी

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष रावत

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. शैलेन्द्र प्रताप रावत
न्यू अवध मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सरोसा भरोसा मोड मोहान रोड

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज रावत
एडवोकेट
न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
राजन यादव
मंडल उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति।

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन साहू
पूर्व सभासद
सब्जी मंडी वार्ड सहयोगी प्रतिष्ठान
लक्ष्मी लेडीज जनरल स्टोर हैदरगढ़

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित द्विवेदी
प्रो.- यथार्थ क्रशिंग एण्ड क्रशर
मड़िहान, मिर्जापुर

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
राम सिंह
जिला महा सचिव
राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन लखनऊ

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
जुगेश शुक्ला
सचिव
विकास खण्ड अमावां
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
किशोर यादव
ग्राम प्रधान
पहरेमऊ वि0ख0 अमावां
जनपद रायबरेली

समस्त जनपदवासियों को
दीपावली, भैयादूज एवं डाला छठ
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
रवि प्रकाश त्रिपाठी
जिला उपाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी, जनपद- मिर्जापुर

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज गुप्ता
प्रधान प्रतिनिधि
बावन बुजुर्ग बल्ला
वि0ख0 अमावां जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
सहदेव
ग्राम प्रधान
सारीपुर वि0ख0 अमावां
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
आशुतोष गुप्ता
सचिव
वि0ख0 राही जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
सुजीत चौधरी
नेशनल बेस्ट फिश फार्मर
एक्वाक्स प्राइवेट लिमिटेड
खुदायगंज रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
कलीम खान
मनीश आटोमोबाइल्स
बछरावां रोड महराजगंज
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार
भावी प्रधान प्रत्याशी
बावन बुजुर्ग बल्ला
वि0ख0 अमावां जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र यादव
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
थुलवासां वि0ख0 अमावां
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 महेन्द्र सिंह
अदिति इंडियन गैस सर्विस
हनुमानगढ़ी महराजगंज
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
किशुन यादव
ग्राम प्रधान
पहाड़पुर वि0ख0 अमावां
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव किशोर
ग्राम प्रधान
बघई अहलवार वि0ख0 अमावां
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक उर्फ रोहित चौधरी
ग्राम प्रधान गौहन्ना
विकास खण्ड अमावां
जनपद रायबरेली

दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
अमर नाथ द्विवेदी
कोटेदार, ग्राम प्रधान बैखरा
विकास खण्ड अमावां
जनपद रायबरेली

समस्त जनपदवासियों को दीपावली, भैयादूज एवं डाला छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अजीत सिंह
नोट- हमारे यहाँ उच्च क्वालिटी के गिट्टी, बोल्डर, पटिया, चौका थोक रेट पर उपलब्ध है
अहरौरा, मिर्जापुर

समाजवादी पार्टी
क्षेत्र व प्रदेश के सभी सम्मानित नागरिकों एवं पार्टी के जनप्रतिनिधियों को
प्रकाश पर्व दीपावली व भईया दूज की कोटिशः बधाईयां
राकेश कुमार वर्मा
पूर्व कारागार मंत्री उ0प्र0
सुभाष चन्द्र वर्मा
प्रो0 जय बाबा बर्फानी ट्रेडिंग कंपनी
लछबर बजहा चौराहा लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग बाराबंकी
निवास स्थान ग्राम व पोस्ट दौलतपुर बाराबंकी, मो0नं0 7233875664

समस्त जनपदवासियों को दीपावली, भैयादूज एवं डाला छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विवेक सिंह (सूरज)
रितेश मिश्रा
विमल कुमार पाण्डेय
कान्ट्रेक्टर लोक निर्माण विभाग, मिर्जापुर

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन ज्योति
आँख का अस्पताल
डॉ. परमजीत सिंह
(Cataract and Glaucoma Specialist)
पता- डी3/434, सेक्टर एच, एल.डी.ए. कालोनी,
आशियाना पावर हाउस चौराहे के पास, लखनऊ
सम्पर्क करें- 0522-3592027, 9839504028